दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 141 | जयपुर | गुरूवार, 27 मार्च, 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष त्रयोदर्शी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

| 37.0° | 24.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

**बाजार** शेयर बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,288.50 (-728.69 (0.93%)) |
| निफ्टी | 23,486.85 (-181.80 (0.77%)) |

**सर्राफा** सोना/चांदी

| | |
|---|---|
| सोना | 90,180 /10g |
| चांदी | 1,02,000 /Kg |

## संक्षिप्त समाचार

### महादेव सट्टा
### भूपेश बघेल के घर सीबीआई रेड, समर्थकों का हंगामा

बढ़ता राजस्थान

**भिलाई ( एजेंसी )।** महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई की टीम ने छत्तीसगढ़ सहित 4 राज्यों दिल्ली, भोपाल और कोलकाता के 60 जगहों पर छापा मारा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके दो ह्स्ष्ठ रहे आशीष वर्मा और मनीष बंछोर, उनकी सेक्रेटरी रही सौम्या चौरसिया, विधायक देवेंद्र यादव, रिटायर्ड ड्ढ्ढ्र अनिल टुटेजा और 4 आईपीएस अधिकारी आनंद छाबड़ा, अभिषेक पल्लव, आरिफ शेख, प्रशांत अग्रवाल के घर जांच जारी है। वहीं एएसपी संजय ध्रुव और दो सिपाही नकुल-सहदेव के घर भी टीम ने दबिश दी है। रायपुर, दुर्ग और भिलाई में 10 से अधिक टीमें कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा केपीएस ग्रुप के संचालक प्रशांत त्रिपाठी के यहां भी सीबीआई ने छापेमारी की। इसके साथ ही भोपाल में बैक एण्ड शेक के मालिक गिरीश तलरेजा के ठिकानों पर भी सीबीआई ने सर्चिंग की है। उनके आईएसबीटी स्थित होटल पर भी सर्च कार्रवाई की गई है। सीबीआई की कार्रवाई को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कल प्रदेशभर में बीजेपी सरकार का पुतला दहन करेगी।

**भूपेश के घर के बाहर पुलिस से भिड़े समर्थक**-पूर्व सीएम के भिलाई-3 पदुम नगर स्थित घर, विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर 5 स्थित घर, आईपीएस अभिषेक पल्लव के सेक्टर 9 स्थित निवास और उनके समय में महादेव सट्टा चलाने वाले सिपाही नकुल और सहदेव के नेहरू नगर स्थित घर पर दस्तावेजों की जांच जारी है।

## राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला

# अन्नदाता किसान विकसित तो देश-प्रदेश विकसित और खुशहाल : मुख्यमंत्री शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान देश एवं प्रदेश की आत्मा है। अगर किसान विकसित होगा तो देश-प्रदेश विकसित एवं खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का सपना सिर्फ 'कृषि विकास' ही नहीं 'कृषि गौरव' है। हम चाहते हैं कि राजस्थान का किसान देश में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में आदर्श बने। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़ें जिससे वे लाभ की खेती कर खुद को सशक्त बना सकें।

श्री शर्मा बुधवार को बीकानेर में राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत आयोजित किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को राजस्थान दिवस तथा भारतीय नववर्ष 2082 की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है तथा प्रदेशवासी धूमधाम से राजस्थान दिवस मनाएं।

### अन्नदाता किसान को मिली अनेक सौगातें

बुधवार को बीकानेर में हुए किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम में 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान हस्तान्तरण किया गया। साथ ही, इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि में वृद्धि एवं मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके अलावा मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा भी बढ़ाया गया है।

कार्यक्रम में पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के अन्तर्गत निःशुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे औषधियों व टीकों की संख्या बढाकर 200 किए जाने तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए गए। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैल से खेती करवाये जाने पर 30 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि के दिशा-निर्देश जारी किए गए। पीएमएफएमई योजना के तीन एफपीओ को अनुदान के तथा एक एफपीओ को शेयर मनी के चैक वितरण किए गए।





### ● किसान उत्पादक संगठन कृषक हित में बड़ी पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि लघु एवं सीमांत कृषकों को लाभ की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए एफपीओ एक बड़ी पहल है। एफपीओ के माध्यम से किसान सामूहिक होकर काम करते हैं जिससे उन्हें कृषि अनुदान, सस्ते बीज तथा फसल का उचित मूल्य मिलता है। राज्य सरकार किसानों के हितों का ध्यान रखने के लिए एफपीओ जैसी पहलों को प्रोत्साहित कर रही है।

### प्रधानमंत्री किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कर रहे निरंतर प्रयास

श्री शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन की सरकार किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। केन्द्र सरकार द्वारा 10 हजार एफपीओ का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य में 72 लाख से अधिक किसानों को 1 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित, लगभग 47 लाख किसानों को 29 हजार करोड़ रुपये का अल्पकालीन ब्याजमुक्त फसली ऋण तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बीमा क्लेम वितरित किए गए हैं।

### तपती धूप, कड़ाके की सर्दी, बारिश की बौछार में भी किसान खड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम किसानों के सम्मान को समर्पित है। किसान सिर्फ खेती नहीं करते, वे जीवन की नींव रखते हैं। किसानों की मेहनत से ही भारत ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है तथा विश्व में हम एक अग्रणी कृषि शक्ति के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि किसान सूरज की तपती धूप, कड़ाके की सर्दी तथा बारिश की बौछार में भी खेतों में खड़े रहकर सिंचाई और रखवाली करते हैं। किसानों का यह त्याग और समर्पण अप्रतिम है।

# राजस्थान हाई कोर्ट को मिले चार नए जज, नोटिफिकेशन जारी

**7 की भेजी गई थी सिफारिश, जयपुर से आनंद शर्मा तो, जोधपुर से सुनील बेनीवाल, मुकेश राजपुरोहित व संदीप शाह के नाम पर मुहर**

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को नए साल में दूसरी बार नए जज मिले हैं, इनमें जोधपुर से तीन और जयपुर से एक अधिवक्ता के नाम का नोटिफिकेशन बुधवार को जारी हुआ। केंद्र सरकार के जाइंट सेक्रेटरी जगन्नाथ श्रीनिवासन के हस्ताक्षर से जारी गजट नोटिफिकेशन में जयपुर से आनंद शर्मा और जोधपुर से सुनील बेनीवाल, मुकेश राजपुरोहित तथा संदीप शाह के नाम शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि 7 मार्च को ही सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने 7 नाम की सिफारिश की थी। इससे पहले इसी वर्ष





तीन न्यायिक अधिकारियों के नामों की सिफारिश की गई थी। उनमें हाई कोर्ट न्यायाधीश बनने वालों में जोधपुर मैट्रो डीजे चंद्रशेखर शर्मा, रजिस्ट्रार जनरल प्रमिल कुमार माथुर और जयपुर मैट्रो सेकेंड डीजे चंद्रप्रकाश श्रीमाली हैं।

# राहुल बोले- मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता

## कहा हम जो कहना चाहते हैं, कहने नहीं देते, सदन अलोकतांत्रिक तरीके से चला रहे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बजट सत्र के दूसरे फेज का बुधवार को 11वां दिन था। इस दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता है। संसद अलोकतांत्रिक तरीके से चलाई जा रही है। उन्होंने कहा- विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं मिलता है। संसद केवल सरकार के लिए चल रही है। इस बीच विपक्ष के 70 सांसद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिले। सांसदों ने स्पीकर से अपनी नाराजगी जताई।

### राहुल ने संसद परिसर में क्या कहा...

राहुल गांधी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। मैं खड़ा हुआ और कहा कि मुझे बोलने दीजिए। स्पीकर एक शब्द नहीं बोले, घूमकर



चले गए। हाउस एडजर्न (सदन स्थगित) कर दिया गया। मैंने कुछ नहीं किया। मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। अभी भी मैंने एक शब्द नहीं बोला। पिछले 7-8 दिन में मैंने कुछ नहीं बोला है। ये नया तरीका है। डेमोक्रेसी में सरकार और अपोजिशन (विपक्ष) की जगह होती है। यहां अपोजिशन की जगह है ही नहीं। यहां सिर्फ सरकार की जगह है।

उस दिन प्रधानमंत्री जी ने कुंभ मेले के बारे में बोला। मैं कहना चाहता था कि कुंभ बहुत अच्छा हुआ। बेरोजगारी के बारे में बोलना चाहता था, लेकिन बोलने नहीं दिया। पता नहीं इनकी क्या थिंकिंग (सोच), क्या अप्रोच है? सच्चाई यही है कि हमें बोलने नहीं दिया जा रहा। हमारी मुख्य विपक्षी पार्टी है। मैं विपक्ष का नेता हूं। सदन बिल्कुल नॉन-डेमोक्रेटिक स्टाइल (अलोकतांत्रिक तरीके) से चलाया जा रहा है।

### ऑनलाइन विज्ञापनों पर 6% डिजिटल टैक्स खत्म किया गया

इधर, आज राज्यसभा में फाइनेंस बिल-2025 पेश हो सकता है। लोकसभा में मंगलवार को फाइनेंस बिल-2025 पैंतीस बदलावों के साथ पास हो गया था।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- सरकारें भ्रामक विज्ञापन रोकने का सिस्टम बनाएं

## जहां लोग शिकायत कर सकें, दो महीने में उनका समाधान हो

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (26 मार्च) को झूठे और भ्रामक विज्ञापनों पर सख्ती बरतने के लिए सभी राज्यों को निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि सभी सरकारें भ्रामक विज्ञापन के खिलाफ शिकायत की सुनवाई के लिए 2 महीने के भीतर एक सिस्टम बनाएं।

दरअसल, 2022 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। इसमें पतंजलि और योगगुरु रामदेव पर कोविड वैक्सीनेशन और मॉडर्न मेडिकल साइंस के खिलाफ दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया गया था। इसके बाद से ही कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों पर सख्त रुख अपनाया है।बुधवार को भ्रामक विज्ञापन की सुनवाई कर रहे जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की बेंच ने यह आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि भ्रामक विज्ञापनों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस को भी 'ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट, 1954' के तहत सख्त कार्रवाई के लिए जागरूक किया जाए।



### पतंजलि का भ्रामक विज्ञापन मामला क्या था?

कोविड के दौरान 2020 में पतंजलि ने कोरोनिल लॉन्च किया। दावा किया कि इससे 7 दिन में कोरोना खत्म हो जाएगा। 2021 में आयुष मंत्रालय ने कहा कि कोरोनिल कोरोना का इलाज नहीं है। 2022 में पतंजलि ने अखबरों में आधे पन्ने का विज्ञापन छपवाया। इसमें कहा कि- फार्मा और मेडिकल उद्योग जो भ्रांतियां फैलाते हैं, उससे खुद को और देश को बचाएं। इस पर ड्ढ्ढ्र ने अगस्त 2022 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2023 में पतंजलि को भ्रामक विज्ञापन बंद करने का निर्देश दिया था। भ्रामक विज्ञापन बंद न करने पर सुप्रीम कोर्ट ने 2024 में पतंजलि को दोबारा फटकार लगाई। इसके बाद 16 अप्रैल 2024 को पतंजलि ने लिखित माफी मांगी।

### इस आदेश के बाद क्या बदलाव होगा?

दो महीने में सभी राज्यों को शिकायत निवारण सिस्टम बनाना होगा। हर तीन महीने में इस सिस्टम की जानकारी जनता को देनी होगी। पुलिस को 1954 के कानून के तहत कार्रवाई के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। अगर राज्य सरकारें 26 मई 2025 तक इस आदेश का पालन नहीं करती हैं, तो सुप्रीम कोर्ट आगे और सख्त कदम उठा सकता है। कोर्ट के इस फैसले से उन कंपनियों और ब्रांड्स पर नकेल कसने की उम्मीद है, जो झूठे दावों के साथ प्रोडक्ट बेचते हैं।

जोशी पब्लिक सेकेंडरी स्कूल
काली पहाड़ी (राजगढ़)अलवर
कक्षा UKG से 10th तक
माध्यम हिन्दी
कुल सीट-60 आरक्षित सीट-15
आरटीई के तहत 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश प्रारंभ
सम्पर्क करें - प्रधानाध्यापक सतीश जोशी
मोबाइल -7597092271

गुरु वंदना माध्यमिक विद्यालय
पलवा(राजगढ़)अलवर
कक्षा UKG से 10th तक
माध्यम -हिन्दी
कुल सीट-40, आरक्षित सीट-10
आरटीई के तहत कक्षा प्रथम में 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश
सम्पर्क करें- राकेश वर्मा, प्रधानाध्यापक
मोबाइल नंबर -9982912680

Tariq : 9509674415
Mahi Car Decor
• Seat Covers • Floor Mats
• Android Players • Speakers
• Center Locking • Power Windows
• Perfumes • Ambience Light
Manufacturer of Car Seat Covers





Chacha Complex, Jalupura Link Road, M.I.Road, Jaipur

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# साहवा में जोरो पर नशे का कारोबार

- होटल ढाबों और गली मोहल्लों में खुलेआम बिक रही अवैध शराब
- स्मैक (चिट्टा) एवं नशीली दवाओ का कारोबार फल-फूल रहा
- आक्रोशित ग्रामीणों ने रोक लगाने को लेकर साहवा पुलिस को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में होटल-ढाबों और गली मोहल्लों में जगह -जगह चल रही अवैध शराब ब्रांचो से नशे का कारोबार जोरो पर चल रहा है जबकि जिम्मेदार मूक दर्शक बने बैठे है। जिम्मेदारों की कथित अनदेखी के चलते अवैध शराब कारोबार पर प्रभावी अंकुश नहीं लग रहा। कस्बे में नशे के बढ़ते इस अवैध कारोबार से दिनोदिन बढ रही चोरी एवं नशाखोरी पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने साहवा थानाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव की गली मोहल्लों से लेकर सड़क किनारे होटलों- ढाबों आदि जगहों पर सरेआम बेची जा रही अवैध शराब और स्मैक (चिट्टा) एवं कुछ मेडिकल स्टोरों पर अवैध रूप से बेची जा रही नशीली दवाओं आदि की बिक्री पर शीघ्र प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर इसकी बिक्री पर रोक लगाने की मांग उठाई। मंगलवार को साहवा थानाधिकारी के नाम मुख्य आरक्षी राजेन्द्र सिंह को दिए प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपियां जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी व औषधी नियंत्रक अधिकारी व उपखण्ड अधिकारी तारानगर को भेज कर मांग दोहराई है कि साहवा कस्बे में गल्ली- मौहल्लों, मुख्य बाजार, बस स्टेंड एवं सड़क के आस - पास के होटल, ढाबों आदि स्थानों पर अवैध शराब धड़ले से बेची जा रही है। वहीं स्मैक (चिट्टा) एवं कुछ मेडिकल स्टोरों पर अवैध रूप से नशीली दवाएं सरेआम बेची जा रही है जिससे आमजन परेशान है तथा युवा वर्ग इन नशों का शिकार होकर इनकी पूर्ति के लिए चोरी करने जैसा अपराध करने को विवश होता जा रहा है। इन नशाखोरी के चलते साहवा कस्बे में गत दिनों में घरों तथा दुकानों से चोरी होने के कई मामले सामने आए है। जिसमें कुछ चोरियों का आज तक सुराग नहीं लग पाया है। दर्जनों लोगों की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र में उन्होंने लिखा है कि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। इस मौके पर सुनील सैनी, एडवोकेट हजारीराम सैनी, दिनेश सैनी, रिंकू सैनी, एडवोकेट मुकेश सैनी, प्रिंस सैनी, अंकित, अनिल, रोहितश मेघवाल, प्रांजल, सोमय, राकेश मीणा, अनिल सैनी आदि युवा उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि साहवा कस्बे सहित आस-पास के ग्रामीण अंचल में काफी लंबे समय से अवैध शराब बिक्री के साथ ही स्मैक (चिट्टा) एवं नशीली दवाओ का कारोबार भी खूब फल- फूल रहा है जिसके प्रभाव से नशाखोरी भी अपने पूरे यौवन पर है। अगर समय रहते पुलिस प्रशासन की ओर से प्रभारी कार्रवाई कर अंकुश नहीं लगाया गया तो इसका फलता - फूलता कारोबार तथा उसमें जकड़ा युवा पुलिस प्रशासन के लिए भी नासूर बन जाएगा।

# राजपूत समाज ने किया गणगौर और लड्डू गोपाल को पामणा

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** राजपूत महासभा संस्थान के नव निर्मित राजपूत भवन में पहली बार महिला प्रकोष्ठ द्वारा गणगौर और लड्डू गोपाल को पामणा किया गया। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रेखा चुण्डावत ने किया। इस कार्यक्रम में सर्व समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी परंपराओं को जीवंत किया। राजपूत भवन में पहली बार आयोजित इस आयोजन ने सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। गणगौर महोत्सव राजस्थान की महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है, और इस अवसर पर परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ गणगौर माता एवं लड्डू गोपाल का पूजन किया गया। महिलाओं ने शुभ मंगल गीतों के साथ गणगौर माता की विदाई यात्रा निकाली और पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य एवं भजन संध्या का आयोजन भी किया। यह पहला मौका था जब राजपूत महासभा संस्थान के महिला प्रकोष्ठ द्वारा राजपूत भवन में इस तरह का आयोजन हुआ। इस दौरान कई गणमान्य महिलाओं ने अपने विचार साझा किए और समाज में महिलाओं की संस्कृति संरक्षण में भूमिका को अहम बताया। रेखा चुण्डावत ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन हमारी परंपराओं को संरक्षित करने और नई पीढ़ी को उनसे जोड़ने का प्रयास है। हमें गर्व है कि हमने सर्व समाज की भागीदारी के साथ इसे संपन्न किया। इस आयोजन में विभिन्न समाजों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे सफल बनाने में मनीषा राठौड़ महासचिव, रेखा राजावत सचिव,दीपिका गहलोत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रेम कुंवर सास्कृतिक मत्री, दीपिका गहलोत उपाध्यक्ष, किरण खींची प्रचार प्रसार, नैना सोलंकी प्रचार प्रसार मत्री ने सहयोग किया। कार्यक्रम का समापन प्रसादी वितरण के साथ हुआ, जहां उपस्थित महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण कर एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

# कोविड आपदा में मोदी सरकार ने सराहनीय कार्य किया : चुन्नीलाल गरासिया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने राज्य सभा में आपदा प्रबधन ;संशोधन विधेयक 2024 के पमा में बोलते हुये कहा की देश में कोविड़ आपदा में मोदी सरकार ने सराहनीय कार्य किया। सासंद प्रवक्ता पारस जैन ने बताया कि सासंद गरासिया ने कहा कि आज इस सदन में आपदा प्रबधन ;संशोधनद्ध विधयेक 2024 के पमा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व ओर गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में आपदा प्रबंधन के मौत्र में एक क्रान्तिकारी बदलाव देखा है। 2016 में राष्ट्रीय ''आपदा प्रबंधन योजना'' का शुभारंभ ''आपदा मित्र योजना''और राष्ट्रीय भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली जैसे कार्यक्रमों ने भारत को आपदा प्रबंधन मे नई ऊँचाईयो पर पहुँचाया है। इन प्रयासो का उद्देश्य हर नागरिक को सुरमित और आपदाओं से मुक्त जीवन देना है। मोदी सरकार ने राजस्थान नदी योजना के तहत राजस्थान,मध्यप्रदेश में पार्वति काली सिंध परियोजना का शुभारंभ किया,जिसमें काफी सिचाई क्षेत्रों में फायदा मिलने वाला है। यह संशोधन बिल रामट्रीय और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को स्वतंत्र रूप से आपदा योजनाएं तैयार करने का अधिकार देता है। हाल के वायनाड़,केरल में भूस्खलन और देशभर मे आई बाढ़ की घटनाओं ने हमें दिखाया की प्रभावी आपदा प्रबधन कितना जरूरी है। यह विधेयक आपदाओं का प्रभाव कम करने और लोगो की सुरमाा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य की राजधानियों और बड़े शहरो में शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन एक ऐतिहासिक कदम है । स्मार्ट सिटी पहल के साथ आपदा प्रबंधन को जोड़ना यह दर्शाता है कि यह सरकार केवल प्रौद्योगिकी में प्रगति ही नही बल्कि नागरिकों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देती है।

# पीयूष ज्याणी का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 में प्रवेश के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के मंगलवार को जारी हुए परीक्षा परिणाम में पीयूष ज्याणी का चयन हुआ है। पीयूष के दादा वैद्य दुलीचंद ज्याणी ने जानकारी देते हुए बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए 18 जनवरी को हुई प्रवेश परीक्षा का मंगलवार को परीक्षा परिणाम जारी हुआ जिसमें पीयूष का नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 के लिए चयन हुआ है। पीयूष की इस सफलता पर डा0 रणधीर सिंह ढाका, गुरुदत्त सिंह ढाका, रामस्वरूप कस्वा, साहवा सरपंच कर्मचंद नैण सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पीयूष और उनके परिजनों को दूरभाष पर शुभकामनाएं और बधाई दी। उल्लेखनीय है कि गांव भलाऊ टीबा तथा हाल साहवा निवासी जयवीर ज्याणी का पुत्र पीयूष ज्याणी कस्बे के सुभाष चंद्र बोस अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा 5 में अध्यनरत है। पीयूष ने अपनी इस सफलता का श्रेय संस्था निदेशक डॉ रणधीर सिंह ढाका, विद्यालय स्टाफ , दादा वैद्य दुलीचंद ज्याणी व अपने माता पिता को दिया है।

# रेडिसन ब्लू और आरटीसी ने जीते अपने मैच

## मेवाड़ टूरिज्म कप 2025 में देखते ही बन रहा है उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मेवाड़ टूरिज़्म कप के तहत पहले दिन रात्रिकालीन मैच में रेडिसन ब्लू होटल ने आईटीसी होटल को 9 विकेट से हराया। दूसरे मैच में आरटीसी ने उदयपुर इवेंट अलायंस को 16 रन से हराया। पहले मैच में टॉस जीतकर रेडिसन ब्लू होटल ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। आईटीसी की टीम करण के 32 रन और सुब्रत के 26 रनों की बदौलत निर्धारित ओवर से पहले 137 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। रेडिसन ब्लू की ओर से मोहम्मद अरशद ने तीन एवं सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने दो विकेट लिए। जवाब में रेडिसन ब्लू होटल के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए तरुण मेनारिया के नाबाद 84 रन और सुमेश के 46 रनों की बदौलत यह मुकाबला 9 विकेट से जीत लिया। शानदार बल्लेबाजी करने के लिए रेडिसन ब्लू होटल के तरुण मेनरिया को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# विद्या संगम 2025- आदर्श विद्या मंदिर, ब्यावर में भव्य वार्षिकोत्सव संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर में विद्या संगम - वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2025 का भव्य आयोजन हुआ। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शांतिलाल नाबारिया, अध्यक्ष - वर्धमान शिक्षण समिति, कार्यक्रम अध्यक्ष अरविंद खीचा, जपक, श्री सीमेंट लिमिटेड, ब्यावर और विशेष अतिथि अजय कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी, ब्यावर द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार टेलर, जिला मंत्री - विद्या भारती संस्थान, अजमेर, संजय शर्मा, जिला सचिव - विद्या भारती संस्थान, अजमेर, रमेश चंद्र भराड़िया, हेमेंद्र दगदी, गोविंद राम सेन और श्रीमती आभा माहेश्वरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**विद्यालय की उपलब्धियां सराही गईं :** विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने अतिथियों का आदर-सत्कार करते हुए विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 59 भैया-बहनों ने राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया और बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

**श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए सम्मान :** कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं और शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए भैया-बहनों और आचार्य-दीदियों को सम्मानित किया गया। उत्कर्ष सेवा सम्मान से श्री राधाकिशन मिश्रा (वैदिक गणित प्रमुख), श्री शैतान सिंह, श्री विशाल सिंह, दिव्या शर्मा और वाहन चालक श्री लक्ष्मण सिंह को नवाजा गया। सेवा निधि संग्रह में श्रीमती मंजू भदौरिया, ममता सोनी और संजय सांगला का योगदान सराहा गया। वहीं, स्त्रस्त्रद्ध में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र तरुण सिंह को विशेष सम्मान मिला।

### जनजाति छात्रों के विकास के लिए निधि समर्पित

विद्यालय समिति अध्यक्ष श्री रमेश भराड़िया, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश राखोच, सचिव हेमेंद्र दगदी और प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने सेवानिधि संग्रह से प्राप्त 5 लाख 11 हजार रुपए जनजाति छात्रों के विकास हेतु प्रदान किए।

# ब्यावर में दो प्रमुख सड़कों के सिक्स लेन चौड़ीकरण पर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

## शिफ्टिंग के दौरान विभिन्न पाईप लाईनों व विद्युत पोलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2025-26 के तहत ब्यावर में दो प्रमुख सड़कों के सिक्स लेन चौड़ाईकरण को लेकर आज ब्यावर के माननीय विधायक शंकर सिंह रावत के नेतृत्व में जिला प्रशासन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. महेंद्र खडगावत ने जानकारी दी कि इस सड़क चौड़ाईकरण कार्य से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी और बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। इस परियोजना के तहत सतपुलिया-ज्योतिबा फुले सर्किल से देलवाड़ा तक 4 करोड़ रुपये तथा अजगर बाबा का थान से सेन्दड़ा रोड तक 6 करोड़ रुपये की लागत से सिक्स लेन सड़क चौड़ाईकरण का कार्य किया जाना है। आयुक्त नगर परिषद एवं उपखंड अधिकारी ब्यावर दिव्यांश सिंह के नेतृत्व में संबंधित विभागों के अधिकारियों की समिति ने पहले ही स्थल निरीक्षण कर लिया है। बैठक में नगर परिषद को नक्शे एवं पट्टों की सूचना, एवीवीएनएल और पीएचईडी को यूटिलिटी शिफ्टिंग, पीडब्ल्यूडी को सड़क निर्माण तथा आईजीएल को गैस पाइपलाइन की सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

**बैठक में उपस्थित अधिकारी :** अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद ब्यावर दिव्यांश सिंह, अधीक्षण अभियंता, पीडब्ल्यूडी, ब्यावर अशोक कुमार तंवर, अधीक्षण अभियंता, एवीवीएनएल, ब्यावर एम.के. सिंघल, अधीक्षण अभियंता, पीएचईडी, ब्यावर सम्पत जीनगर, तहसीलदार ब्यावर हनुत सिंह रावत, सहित अन्य संबंधित अधिकारी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

# तीन दिवसीय स्वच्छता महा अभियान आज से, हर गाँव-नगर में होगी सफाई

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में आज गुरुवार से जिलेभर में तीन दिवसीय स्वच्छता महा अभियान की शुरुआत होगी। इस दौरान जिले के सभी नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलेगा।

कलक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी सुनियोजित ढंग से पहले प्लानिंग कर लें और उसके बाद आवश्यक संसाधन जुटा कर ही मैदान में उतरें। यह अभियान महज औपचारिकता न रह कर धरातल पर बदलाव लेकर आए। अभियान के दौरान एक भी गाँव,ढाणी, गली, मोहल्ला, सार्वजनिक स्थल न छूटे। हर राजकीय कार्यालय, विद्यालय, अस्पताल, बस स्टैंड, यात्री प्रतीक्षालय, गांवों और नगरों के एंट्री प्वाइंट, धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल की अच्छे से सफाई की जाए। ऐसे सार्वजनिक शौचालय जो बदहाल हैं उनकी मरम्मत, रंग रोगन भी की जाए। कलक्टर ने निर्देश दिए हैं कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को भारतीय नववर्ष से हम एक बेहतर माहौल में प्रवेश करें।

कलक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी एसडीएम अपने उपखंड में लीडर की भूमिका निभाएं, सभी नगर निकाय और ग्राम पंचायतें लोगों को एकजुट करें ताकि अभियान में जनभागीदारी हो। अभियान में विभिन्न संस्थाओं, एनजीओ, सामाजिक संगठनों, पत्रकारों, व्यापारी संघों, मनरेगा श्रमिकों आदि को साथ लेकर सफल बनाएं। असावा ने निर्देश देते हुए कहा है कि समस्त नगरीय निकाय अपने क्षेत्र के बाजारों में थड़ी व्यवसाइयों को डस्ट दिन वितरित करें और जहां कहीं लापरवाही नजर आए वहाँ जुर्माना भी करें। राजकीय कार्यालयों में पुरानी रद्दी, अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण करें और कार्यालय परिसरों के आस-पास परिक्षेत्र में भी प्रभावी ढंग से सफाई कार्य सम्पन्न किए जाएं। कलक्टर ने निर्देश दिए हैं कि अभियान में तन्मयता से जुटें और यह महज निर्देश, आदेश या औपचारिकता निभाने के लिए न हो। इसमें मन से जुटें और लोगों को भी जोड़ें। समाज का हर वर्ग अभियान में जुटना चाहिए। जिले में ऐसा कोई सार्वजनिक प्रमुख स्थान नहीं होना चाहिए जहां सफाई नहीं हुई हो। अभियान के पश्चात जिले में किसी भी स्थान से सफाई संबंधी शिकायत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान के तहत वर्षों पुराने लिगसी वेस्ट का निस्तारण किया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से स्वच्छता पर जोर दिया जाए। इस अवसर पर प्रोजेक्ट सक्षम सखी के अंतर्गत एसएचजी (महिला स्वयं सहायता समूह) द्वारा तैयार किए गए जूट एवं कपड़े के बैग भी वितरित किए जाएं। सीईओ बृजमोहन बैरवा ने बताया कि शहर में अभियान की शुरुआत 27 मार्च को नौ चौकी पाल से होगी। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने जिलेवासियों से आह्वान किया है कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने गांव, गली, मोहल्ले एवं शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान दें।

# मुकेश माधवानी ने अरविंद सिंह मेवाड़ को दी श्रद्धांजलि पर्यटन क्षेत्र के विकास में दिये योगदान को किया याद



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** राजस्थान लाईन प्रोडूसर एवं फ़िल्म निर्माता मुकेश माधवानी ने मेवाड़ राजघराने के पूर्व सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ को आज शंभूनिवास जा कर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के साथ संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने बताया कि स्व. अरविंद सिंह मेवाड़ को सिनेमा, कला और बच्चो से गहरा लगाव था। उदयपुर के पर्यटन और सिनेमा में उनका योगदान अमिट है। मुकेश माधवानी ने याद किया कि रवीना टंडन की शादी सिटी पैलेस में करवानें और उदयपुर को बॉलीवुड-हॉलीवुड के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग व फिल्म शूटिंग का केंद्र बनाने में उनका अहम योगदान रहा। अशोका सिनेमा अवॉर्ड के दौरान हुई मुलाकात में उन्होंने सिनेमा के प्रति उनकी गहरी समझ देखी।

श्रीजी हुजूर की मेहमाननवाजी अद्भुत थी। मिर्ज़ा फिल्म की शूटिंग के दौरान क्रू मेंबर्स के लंच की समस्या उन्होंने तत्काल हल करवाई। शिकारबाड़ी में शूटिंग के दौरान बाहर से आए घोड़ों की पहले डॉक्टर से जांच करवाई, जिससे स्थानीय जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। स्वतंत्रता दिवस पर एम स्क्वायर प्रोडक्शन की शूटिंग में 2000 बच्चों के साथ उनकी उपस्थिति ने देश भक्ति गीत को खास बना दिया। उन्होंने न केवल पर्यटन को ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि कला और संस्कृति को भी संजोया। उनका निधन मेवाड़ और प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। अरविंद सिंह मेवाड़ हमारी स्मृतियों में सदैव जीवित रहेंगे।

# ब्यावर करणी सेना ने सपा सांसद का पुतला फूँककर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा मेवाड़ के महान योद्धा राणा सांगा के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में ब्यावर करणी सेना ने कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए चांगगेट पर सांसद का पुतला फूँका और जिला मुख्यालय पर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में करणी सेना ने कहा कि राणा सांगा को आज भी उनके त्याग और मातृभूमि के प्रति बलिदान के लिए याद किया जाता है। सांसद का यह बयान न केवल राजस्थान के शौर्य और बलिदान का अपमान है, बल्कि गौरवशाली इतिहास के साथ भी खिलवाड़ है। इस बयान से राजपूत समाज और देश भक्तों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँची है। करणी सेना ने मांग की कि रामजी लाल सुमन को लोकसभा सदस्यता से अयोग्य घोषित किया जाए और उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाए। इस मौके पर विधायक शंकर सिंह रावत, पूर्व पार्षद मंगत सिंह मोनू, एडवोकेट अजय फुलवारी, राहुल सिंह राजगढ़, पूर्व सरपंच उमराव सिंह, सुधीर सिंह तोमर, शिवदास सिंह, महेंद्र सिंह राठौड़, अमित सिंह तोमर, आदित्य सिंह जोधा, प्रदीप सिंह सांचौरा, राहुल सिंह नरूका, गुरु यादव, रिंकू बन्ना, मानव सिंह, दलपत सिंह, टमटू बन्ना, अजीत सिंह, धर्मो सिंह राजगढ़, रोहित सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।



# नारदपुरा गांव में जर्जर बिजली लाइन बनी खतरा, आग लगने से मची अफरा-तफरी

## ग्रामीणों की सूझबूझ से टली बड़ी दुर्घटना, बिजली विभाग की लापरवाही उजागर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** नारदपुरा गांव में वर्षों पुरानी और जर्जर बिजली लाइन के कारण एक बार फिर बड़ा हादसा होते-होते बच गया। गांव में बिजली के खंभों की खराब हालत और तारों की जर्जर स्थिति के कारण आग लग गई। गनीमत रही कि ग्रामीणों ने समय रहते इसे काबू में कर लिया, अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था।

### भंवरलाल रोलानिया ने दिखाई सतर्कता

गांव के भंवरलाल रोलानिया ने सबसे पहले आग की जानकारी अपने पुत्र हरिओम चौधरी को दी, जिन्होंने तुरंत पावर हाउस, दूदू को सूचित किया। भंवरलाल ने रास्ते में आने-जाने वाले लोगों और पशुओं को भी सुरक्षित स्थान पर भेजने का कार्य किया।

### ग्रामीणों की सूझबूझ से टली बड़ी दुर्घटना

गांव के लालाराम गरवा पुत्र सुजाराम गरवा ने भी सूझबूझ का परिचय देते हुए जलने योग्य लकड़ियों और घास को हटाकर आग को फैलने से रोका। ग्रामीणों की तत्परता के कारण आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन यह घटना बिजली विभाग की लापरवाही को उजागर करती है।

### ग्रामीणों की शिकायतों को किया गया नजरअंदाज

ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग को इस पुरानी और जर्जर लाइन की मरम्मत करवाने के लिए मौखिक रूप से शिकायत दी थी। यह लाइन तालाब के अंदर से गुजरती है, जिससे खंभे हमेशा गीले रहते हैं और गिरने की कगार पर हैं। लेकिन बिजली विभाग ने अब तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसका नतीजा अब सामने आ रहा है।

### बिजली विभाग की लापरवाही बन सकती है जानलेवा

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस लाइन को नहीं बदला गया, तो भविष्य में इससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस घटना ने एक बार फिर बिजली विभाग की उदासीनता और लापरवाही को उजागर कर दिया है।



### ग्रामीणों की मांग - जल्द हो समाधान

गांव के लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि इस खराब और जर्जर लाइन को जल्द बदला जाए ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो। यदि बिजली विभाग जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो ग्रामीण बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दे सकते हैं।

### प्रशासन कब देगा ध्यान?

अब देखना यह होगा कि क्या बिजली विभाग इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम उठाएगा, या फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार करेगा?

# राजकीय अवकाश के दिन में संचालित होंगे उप पंजीयक कार्यालय

## आगामी शनिवार, रविवार और 31 मार्च को अवकाश के दिन भी होगी रजिस्ट्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति के अंतिम सप्ताह में लगातार तीन दिन राजकीय अवकाश होने के बावजूद पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के सभी कार्यालय कार्य दिवसों की भांति यथावत खुले रहेगें। शनिवार, रविवार एवं 31 मार्च को राजकीय अवकाश के दिन भी प्रदेश में सभी उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे। कलक्टर (मुद्रांक) एवं उप महानिरीक्षक पंजीयन जयपुर डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष के राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति के लिए पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग लगातार प्रयास कर रहा है इसी कवायद के तहत शनिवार, रविवार एवं 31 मार्च के राजकीय अवकाश को भी सभी उप पंजीयक कार्यालयों को खुला रखा जावेंगा जहां कार्य दिवसों की भांति सभी प्रकार के दस्तावेजों को पंजीबद्ध करवाया जा सकेंगा। उल्लेखनीय है कि पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा विशेष अभियान के तहत 20 से अधिक दस्तावेज पंजीकृत कराने पर मौके पर ही निजी बिल्डर, कॉलोनाइजर या डेवलपर द्वारा एक ही दिन में उसके यहां सुविधा के लिए ऑनसाइट कैम्प आयोजित किये जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसका लाभ उठाना चाहिए। इस संबंध में पिछले सप्ताह जयपुर जिले के बिल्डर्स, कॉलोनाइजर्स एवं डवलपर के साथ-साथ स्टाम्प वेन्डर्स की भी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई थी जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बजट घोषणा की क्रियान्विति के लिए एक नई पहल की गई है जिसके तहत प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक उप पंजीयक कार्यालय प्रातः 8 बजे से सांय. 8 बजे तक खोला जायेगा। इसकी शुरुआत शुक्रवार 28 मार्च से की जा रही है। इसके तहत जयपुर कलेक्ट्रेट स्थित उप पंजीयक कार्यालय जयपुर द्वितीय शुक्रवार 28 मार्च को प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक खुला रहेगा फलस्वरूप आम जनता को रजिस्ट्री इत्यादि करवाने के लिए छुट्टी लेने की आवश्यकता नहीं होगी।

# कारोली में थ्री फेश बोरिंग का शुभारंभ, टंकी से हर घर पहुंचेगा पानी

बढ़ता राजस्थान



**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** ग्राम पंचायत कारोली में थ्री फेश बोरिंग का शुभारंभ किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिंह कारोली ने बताया कि ग्राम में आ रही पेयजल समस्याओं व आगामी भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए क्षेत्रिय विधायक कुलदीप धनकड़ के निर्देश पर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा भैरू बाबा मंदिर स्थित मीणाओं की कॉलोनी में थ्री फेश बोरिंग का निर्माण करवाया गया है। सिंह ने बताया कि ग्रामीणों में बजरंग दासजी महाराज व भैरू बाबा के प्रति अटूट श्रद्धा है और उनकी कृपा के बदौलत बोरिंग में 665 फीट की गहराई में प्रर्याप्त मात्रा में पानी हुआ है। उन्होंने विधायक धनकड़ का आभार व्यक्त किया। सरपंच श्रवण सिंह ने बताया कि बोरिंग करवाने के बाद ग्राम में टंकी से हर घर में पाईप लाईन डलवाकर पानी पहुंचाया जायेगा। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से राहत मिलेगी। इस दौरान राजपाल होलदार, मुकेश सिंह, जीतू सिंह, जगदीश मीणा, प्रताप सिंह, कैलाश सिंह, हरि मीणा, शिवराम सिंह, सवाई सिंह, श्याम सिंह, लक्ष्मण मीणा आदि ग्रामीण मौजुद रहे।

# अधिवक्ताओं ने आजादी की लड़ाई से लेकर राष्ट्र हित का हर संघर्ष किया है, हल्के में ना लें भजन लाल सरकार : तंवर

- कोटपूतली में डीजे कोर्ट खोलने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं की महापंचायत का आयोजन
- दांडी मार्च की तर्ज पर राजधानी जयपुर तक कलम मार्च करने, सीएम हाऊस घेराव समेत कई बिन्दुओं पर बनी सहमति
- आन्दोलन की आगामी रूपरेखा व दशा-दिशा हुई तय, वकीलों ने आर-पार की लड़ाई का लिया निर्णय

### न्यायालय परिसर से जिला कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ताओं द्वारा शुरू की गई पेन डाउन हड़ताल व धरना प्रदर्शन स्थानीय न्यायालय परिसर में बुधवार को लगातार 43 वें दिन भी बदस्तुर जारी रही। उल्लेखनीय है कि जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में कोटपूतली समेत बानसूर, विराटनगर, पावटा व नारायणपुर के अधिवक्ता विगत 43 दिनों से लगातार आन्दोलनरत है। वहीं दुसरी और आन्दोलन की आगामी रूपरेखा व रणनीति तय करने के लिये बुधवार को जिला अभिभाषक संघ, कोटपूतली के तत्वाधान में निकटवर्ती बानसूर, विराटनगर, पावटा व नारायणपुर के अभिभाषक संघों के अधिवक्ताओं की संयुक्त महापंचायत का आयोजन बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में संघ के जिलाध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें अभिभाषक संघ विराटनगर के अध्यक्ष गोपाल टांक, नारायणपुर के अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा, बानसूर के अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष जोशी व पावटा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने महापंचायत में भाग लिया। महापंचायत को संघ के अध्यक्ष तंवर समेत सभी प्रतिनिधियों व सीनियर अधिवक्ताओं ने सम्बोधित किया। तंवर ने आन्दोलन की अभी तक की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि डीजे कोर्ट की लड़ाई में अधिवक्ता एक कदम भी पीछे नहीं हटायेगें। उन्होंने कहा कि देश की आजादी से लेकर राष्ट्र हित के हर संघर्ष में अधिवक्ताओं ने अपना योगदान दिया है। इसलिये राज्य सरकार वकीलों को हल्के में लेने की गलती ना करें। डीजे कोर्ट कोटपूतली का अधिकार है। जिस पर कुठाराघात सहन नहीं किया जायेगा। महापंचायत में जल्द ही डीजे कोर्ट की मांग पुरी ना होने पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की दांडी यात्रा के तर्ज पर राजधानी जयपुर तक वकीलों द्वारा कलम यात्रा निकालने, सीएम हाऊस का घेराव करने समेत विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुये सहमति बनी। साथ ही सभी संघों के अध्यक्षों ने निर्णय लिया कि मांग पुरी ना होने तक निरन्तर आन्दोलन को जारी रखा जायेगा। वहीं अनवरत पेन डाउन हड़ताल, कार्य बहिष्कार व धरना प्रदर्शन का निर्णय भी लिया गया। महापंचायत के बाद अधिवक्ता कस्बे के मुख्य मार्गो से पैदल मार्च करते हुये कस्बे के मौहल्ला सराय स्थित जिला कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचे। जहाँ एडीएम ओमप्रकाश सहारण को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल से मुलाकात करते हुये बताया कि अगर डीजे कोर्ट की मांग को जल्द ही पुरा नहीं किया गया तो अधिवक्ता उग्र आन्दोलन पर मजबूर होगें। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर का कहना है कि जब तक कोटपूतली मुख्यालय पर डीजे कोर्ट नहीं खुल जाता, तब तक क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी किया। इस दौरान उपाध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, सचिव हेमंत शर्मा, प्रवक्ता मुकेश यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता रीछपाल सिंह चौधरी, अशोक कुमार सैनी, सागरमल शर्मा, जितेन्द्र रावत, के के शर्मा, हरिराम यादव, जयसिंह शेखावत, प्रेमप्रकाश शर्मा, हरिराम यादव, राजेन्द्र रहीसा, सुरेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, अमरसिंह पूनिया, चेतराम रावत, मनोज भूषण, बदलूराम, ओमप्रकाश सैनी द्वितीय, नीशू सैनी, भूवनेश यादव, सतीश हाडिया, अशोक आर्य, विश्वेन्द्र सिंह, संजय यादव, ईस्माइल खान, ओमप्रकाश सैनी, पुष्कर शर्मा, शिवकुमार शर्मा समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कृषक कल्याण से साकार हो रहा समृध्द राजस्थान का सपना : जिला प्रमुख

## राजस्थान दिवस स्थापना महोत्सव के दूसरे दिन हुआ किसान सम्मेलन का आयोजन, आज आयोजित होगा अन्त्योदय कल्याण समारोह

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर, (का.स.)।** विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने में प्रदेश के किसानों की भूमिका बेहद अहम है। किसान देश के अन्नदाता हैं, किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। यह कहना है जिला प्रमुख श्रीमती रमा देवी चोपड़ा का। श्रीमती रमा देवी ने यह बात हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन अकादमी के भगवत सिंह मेहता सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया, जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद किसानों और जनप्रतिनिधियों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए देखा। बीकानेर में हुए किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम में 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान हस्तान्तरण किया गया। साथ ही, इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि में वृद्धि एवं मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके अलावा मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा भी बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के अन्तर्गत निःशुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे औषधियों व टीकों की संख्या बढाकर 200 किए जाने तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए गए। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैल से खेती करवाये जाने पर 30 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि के दिशा-निर्देश जारी किए गए।

पीएमएफएमई योजना के तीन एफपीओ को अनुदान के तथा एक एफपीओ को शेयर मनी के चौक वितरण किए गए। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त पूनम, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड सहित कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिले के प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

# करंट लगने से युवक की मौत

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार थाना क्षेत्र के गांव गुवालद में एक किसान को करंट लगने से मौत हो गई। गंगधार थाना हेड कांस्टेबल कालूराम ने बताया कि परिजनों के पर्चा बयान अनुसार गोपाल सिंह पिता अमर सिंह उम्र 37 वर्षीय निवासी गुवालद अपने कुएं पर रजका को पानी पिलाने गया था मोटर चालू करने के दौरान करंट लगने से गोपाल सिंह बेहोश हो गया परिजन उसे चौमहला सीएचसी लाए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया वहीं मामले की जांच की जा रही है।

**प्रपत्र संख्या 7 ( देखिये नियम 21 )**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर- DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/126

चूंकि प्रार्थी श्री धर्मेन्द्र सिंह जादौन, P NO-89, श्याम सरोवर विलेज खोरी, नियर रिंग रोड, लुनियावास, पोः लुनिआवास, जिलाः जयपुर, राजस्थान 302031 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास पॉजिटिव युवा नेटवर्क एसोसिएशन, P NO-89, श्याम सरोवर विलेज खोरी, नियर रिंग रोड, लुनियावास, पोः लुनिआवास, जिलाः जयपुर, राजस्थान 302031 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 19-03-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 23/05/2025

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम**

# थडी-ठेले लगाने वाले गरीब लोगों पर भारी पड़ा रसूखदार, भाजपा कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौप की कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर के जगतपुरा महल रोड पर थडी-ठेले लगाने वाले गरीब लोगों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। जहां कुछ लोगों के चोटे पर भी लगी है। थडी-ठेले लगाने वाले लोगों ने आरोप लगाया है कि आर-टेक कैपिटल हाई स्ट्रीट मॉल जगतपुरा-जीवन रेखा चौराहा महल रोड जयपुर के सामने अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए थडी-ठेले लगाते है। जहां गत दिनों पहले हाई स्ट्रीट मॉल कर्मचारी अपने कुछ साथियों के साथ आया है और यहा थडी-ठेले नहीं लगाने की कहते उसे उनके साथ मारपीट की। वहीं संबंधित थाने में शिकायत भी दर्ज करवाई गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज होकर सभी लोग भाजपा कार्यालय पहुंचे और कार्यालय प्रभारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।

थड़ी-ठेले लगाने वाले दिनेश चौधरी ने बताया कि सभी ठेले वाले आर-टेक कैपिटल हाई स्ट्रीट मॉल के सामने रेडिया लगाते है और अपना जीवन यापन करते है। 24 मार्च को आर-टेक कैपिटल हाई स्ट्रीट मॉल का कर्मचारी अपने 40-60 साथियों को लेकर आया और उन्हे धमकाते हुए थडी-ठेले लगाने वाले लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उनके एक साथी वैभव कुमावत के सिर में गहरी चोट लगी है। इसके अलावा महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की की। मोहिता कुमावत ने बताया कि जब इस संबंध में थाने पहुंचे तो उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। साथ ही उनके कुछ लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। जिसके बाद बुधवार को वह सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन देकर न्याय की गुहार की। अगर आगामी दिनों में कोई भी कार्रवाई नहीं होती है तो वह आन्दोलन की राह पर चलेंगे और विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## सम्पादकीय

# सेबी के कदम स्वागत योग्य

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए अध्यक्ष तुहित कांत पांडेय की अध्यक्षता में इसकी पहली बोर्ड बैठक में कुछ अहम कदम उठाए गए हैं। सोमवार की इस बैठक में सेबी बोर्ड के सदस्यों तथा अधिकारियों के हितों के टकराव से संबंधित प्रावधानों की समीक्षा शुरू करने का औपचारिक फैसला लिया है। यह पहल दो कारणों से महत्त्वपूर्ण है। पहला, पांडेय ने हाल ही में एक सार्वजनिक टिप्पणी में हितधारकों के बीच भरोसे एवं पारदर्शिता की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यह बात सेबी पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा कि सेबी को ज्यादा पारदर्शी होना चाहिए और इसके लिए योजना बनाई जाएगी। हालांकि यह अंश सेबी की वेबसाइट पर मौजूद भाषण में नहीं था मगर अब सेबी बोर्ड ने इस बारे में फैसला कर ही लिया है तो स्पष्ट है कि संस्था इस दिशा में बढ़ने के लिए कटिबद्ध है।

दूसरा कारण, इस कदम से पता चलता है कि बाजार नियामक बदलते हालात के मुताबक कदम उठाने से पीछे नहीं रहना चाहता। मत भूलिए कि सेबी की पिछली मुखिया माधवी पुरी बुच पर अमेरिका की शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने हितों के टकराव का आरोप लगाया था। उसने एक बड़े भारतीय औद्योगिक समूह के खिलाफ चल रही जांच का जिक्र कर यह आरोप लगाया था। इस आरोप के बाद बुच और सेबी ने बयान जारी किए थे। नियामक ने कहा था कि उसकी खुलासे की प्रक्रिया चाक-चौबंद है मगर इस समाचार पत्र सहित कई लोगों का कहना था कि उसे और मजबूत करने की जरूरत है। प्रतिभूति बाजार नियामक में प्रमुख व्यक्ति पर हितों के टकराव का आरोप लगने पर बाजार का भरोसा हिल सकता है, जिसके असर बहुत समय तक दिख सकते हैं।

सेबी बोर्ड ने इसीलिए उच्च-स्तरीय समिति के गठन का निर्णय लिया है, जो 'बोर्ड सदस्यों एवं अधिकारियों के मामले में हितों के टकराव और संपत्ति, निवेश, देनदारी एवं संबंधित मामलों से जुड़े प्रावधानों' की व्यापक समीक्षा करेगी। इस समिति में विशेषज्ञ और प्रख्यात लोग होंगे। गठन के तीन महीने के भीतर इसकी रिपोर्ट आने की उम्मीद है। आशा की जानी चाहिए कि रिपोर्ट सार्वजनिक भी की जाएगी ताकि इस पर खुलकर चर्चा हो सके।

उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशें अहम होंगी मगर यदि प्रमुख अधिकारियों के हित सार्वजनिक किए जाते हैं तो पूरी प्रक्रिया मजबूत होगी। दूसरे वित्तीय नियामक भी ऐसा ही कर सकते हैं। इससे नियामकीय संस्थाओं में प्रमुख अधिकारियों के हितों पर शंका उठाने की संभावना खत्म हो जाएगी और वित्तीय बाजार में भरोसा बढ़ेगा। हितों के टकराव वाले मुद्दे के अलावा सेबी बोर्ड ने कई और महत्त्वपूर्ण तथा उल्लेखनीय निर्णय लिए। मसलन अब 25,000 करोड़ रुपये के बजाय 50,000 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति संभाल रहे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) से अधिक बारीक जानकारी मांगी जाएगी।

सीमा बढ़ने का मतलब है कि अधिकतर एफपीआई को कम खुलासे करने होंगे। इससे पूंजी की आवक बढ़ने की संभावना है।

यह जरूर कहा जा सकता है कि सीमा बढ़ाने का काम चरणबद्ध तरीके से किया जाता। ऐसे बदलाव बाजार की फौरी जरूरतें देखकर नहीं किए जाने चाहिए। बहरहाल सेबी ने अच्छा फैसला यह किया कि किसी एक कारोबारी समूह में ज्यादा हिस्सेदारी रखने वाले एफपीआई के लिए यह ढील देने से इनकार कर दिया। बोर्ड ने दूसरी श्रेणी के वैकल्पिक निवेश फंडों के लिए नियम बदले, जिससे वे नियामक की शर्तें ज्यादा आसानी से पूरी कर पाएंगे। बाजार के ढांचे से जुड़ी संस्थाओं के प्रावधान बदलने से संचालन और मजबूत होना चाहिए।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 27 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- इंग्लैंड के शासक चार्ल्स द्वितीय ने बांबे को 1668 में ईस्ट इंडिया कंपनी को सौंपा था।
- स्पेन और फ्रांस ने 1721 में मैड्रिड समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- अमेरिकी कांग्रेस ने देश में नौसेना की स्थापना को 1794 में स्वीकृति दी।
- पहले स्टीम फायर इंजन का सफल परीक्षण सन 1841 में न्यूयार्क में किया गया।
- अब्राहम गेस्नर ने 1855 में केरोसिन(मिट्टी के तेल) का पेटेंट कराया।
- पहला अंतरराष्ट्रीय रग्बी मैच स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच 1871 में खेला गया।
- बोस्टन से न्यूयार्क के बीच 1884 में पहली बार फोन पर लंबी दूरी की बातचीत हुयी।
- इतालवी आविष्कारक जी मारकोनी द्वारा 1899 में फ्रांस और इंग्लैंड के बीच पहला अंतरराष्ट्रीय रेडियो प्रसारण किया गया।
- अमेरिका ने 1901 में फिलीपीन्स के विद्रोही नेता एमिलियो एग्विनाल्डो को अपने कब्जे में लिया।
- जापान ने 1933 में लीग ऑफ नेशंस से खुद को अलग कर लिया।
- यूरोपीय देश लिथुआनिया में 1944 में लगभग दो हजार यहूदियों की हत्या कर दी गयी।
- अमेरिकी सरकार ने 1956 में कम्युनिस्ट अखबार डेली वर्कर को जब्त कर लिया।
- सन 1961 में आज के दिन से पहला विश्व रंगमंच दिवस मनाने की शुरुआत हुई।
- टेनेरीफ़ में 1977 में दुनिया की सबसे भयानक विमान दुर्घटना हुई थी, जिसमें तकरीबन 600 लोग मारे गए थे।
- यूरोपियन फ़ाइटर एअरक्राफ़्ट यूरोफाइटर ने 1977 में पहली उड़ान भरी।
- अंतरिक्ष में 1989 में अमेरिका के मिसाइल रोधी उपग्रह का परीक्षण विफल हुआ।
- पहला मैक्रो वायरस मेलिसा की 1999 में सूचना दी गई।
- रूस ने 2003 में घातक टोपोल आर एस-12 एम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया।
- यासीन मलिक ने 2006 में कश्मीर में जनमत संग्रह कराए जाने की मांग की।
- अंतरिक्ष यान एंडेवर 2008 में पृथ्वी पर सफलतापूर्वक सुरक्षित लौटा।

### 27 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- जर्मनी के एक भौतिकशास्त्री एवं गणितज्ञ वेलहेलम रोंटगन का 1845 में जन्म हुआ।
- फ्रांसीसी लेखक स्टेफन वल का जन्म 1922 में हुआ।
- एक प्रसिद्ध मानव विज्ञानी और नारीवादी विद्वान लीला दुबे का जन्म 1923 में हुआ।
- भारतीय राजनीतिज्ञ बनवारी लाल जोशी का जन्म 1936 में हुआ।

# संविधान के नाम पर कांग्रेस का दोहरा रवैया दुर्भाग्यपूर्ण



ललित गर्ग

**मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कांग्रेस सरकारें अपने-अपने राज्यों में अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं योजनाएं लागू करती रही हैं, कर्नाटक में भी वहां के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने सरकार का बजट पेश करते हुए मुस्लिमों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने एलान किया कि सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में से 4 प्रतिशत अब श्रेणी-प्प् बी के तहत मुसलमानों के लिए आरक्षित होंगे। सरकार ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 महिला कॉलेज खोले जाएंगे। इसका निर्माण वक्फ बोर्ड की ही जमीन पर किया जाएगा, लेकिन सरकार इस पर पैसा खर्च करेगी। मौलवियों को 6000 मासिक भत्ता देने की भी व्यवस्था इस बजट में की गई है।**

कांग्रेस एक बार फिर संविधान को लेकर विवादों से घिर गयी है। संविधान के संबंध में कांग्रेस का दोहरा रवैया एवं चरित्र एक बार फिर देश के सामने आया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर हाथ में संविधान की प्रति लेकर भाजपा पर इसे बदलने का आरोप लगाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय अपनी हर सभा में इस आरोप को दोहराते रहे कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आई तो संविधान बदल कर आरक्षण खत्म कर देगी, इसका भाजपा को नुकसान भी उठाना पड़ा है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस आज खुद संविधान बदलने की बात कर रही हैं। दरअसल, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ओबीसी कोटा के तहत पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण देने जा रही है, सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण के संदर्भ में जब उप- मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को यह याद दिलाया गया कि संविधान के तहत मजहब के आधार पर आरक्षण देना मुमकिन नहीं है, तब उन्होंने इशारा किया कि आरक्षण देने के लिए जरूरी बदलाव किए जाएंगे। शिवकुमार के इस बयान के बाद कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक फिर संविधान बचाने का सियासी अभियान हावी हो गया है। इस बार भाजपा आक्रामक है और उसने फिलहाल इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। इस वर्ष बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अहम मुद्दा बन जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है। कर्नाटक सरकार के बजट में दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए समुचित बजट आवंटित नहीं हुआ लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते मुस्लिमों के लिये लुभावना बजट आवंटित किया गया है। जबकि सरकारों का काम किसी धर्म एवं समुदाय विशेष का तुष्टिकरण न होकर सभी समुदायों का पुष्टीकरण होना चाहिए। जब संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का निषेध किया गया है तो फिर जानबूझकर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा इसे सूचीबद्ध करके विधि सम्मत क्यों बनाया जा रहा है?

दरअसल, भाजपा और कांग्रेस, दोनों देश की प्रमुख पार्टियों को यह एहसास हो चला है कि संविधान इस देश में बहुत संवेदनशील विषय है और इस पर लोग कतई समझौता नहीं करेंगे। संविधान केवल न्यायिक या वैधानिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि वह भारत की जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। इस अर्थ में यह देश के जन-जन के मन का दस्तावेज है। संविधान भारत में सभी नागरिकों के लिए दिग्दर्शक तत्व है। इसलिए, प्रश्न यह उठता है कि जब संविधान इतना स्पष्ट है तो क्या संविधान की मूल भावना पर केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए आघात करना स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण है? दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पवित्र ग्रंथ पर भी विपक्षी दल एवं कांग्रेस अत्यंत निकृष्ट राजनीति करती जा रही है। जो कांग्रेस शासन में रहते हुए कभी संविधान का सम्मान नहीं कर सकी, वह आज विपक्ष में बैठकर यह भ्रम फैलाने में लगी है कि मोदी सरकार संविधान को खत्म कर देगी। सच तो यह है कि कांग्रेस जैसे दल आज अपने मूल राजनीतिक विचार को खो बैठे हैं। कांग्रेस अपने गांधीवादी विचार और समाजवादी पार्टी जैसे दल समाजवाद और राम मनोहर लोहिया के मूलभूत विचारों को भूल चुके हैं। संविधान को आधार बनाकर विपक्षी दल जनता को विभाजित करने, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने बाज नहीं आ रहे हैं। आश्चर्य नहीं, कांग्रेस ने संविधान को लेकर जो हथियार चलाया था, वही हथियार कर्नाटक में स्वयं कांग्रेस के विरुद्ध चला गया है। अब इससे होने वाले नुकसान का भान होते ही कांग्रेस तत्काल बचाव में लग गई। वैसे, शिवकुमार के स्पष्टीकरण के बावजूद भाजपा इस मुद्दे पर निशाना साध रही है, तो संकेत साफ है, वह सियासत का मौका जाने नहीं देना चाहेगी। वह संविधान बदलने और न बदलने पर फिर से गर्म हुई राजनीति को ठंडा नहीं होने देगी। बीते लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा निशाने पर थी, वहीं इस बार कांग्रेस निशाने पर आ गई है। लोकसभा-राज्यसभा में एवं इस वर्ष बिहार में होने वाले चुनावों में भाजपा कांग्रेस पर आक्रामक रहेगी। अब तो तीर कमान से निकल चुका है, भले ही अब कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार सफाई देने में लगे हैं कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और वह संविधान में बदलाव का प्रस्ताव कभी नहीं रखेंगे। स्पष्ट है कि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण का पक्षधर नहीं है। डॉ. भीमराव आंबेडकर भी ऐसे आरक्षण के हिमायती नहीं थे। संविधान सभा में एकमत के साथ यह तय हुआ था कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब अगर ऐसे आरक्षण की जरूरत पड़ने लगी है, या कांग्रेस मुसलमानों के वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिये आरक्षण का हथियार चलाती है तो संविधान में संशोधन तो करना ही होगा। अपने आजाद देश में जरूरतमंदों को आरक्षण देने के लिए करीब 12 बार संविधान में संशोधन किए गए है और मुस्लिमों को महज मजहबी बुनियाद पर आरक्षण देने के लिए भी ऐसी जरूरत पड़ेगी।

गांधी परिवार के अत्यंत करीबी कर्नाटक के डिप्टी सीएम के बयान को सुनकर लोग हैरत में हैं। लोग संविधान के खिलाफ धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कांग्रेस की कोशिश का विरोध कर रहे हैं। धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में संविधान की धज्जियां उड़ा दी है।' कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये देश को दांव पर लगाती रही है। एक बार फिर उसकी इस कोशिश से उसका असली चेहरा देश के सामने आया है। कांग्रेस भारत के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही हैं, मुस्लिम आरक्षण को संविधान में जगह देकर संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफत की जा रही है। मुस्लिमों को आरक्षण असंवैधानिक हैं। कांग्रेस बार-बार मुस्लिम आरक्षण की वकालत कर संविधान की मूल भावना को चुनौती दे रही है। मुस्लिम वोटबैंक के लिए ऐसा किया जाना संविधान की मूल भावना से खिलवाड है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी का रवैया आरक्षण को लेकर समय-समय पर बदलता रहा है।

# डिजिटल भारत में विचारों की बेड़ियां



प्रियंका सौरभ

**सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्मों की निगरानी, सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश और आईटी नियम 2021 ने डिजिटल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित किया है। सेंसरशिप और आत्म-नियमन से प्लेटफार्म अधिक सामग्री हटाने लगे हैं, जिससे विचारों की विविधता प्रभावित होती है। झूठी सूचनाओं और साइबर अपराधों को रोकने के लिए कुछ हद तक नियमन आवश्यक है।**

धारा 79 डिजिटल मंचों को मध्यस्थ सुरक्षा प्रदान करती है, लेकिन हालिया सरकारी हस्तक्षेप ने इस सुरक्षा को चुनौती दी है। सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्मों पर निगरानी, सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश, और आईटी नियम 2021 का कड़ा अनुपालन डिजिटल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित कर रहा है। सेंसरशिप और आत्म-नियमन के भय से प्लेटफार्म अधिक सामग्री हटाने लगे हैं, जिससे विचारों की विविधता प्रभावित होती है। हालांकि, झूठी सूचनाओं और साइबर अपराधों को रोकने के लिए कुछ हद तक नियमन आवश्यक है। इसीलिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्लेटफार्म जवाबदेही के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। भारत को यूरोप के डिजिटल सर्विसेज एक्ट और अमेरिका के सेक्शन 230 जैसे संतुलित मॉडल से सीख लेकर, एक पारदर्शी और न्यायसंगत डिजिटल नीति अपनानी होगी। सूचना की इस नित परिवर्तनशील धारा में, जहाँ डिजिटल प्लेटफॉर्म विचारों के विस्तृत वितान की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं उन पर लगने वाली बंदिशें एक नवीन प्रश्नचिह्न उत्पन्न करती हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नियमन की कठोरता के मध्य झूलते इस युग में, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79 एक महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि निर्मित करती है।

**धारा 79- मध्यस्थता का कवच या नियमन की तलवार?**

आईटी अधिनियम की धारा 79 डिजिटल मंचों को एक ऐसा आश्रय प्रदान करती है, जो उन्हें उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत सामग्री की जवाबदेही से मुक्त रखता है, बशर्ते कि~ वे मात्र संदेश वाहक की भूमिका निभाएं, न कि नियंत्रक की। किसी अवैध सामग्री की सूचना मिलने पर, नियमानुसार उसे हटाने का यत्न करें। नवीनतम आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों का अनुपालन करें। किन्तु, सरकार के हालिया कदमों ने इस कवच को किसी हद तक छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है, जहाँ अभिव्यक्ति की आज़ादी और नियमन की शक्ति के मध्य एक सतत संघर्ष दृष्टिगोचर होता है।

**सरकारी हस्तक्षेप- एक यथार्थपरक व्याख्या**

सूचना और संप्रेषण के इस युग में सरकार द्वारा लागू किए गए कुछ प्रमुख हस्तक्षेपों पर यदि दृष्टिपात करें, तो पाते हैं कि ओटीटी प्लेटफार्मों पर बढ़ती निगरानी ने रचनात्मकता को एक कठोर परिधि में बाँधने का प्रयास किया है। सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश विचारों के मुक्त प्रवाह में एक बाधा के समान प्रतीत होते हैं। आईटी नियम, 2021 का क्रियान्वयन डिजिटल संवाद के सहज प्रवाह को नियंत्रित करने की मंशा रखता है। कई डिजिटल प्लेटफार्मों पर सामग्री प्रबंधन को लेकर पारदर्शिता की कमी उपयोगकर्ताओं के अधिकारों पर प्रभाव डालती है। स्वतंत्र पत्रकारिता एवं वैकल्पिक दृष्टिकोणों को प्रतिबंधित करने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकती है। इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि सरकार द्वारा प्लेटफार्मों की स्वतंत्रता को सीमित करने और दायित्व को बढ़ाने की दिशा में एक अनवरत प्रयास किया जा रहा है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



जितेन्द्र खुराना
( निदेशक सुराना एंटरप्राईजेज )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं दवा व्यवसायी और रोटरी क्लब के पदाधिकारी समाजसेवी जितेन्द्र खुराना। 7 अगस्त 1979 अलवर के किशनगढ़ बास में जन्में जितेन्द्र खुराना को प्यार से रिंकू भैया के नाम से पुकारा जाता है। किशनगढ़ बास से 12वीं और फरीदाबाद से फार्मेसी करने के बाद 1999 में रिटेल मेडिसिन के पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े और कुछ नया अपने दम पर करने के उद्देश्य से एक बंद होती थोक दवा फर्म सुराना मेडिकल एजेंसीज का अधिग्रहण 1 फरवरी 2005 को किया और कड़ी मेहनत व आत्मविश्वास से 3 कंपनियों की डीलरशिप से शुरुआत करते हुए आज 65 कंपनियों की डीलरशिप तक का सफर तय किया जिसमे इनके पिताजी श्री नरेन्द्र खुराना का अनुभव और पत्नी कंचन खुराना का विश्वास और सहयोग का बहुत बड़ा हाथ रहा। सामाजिक जीवन की शुरुआत 2017 मे रोटरी क्लब की सदस्यता से शुरू की और 2022-23 मे अध्यक्ष पद पर रहे और सभी सदस्यों के सहयोग से उस वर्ष एनईबी महात्मा गाँधी स्कूल का कायाकल्प किया, सैनिको के परिवार की महिला सदस्यों के लिए 20 आधुनिक मशीनो के साथ प्रशिक्षण केंद्र खोला, आम जन के सुलभ उपचार हेतु रोटरी लैब समेत अनेक समाज कल्याण के लिए नवाचार प्रयोग किये और चतमेमदज मे रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3053 मे सहायक प्रांतपाल के रूप मे कार्य कर रहे है इसके अलावा पुरषार्थी समाज मे उपाध्यक्ष पद के साथ कसक्रिय भूमिका मे अपने दायित्व का निर्वहन करते रहे है। हंसमुख स्वभाव के कारण लोगों के बीच एक अलग जगह बना लेते हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_081
बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | | 8 | 3 | 5 | | 7 | 4 |
| | 3 | 7 | | | | 8 | 2 | |
| | | | 2 | 1 | | 3 | 9 | |
| | | 6 | 3 | | 9 | 5 | 4 | |
| | 1 | | 7 | 4 | 6 | | 8 | |
| 4 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 | | 6 | |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 6 | | | 5 | |
| 6 | 2 | | | | 8 | 7 | 3 | |
| | 4 | | | 7 | 2 | | | |

Ans_2025_080

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 6 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा। संतान के पीछे पैसे खर्च होंगे। कलाकारों एवं खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिक्षा दर्शाने के लिए उत्तम समय है। दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे।

**वृष**
आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आज आपका काफी धन खर्च होगा।

**मिथुन**
आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। नौकरी-धंधे में तकलीफ और अवरोध उत्पन्न होंगे। ऑफिस में अधिकारियों के साथ वाद-विवाद में पड़ने से हानि होने की आशंका रहेगी।

**कर्क**
स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी शिकायत रहेगी। वैवाहिक जीवन में मधुरता का अनुभव होगा। सरकारी कामकाज शीघ्रता से पूरे होंगे। शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा। संतान को लेकर चिंता रहेगी।

**सिंह**
आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद्दी व्यवहार पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। परिश्रम के बाद निर्धारित सफलता नहीं मिलने से मन में खिन्नता रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा। यात्रा के लिए योग्य समय नहीं है।

**कन्या**
आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है। व्यापार में भागीदारों के साथ मतभेद बढ़ेंगे। क्रोध और आवेश पर नियंत्रण रखना पड़ेगा। सामाजिक काम में यात्रा के योग हैं।

**तुला**
दांपत्य जीवन में परेशानी आ सकती है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा। अधीनस्थ व्यक्ति तथा नौकरवर्ग से परेशानी का अनुभव होगा। गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है।

**वृश्चिक**
आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा। अधिकारियों और बुजुर्गों की कृपादृष्टि रहेगी।

**धनु**
असंतोष की भावना से मन चिंतित रहेगा। आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है।

**मकर**
किसी भी मामले में बिना विचारे काम से हानि ही होगी। सरकारी काम में सफलता मिलेगी। आज आपकी कार्य सफलता में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास की भूमिका होगी। विद्यार्थी पढ़ाई में रुचि बनाए रख सकेंगे।

**कुंभ**
ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा। पदोन्नति मिलने के योग हैं। पारिवारिक सदस्य तथा मित्र मंडल के साथ खुश रहेंगे। व्यापारी वर्ग को लाभ होगा। उत्तम वैवाहिक सुख प्राप्त होने की संभावना है।

**मीन**
भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझनपूर्ण स्थिति में रखेंगे। नए काम का आरंभ कर सकेंगे। मित्रों सगे- स्नेहियों और पड़ोसियों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। आर्थिक दृष्टि से आपको लाभ होने का योग है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

राजस्थान दिवस सप्ताह : जिला स्तरीय किसान सम्मेलन

# किसान सम्मान निधि में वृद्धि, पशुधन आरोग्य योजना और जैविक खेती को मिलेगा प्रोत्साहन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान स्थापना दिवस के साप्ताहिक महोत्सव की श्रृंखला में बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को स्वामी विवेकानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर बीछवाल, बीकानेर में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन मेले का शुभारम्भ किया। राज्य स्तरीय समारोह का रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम में सजीव प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए किसान सम्मान निधि योजना की राशि 8 हजार रूपये से बढ़ाकर 9 हजार रूपये करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार द्वारा किसान के हित में उठाए जा रहे कदमों से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। पूर्वी राजस्थान की जीवनदायिनी राम जल सेतु लिंक परियोजना (ईआरसीपी) के कार्य को गति देने हेतु 9 हजार 300 करोड़ (नौ हजार तीन सौ करोड़) रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न कार्य करवाये जाएंगे। जिसके तहत जिले में भूरी पहाड़ी-डूंगरी में बैराज का निर्माण किया जाएगा जिससे जिलेवासियों को पेयजल व सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। वहीं जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 400 केवी जीएसएस निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-शिवाड़ में बेड क्षमता में वृद्धि करने, पर्यटन को बढ़ावा देने व घड़ियाल संरक्षण की दृष्टि से पालीघाट के निकट घड़ियाल रेरिंग सेन्टर स्थापित करने, रामेश्वर घाट त्रिवेणी संगम के रूप में विकसित होगा।



**विभिन्न योजनाओं में अनुदान वितरित :** जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेन्द्र गोठवाल, जिला कलक्टर शुभम चौधरी एवं खण्डार प्रधान नरेन्द्र चौधरी ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत ग्रीन हाऊस योजना में मऊ निवासी कृषक बसराम को 23 लाख 98 हजार 985 रूपये, कृषि विभाग द्वारा संचालित उन्नत कृषि यन्त्र (मल्टीक्रॉप थ्रेसर) योजना के लाभार्थी सूरवाल निवासी कृषक श्योजीलाल को 2 लाख 50 हजार रूपये, फार्म पोण्ड योजना के लाभार्थी एकड़ा निवासी कृषक हनुमान प्रसाद को 63 हजार रूपये, तारबन्दी योजना में जौंला निवासी कृषक गोरधन को 48 हजार रूपये एवं सिंचाई पाईप लाईन योजना में आटूण खुर्द निवासी कृषक हरिप्रसाद को 14 हजार 700 रूपये अनुदान का भुगतान कर लाभांवित किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार राकेश कुमार अटल, उप निदेशक कृषि पीडी आत्मा अमर सिंह, उप निदेशक उद्यान हेमराज मीणा, उप निदेशक फूल उत्कृष्टता केन्द्र लखपत मीणा, मण्डी सचिव दिलीप मीणा, संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. राजीव गर्ग, उप पंजीयक सहकारी समितियां प्रीति यादव सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, किसान एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा

## किशोर की हत्या करने के मामले में पुलिस ने किया एक बालक को निरुद्ध

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** नला रोड कच्ची बस्ती में किशोर की हत्या के मामले में निवाई पुलिस व डीएसटी टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नला रोड कच्ची बस्ती के ब्लाइंड मर्डर का 48 घंटे में ही खुलासा कर दिया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि किशोर की हत्या के मामले को गंभरता से लेते हुए डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 48 घंटे में वारदात का खुलासा करते हुए एक बालक को निरुद्ध किया है। उन्होंने बताया कि वारदात के खुलासे में डीएसटी टीम के राधाकिशन यादव की अहम भूमिका रही है। थानाधिकारी ने बताया कि 24 मार्च को कच्ची बस्ती नला रोड पर 13 वर्षीय किशोर पंकज वर्मा की निर्मम हत्या हुई थी। घटना को लेकर परिजनों और रैगर समाज के लोगों ने आरोपी को गिरफ्तार करने, मुआवजा दिलवाने व संविदा पर नौकरी दिलवाने की मांग करते हुए मृतक के शव को लेने से मना कर दिया था और अस्पताल परिसर में धरने पर बैठ गए थे। पुलिस को वारदात खुलासे के लिए 10 दिन का समय दिया गया था। लेकिन धरना समाप्ति के बाद पुलिस ने 24 घंटे में वारदात का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर आने जाने वाले सभी रास्तों व शहर के करीब 100 से अधिक सीसीटीवी खंगाले। टीम द्वारा शहर में स्थित होटलों व धर्मशालाओं में तलाशी की। इसके साथ ही संदिग्ध लोगों गहनता से पूछताछ की। पुलिस का अनुसंधान जारी है।

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा

## आर.आर.सी. निर्माण के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव भिजवाएं : गौरव



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार गंगापुर सिटी में आयोजित हुई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं महानरेगा, सांसद मद, राज्य वित्त आयोग, 15वें वित्त आयोग आदि की समीक्षा करते हुऐ संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में उन्होंने महानरेगा योजना में 100 दिन पूर्ण करने वाले परिवारों की संख्या में वृद्धि करने, पौधाशाला विकसित करने, अधिक से अधिक श्रमिक नियोजन करने, स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत गांवों में नियमित रूप से साफ-सफाई करवाने, आर.आर.सी. निर्माण के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारियों को प्रदान किए। साथ ही न्यूनतम प्रगति वाले कार्मिकों को अविलंब सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधान मंजू गुर्जर ने गांवों में नियमित साफ-सफाई करवाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर पैदल-पैदल गांव-गांव घूमकर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवा रहे है। विकास अधिकारी पंचायत समिति गंगापुर सिटी डॉ. जगदीश गुर्जर ने प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने की बात कहीं। बैठक में अतिरिक्त प्रशासक ग्राम पंचायत, समस्त पंचायत समिति स्टाफ, ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक आदि उपस्थित रहे।

## एक जिला एक उत्पाद से संबंधित विनिर्माता इकाइयों का ऑनलाइन पंजीकरण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** राज्य के जिलों को एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत चयनित उत्पादों के आधार पर एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा जिला एक उत्पाद नीति-2024 अधिसूचित की गई है। यह योजना 31 मार्च 2029 तक प्रभावी रहेगी। टोंक जिले के स्लेट स्टोन उत्पाद को ओडीओपी के तहत चयनित किया गया हैं। जिले की समस्त ओडीओपी विनिर्माता इकाइयों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जाना अपेक्षित है। इसके तहत सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा ओडीओपी पंजीकरण की प्रक्रिया के लिए एक आवेदन पत्र एसएसओ पोर्टल पर ऑनलाइन कर दिया गया है जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक संजय जैन ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद से संबंधित इकाइयों को प्रोत्साहित किये जाने के लिए प्रारंभ की गई राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति-2024 में देय समस्त लाभ भी इसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन दिये जाने प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए पोर्टल पर विभिन्न योजनाओं के आवेदन पत्र किया जाना प्रक्रियाधीन है।

## राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सहित बिहार के पहलवानों ने की जोर आजमाइश

सवाईमाधोपुर के मानसिंह बने दंगल के सुल्तान

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में खण्डार उपखंड में ग्राम पंचायत बालेर के अष्टभुजा माताजी के चार दिवसीय मेला में आयोजित कुश्ती दंगल में मंगलवार को कई कुश्ती खेली गईं। कार्यक्रम में मुय अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर एवं अध्यक्षता ठाकुर मानवेन्द्र सिंह व ग्राम पंचायत प्रशासक प्रतिनिधि रामवीर मीना ने की। विशिष्ट अतिथि खण्डार प्रधान नरेन्द्र चौधरी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष महावीर गण्डासिया, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष गंगाशंकर शर्मा व कुलदीप सिंह जादौन रहे।



कुश्ती दंगल में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिताओं में पहलवानों अपना दमखम दिखाया। इनमें संतोष प्रयागराज ने जोगेन्दर हरियाणा को हराया। राजा अयोध्या ने राजू भिण्ड, अमित बान्द्रा ने रामबाबू मथुरा को हराया, देवराज अजीतपुर ने रिंकू हमीरपुर को हराया। कुंजविहारी चित्रकूट ने राहुल मध्यप्रदेश को, मंगल वारा गट्टा ने विकास पन्ना, पंकज चित्रकूट ने रामदेव कटनी को, राहुल आगरा ने संदीप अजयगढ़ को, बबलू महोबा ने बादशाह चित्रकूट, मोहन आगरा ने प्रमोद फतेहपुर को हराया। विजय योगी बालेर ने राहुल आगरा को, बत्ती लाल मोरोज ने परषोत्तम विश्वनाथपुरा को, सेतबन्ध पादडी ने सागर भरतपुर को, महिला पहलवान तमन्ना पलवल ने हीना दिल्ली को, अवनीत दिल्ली ने राधा पलवल को, कुलदीप गोवर्धन ने सेतबन्ध पादडी को, नरेश योगी निमोदा ने हरि महुआ को, जय सिंह गुर्जर कुतलपुर ने जस्सा ढोडर को हराया। संतोष आशाकी ने पवन सिंगोर, राहुल फतेहपुर ने अनुज बांद्रा, देवा हरियाणा ने काडा अलवर को हराया। दंगल की दूसरी कुश्ती संजय हरियाणा और अजय अलवर के बीच लडी गई। इसमें संजय दंगल द्वितीय विजेता रहे।

दंगल के सुल्तान बनने की कुश्ती मान सिंह गुर्जर श्यामोली सवाईमाधोपुर और श्याम भरतपुर के बीच लडी गई। इसमें मानसिंह ने श्याम को पटखनी देकर दंगल का खिताब अपने नाम किया।

## ज्योति कलश यात्रा के रथ के स्वागत उमड़े शहरवासी



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा शहर में आए अखिल विश्व गायत्री परिवार केन्द्र शांतिकुंज हरिद्धार के तत्वावधान में विश्व शांति, पर्यावरण सरंक्षण , शिक्षा का प्रचार प्रसार समाज में मानवीय मूल्यो के विकास, इंसान में सद्बुि व सद्भाव जागृत करने व मानव कल्याण के संदेश को लेकर निकाली जा रही ज्योति कलश यात्रा के स्वागत शहरवासी उमड़े। बीति देर शाम रथ यात्रा की व्यास सर्किल अगवानी की गई। यहां से रथ यात्रा का जुलुस शहर के मुख्य बाजारो व मार्गो से होकर पुरानी तहसील स्थित पटेल जी की हेवली के पास रघुनाथ जी के मन्दिर पहुंचा। रथ यात्रा का सनातन प्रेमियो ने अनेक स्थानो पर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर गायत्री परिवार मालपुरा के सुरेश उपाध्याय, रामनिवास सैनी, राकेश शर्मा, रतनलाल उपाध्याय, गोपाल माहेश्वरी सहित गायत्री परिवार से जुड़े सभी गणमान्य नागरिक सहित शहर के अन्य कई प्रबुद्धजन मौजुद रहे।

## जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं कृषक उत्पादक संगठन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय परिसर बीछवाल, बीकानेर में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन एवं कृषक उत्पादक संगठन कार्यक्रम का राज्य के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा उद्घाटन करने के साथ ही किसानों से संवाद किया गया। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा कृषि व उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में ड्रिप संयंत्र, सौर ऊर्जा पंप, मधुमक्खी पालन, सहकारिता विभाग की पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पशुपालन विभाग की पशुधन नि:शुल्क आरोग्य योजना के साथ ही राज्य द्वारा संचालित अन्य कृषक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ ही लाभार्थियों से संवाद किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम परियोजना



निदेशक (आत्मा) टोंक के सभा भवन में आयोजित हुआ। जहां जिले के अलग-अलग ब्लॉक से लगभग 150 किसान शामिल हुए। जिले के किसानों ने राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण देखा। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सोलंकी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने आज प्रदेशभर के काश्तकारों को किसान हितैषी योजनाओं से लाभान्वित किया है। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक (आत्मा) दिनेश बैरवा, कृषि विज्ञान केंद्र वनस्थली के कृषि वैज्ञानिक बंशीधर चौधरी समेत अन्य कृषि अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

## मण्डी में बम्पर आवक से मण्डी आय बढ़ी

व्यापारियो व किसानो के खिले चेहरे



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** कृषि उपज मण्डी समिति मालपुरा में सरसो, चना, गैंहु सहित अन्य जिन्सो की बम्पर आवक होने से चारो ओर खुशी का माहोल दिखाई देने लगा है। इन दिनो मण्डी में विशेष रूप से सरसो च चने की बम्पर आवक हो रही है। बुधवार को मण्डी में लगभग 50 से 60 हजार कट्टो की आवक हुई। जिसमें 30 से 35 हजार कट्टे सरसो के व 15 से 20 हजार कट्टे चने व शेष अन्य जिन्सो के कट्टो की आवक हुई।

बम्पर आवक होने के चलते बुधवार को सुबह के समय मण्डी के मुख्य दरवाजे से लेकर व्यास सर्किल तक ट्रेक्टरो व अन्य कृषि वाहनो की कतारे लग गई। साथ ही मण्डी में भी तिल रखने की जगह नहीं रही। मुख्य सड़क पर यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस व आरएसी के जवान तैनात किए गए। मण्डी प्रशासन की ओर से भी बम्पर आवक को देखते हुए प्रशासनिक व्यवस्थाओ को व्यवस्थित करने का प्रयास किया गया। बम्पर आवक के बाद मण्डी परिसर के अन्दर चारो ओर माल के भरे कट्टे, ट्रेक्टर सहित अन्य कृषि वाहनो की रेलमपेल रही। इधर मण्डी में बम्पर आवक होने से जहां एक ओर मण्डी आय में भारी बढ़ोतरी हुई है। वहीं दूसरी ओर बम्पर आवक होने से व्यापारियो के चेहरे खिले हुए है। इसके अलावा कृषि जिन्से बेचने आने वाले किसानो के लिए मण्डी प्रशासन की ओर से की जा रही अच्छी व्यवस्थाओ व जिन्सो के अच्छे दाम मिलने से किसानो के चेहरे भी खिले हुए हैं।

**इनका कहना है :-** इस संबंध कृषि उपज मण्डी समिति की कार्यवाहक सचिव दिव्या चौधरी ने बताया कि मण्डी में इन दिनो बम्पर आवक हो रही है। इसको देखते हुए मण्डी प्रशासन द्वारा व्यापारियो की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर दिए गए थे। इसके अलावा मण्डी परिसर स्थित किसान कलेवा केन्द्र भी व्यवस्थाओ को भी सुदृढ़ बनाया गया है। मण्डी प्रशासन का पूरा प्रयास यही है कि मण्डी में जिन्से लेकर आने वाले किसान को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। साथ ही किसानो को जिन्सो का उचित व पूरा दाम मिले इसकी व्यवस्था भी की गई है।

हाउसिंग बोर्ड के सेक्टर 2 का मामला, संवेदक की लापरवाही

## सड़क निर्माण : तोड़ी पानी की पाइप लाइन, बाशिंदे पेयजल को तरसे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सरकार की बजट घोषणाओं के तहत अब कई कार्यो को शहर में शुरू किया गया है। इसके चलते हाउसिंग बोर्ड के सेक्टर-2 में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, लेकिन यहां विभाग की लापरवाही के चलते संवेदक की ओर से कार्य को मनमाने ढंग से किया जा रहा है। इसके चलते यहां पानी की पूरी पाइप लाइन को तोड़ दिया है। हालात यह है कि निर्माण कार्य के दौरान हुई खुदाई में जलदाय विभाग की पेयजल लाइन को जगह-जगह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इसके चलते मंगलवार को मोहल्ले में जलापूर्ति नहीं हो सकी। इस दौरान हजारों लीटर पानी सड़क पर फैलता नजर आया। जानकारी के अनुसार आवासन मण्डल बस स्टैण्ड के पास से हनुमान नगर चौराहे तक करीब 48 लाख की लागत से सीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसकी कुल लबाई करीब 500मीटर के आसपास है। इस कार्य के लिए ठेकेदार ने यहां बिना जलदाय विभाग के अधिकारियों से पूछे ही सड़क की खुदाई का कार्य शुरू कर दिया, जिससे जलदाय विभाग की अण्डरग्राउण्ड पाइपलाइन जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई। जलापूर्ति के समय मंगलवार को हजारों लीटर पानी सडकों पर व्यर्थ बहता नजर आया। इस दौरान कई लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच सका और लोग पेयजल को भटकते नजर आए। लोगों को पेयजल लाइन के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली तो उन्होंने पार्षद से बात की, लेकिन ठेकेदार के मनमाने जवाब से पार्षद भी कुछ नहीं कर पाए। गर्मी में लोगों को आएगी परेशानी सानिवि की ओर से कराए जा रहे सड़क निर्माण को लेकर लोगों व पार्षद ने सड़क की खुदाई के दौरान जलदाय विभाग की पाइपलाइन और कनेक्शनों के क्षतिग्रस्त होने के संबंध में सवाल किया तो ठेकेदार ने जलदाय विभाग की अण्डरग्राउण्ड पाइपलाइन काफी उपर होने का तर्क देकर अपना पल्ला झाड़ लिया।स्थानीय निवासी आशीष सोनी, प्रतीक जैन आदि ने बताया कि सडक् निर्माण कार्य में अभी काफी समय लगेगा। निर्माण में कम से कम दो से तीन माह का समय लगने की संभावना है। इस दौरान गर्मी का मौसम अपने चरम पर रहेगा। ऐसे में गर्मी के दौरान कॉलोनी में पेयजल की समस्या से इंकार नहीं किया जा सकता है



**ठेकेदार की लापरवाही :** ठेकेदार की लापरवाही से खुदाई के दौरान जलदाय विभाग की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। ऐसे में प्रतिदिन सैंकड़ों लीटर पानी सड़कों पर बह रहा है। घरों में जलापूर्ति नहीं हो रही है। इस संबंध में जब ठेकेदार से बात की तो उन्होंने पाइपलाइन के काफी उपर होने की बात कहकर मामले को टाल दिया।

**अभयंकर शर्मा, पार्षद**

# वन मंत्री ने करणी माता मेले की तैयारियों का लिया जायजा

- मेले में श्रृद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के दिए निर्देश
- बायोडावर्सिटी पार्क का निरीक्षण कर सुंदर स्वरूप प्रदान करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज करणी माता मेले की तैयारियों के संबंध में प्रताप बंध से करणी माता मंदिर तक की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री शर्मा ने करणी माता मेला स्थल व सड़क के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी रूप में कोई भी असुविधा नहीं होवें। उन्होंने हाल ही में निर्मित नवीन सड़क का निरीक्षण कर पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि सड़क पर सफेद पट्टी का कार्य मेले के प्रारम्भ से पूर्व करा लेवे। सड़क के किनारे सुरक्षा साइनेज लगवाएं तथा किनारे पर बनी दीवार की मोरियों को भी साफ करावें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि मेले में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा नियमित साफ-सफाई व्यवस्था करावें। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था व ट्रेफिक नियंत्रण हेतु अतिरिक्त जाप्ता लगाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मेडिकल टीम मय एम्बुलेंस मौजूद रहें। उन्होंने यूआईटी के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि वन विभाग से समन्वय कर प्रताप बंध से बाला किला तक की सुरक्षा दीवार पर हटे हुए कर्व पत्थरों को पुनः लगवाएं।

**बायोडायवर्सिटी पार्क का किया निरीक्षण :** मंत्री शर्मा ने बायोडायवर्सिटी पार्क का निरीक्षण कर यूआईटी के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये कि पार्क को और अधिक सुंदर स्वरूप प्रदान करने के लिए पुनः नवीन प्रस्ताव तैयार करें। इसी प्रकार उन्होंने निर्देश दिये कि तितली पार्क विकसित करने व कैफेटेरिया के प्रस्ताव तैयार करें एवं मियाबाकी पद्धति से पौधारोपण करने तथा क्षतिग्रस्त हुई मचान आदि को दुरूस्त कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि यूआईटी के द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क की सुरक्षा आदि के लिए गार्ड की व्यवस्था की जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि पक्षियों के भोजन के लिए यहां फलदार पौधे लगाए जावें तथा पौधों के पास साइन बोर्ड लगाकर क्यूआर कोड लगाने का कार्य करें जिससे क्यूआर कोड स्कैन कर उस पौधे की समस्त जानकारी प्राप्त की जा सके।

इसके लिए वन विभाग का सहयोग लेवे। इस दौरान उन्होंने अपने नियमित पौधारोपण के संकल्प के तहत पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान सीसीएफ सरिस्का संग्राम सिंह कटिहार, डीएफओ अलवर राजेंद्र हुड्डा, डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु साहरण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रियंका रघुवंशी, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र नरुका, पीडब्लूडी की अधिशाषी अभियंता श्रीमती अल्का व्यास, यूआईटी के अधिशाषी अभियंता कुमार संभव अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी व पं. जले सिंह एवं जितेन्द्र राठौड़ मौजूद रहें।



## श्रीचंदपुरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शिविर में 56 मरीजों की हुई जांच

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** लूपिन ह्यूमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन अलवर के द्वारा राजीव गांधी केंद्र श्रीचंदपुरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से प्रशिक्षित मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 56 मरीजों की बीपी, शुगर, ईसीजी, बीबीसी आदि की जांच कर इलाज किया गया व चार मरीजों को अलवर के लिए रेफर कर दिया गया। शिविर में डॉक्टर सुनिल कुमार द्वारा मरीजों की जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। लूपिन के कार्यक्रम प्रभारी एरिया कोर्डिनेटर तुषार सिंह झालानी ने बताया कि इन मरीजों में बीपी शुगर दमा हृदय रोग के मरीजों की संख्या सबसे अधिक थी। शिविर में डीइओ राजेश कुमार सैनी, एएनएम प्रिया गुर्जर, बैंक कम्युनिटी मोबिलाईजर धर्मेंद्र कुमार मीणा, हिंदुस्तान स्काउट गाइड राजस्थान जिला उपाध्यक्ष व भाजपा राजपुर मंडल उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा, वार्ड पंच हेमलता, पवन शर्मा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहिताश शर्मा, फार्मासिस्ट सीताराम, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि मनोहर लाल बैरवा, ग्राम पंचायत सरपंच उर्मिला बैरवा, ग्राम सचिव गोरंती मीणा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राजस्थान विधानसभा में युवा संसद का हुआ शुभारंभ
## नेता प्रतिपक्ष जूली बोले- बड़ी-बड़ी कंपनियों को चला रहे भारत के युवा

बढ़ता राजस्थान




**अलवर/जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को खेल मंत्रालय की ओर से राज्य स्तरीय विकसित युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जूली बोले देश विदेश में बड़ी-बड़ी कंपनियों को भारत के युवा चला रहे है ।जूली ने कहा कि 18 वर्ष के युवाओं को वोट डालने का अधिकार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने दिया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को आगे बढ़ाने में अग्रणीय भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि देश में कंप्यूटर और सूचना क्रान्ति राजीव गांधी लेकर आए ।इसी क्रांति की बदौलत पूरी दुनिया में भारत के युवाओं का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा लेकिन तब दर्द होता है जब युवा अपने सपनो का गला घोंटकर आत्महत्या करता है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन ऐसी खबरें सुननी को मिलती हैं,ऐसे हालात क्यों बन रहे है वर्तमान में इस पर गंभीर विचार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग के बीच पनपने वाले अवसाद को हम सभी को मिलकर दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को सामूहिक रूप से मिलकर यह भूमिका निभानी चाहिए जिससे आत्महत्या के विचार का खात्मा हो सके और युवाओं को एक नई ताकत मिले। जूली बोले इस सदन में आने के लिए पता नहीं कितनी मेहनत करनी पड़ती है, कितने षड्यंत्र चलते हैं तब जाकर मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारे अलवर के सांसद रहे भंवर जितेंद्र सिंह जब केंद्रीय युवा मंत्री थे, तब भारत से चीन में युवाओं का डेलिगेशन गया था, उसमें मुझे जाने का मौका मिला। देश में भी कई जगह युवा संसद में जाने का मौका मिला। जूली ने कहा कि युवाओं को ज्यादातर घर के लोग राजनीति से दूर ही रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि युवा जब तक राजनीति में भागीदार नहीं निभाएगा, राजनीति में नहीं आएगा, तब तक नए विचार राजनीति में कैसे आएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी या अन्य कोई भी दल अपनी बात कहेंगे, सुनने पर सब सही लगता है। ऐसा लगता है सब सही कह रहे हैं लेकिन आप रिसर्च करेंगे तब पता लगेगा कि सही रास्ता कौन सा है।

## श्याम संकीर्तन में श्याम बाबा का सजा अलौकिक दरबार, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान





**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के रेलवे स्टेशन मार्ग पर श्री गोवर्धन श्याम मित्र मंडल राजगढ़ की ओर से श्याम प्रभु के संकीर्तन का आयोजन हुआ। इस दौरान बाबा श्याम का मनमोहक अलौकिक श्रृंगार किया गया। श्री गोवर्धन श्याम मित्र मंडल की विमला देवी ने बताया कि संकीर्तन का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ। सर्वप्रथम बांदीकुई के पंकज आचार्य ने गणेश वंदना के साथ संकीर्तन का शुभारंभ किया। संकीर्तन में बांदिकुई के भजन प्रवाहक कमलेश तिवारी ने हनुमानजी जी महाराज, खाटूश्यामजी के भजन हारे का सहारा है मेरा श्याम धनी, खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार है, तु खाटू बुलाता रहे में आता रहूं सहित अनेक एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को ताली बजाने व नाचने पर मजबूर कर दिया। जागरण के बीच-बीच में सजीव झांकी दिखाई गई। जिनको देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। संकीर्तन में जयपुर की भजन प्रवाहिका मीनू जायसवाल ने राम नाम संकीर्तन, थाली भरकर लाई रे खिचड़ो व दौसा के भजन प्रवाहक प्रेम तंवर ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को खुब नचाया। संकीर्तन में पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा आकर्षण का केंद्र रही। संकीर्तन का समापन बाबा श्याम जी की आरती के साथ हुआ। आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंकज सैनी, मुकेश सैनी, महेंद्र,विजय कुमार, हरिप्रसाद,चिरमोल सैनी, मुकुल बड़ाया, राजकुमार गुप्ता, राकेश सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## निजी विद्यालय 7 अप्रैल तक कर सकते हैं आरटीई के तहत 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** निजी विद्यालयों में निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा (12)(1)(ग) के अन्तर्गत गैर सरकारी विद्यालयों में सत्र 2025-26 हेतु निःशुल्क आवेदन मंगलवार से प्रारंभ हो गये। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए गैर सरकारी विद्यालयों में एन्ट्री कक्षा पीपी 3 प्लस तथा कक्षा प्रथम में ही बच्चों को निशुल्क प्रवेश मिलेगा। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि निजी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए मंगलवार से निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत 25 मार्च से 7 अप्रैल तक अभिभावकों द्वारा आरटीई पोर्टल पर आनलाइन आवेदन व दस्तावेज अपलोड करने होंगे। वहीं 9 अप्रैल को आनलाइन लॉटरी द्वारा बालकों का वरियता क्रम निर्धारण होगा। 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक अभिभावकों को विद्यालयों में आनलाइन रिपोर्टिंग करनी होगी। निजी विद्यालयों को उसकी एन्ट्री कक्षा में प्रवेशित बालकों के 25 प्रतिशत सीटों पर असुविधाग्रस्त समूह एवं दुर्बल वर्ग के विद्यार्थियों को प्रवेश देना होगा। बालक गैर सरकारी विद्यालय के आसपास के कैचमेंट एरिया में निवास करने वाला होना चाहिए। शहरी क्षेत्रों के लिए नगरपालिका व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ग्राम पंचायत कैचमेंट एरिया होगा।

### आवेदन के लिए निम्न दस्तावेज होंगे आवश्यक

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि आवेदन के लिए आधार कार्ड, नामांकन स्लिप, अभिभावक की वार्षिक आय 2 .50 लाख रूपए से कम होने का प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पहचान पत्र, आयु प्रमाण पत्र, ओबीसी, एससी, एसटी का प्रमाण पत्र आवश्यक होगा। आरटीई के तहत विद्यालय की एन्ट्री कक्षा पीपी 3 प्लस या प्रथम कक्षा में ही इस बार आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय में प्रवेश हेतु बालक-बालिकाओं की न्यूनतम आयु इस वर्ष 31 जुलाई 2025 को पूर्ण हो जानी चाहिए।

## श्री महावीर जयन्ती महोत्सव के लिए कमांडर इन चीफ बने मनोज जैन डीग वाले

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** श्री महावीर जयन्ती महोत्सव 2025 के लिए मंगलवार को कमांडर इन चीफ का चयन किया गया ।महोत्सव समिति के महामंत्री नरेंद्र कुमार जैन बडजात्या ने बताया की महोत्सव समिति द्वारा सकल जैन समाज के पुरुष मंडलों की सभा दिनांक 25 मार्च 2025 को रात्रि 8.00 बजे श्री दिगम्बर जैन खण्डेलवाल पंचायती मंदिर हलवाई पाड़ा में सम्पन्न हुई। यह सभा महोत्सव समिति के अध्यक्ष श्री महेंद्र जैन सचेती की अध्यक्षता में हुई ।इस सभा में सर्व सम्मती से कमांडर इन चीफ के लिए श्री पल्लीवाल नवयुवक मंडल के मनोज जैन डीग वाले का चयन किया गया तथा डिप्टी कमांडर के लिए नवयुवक मंडल से वीरेन्द्र जैन बडजात्या व जैन मित्र मण्डल के नवीन जैन का सर्व सम्मती से चयन किया गया ।

## मंत्री शर्मा ने जनसुनवाई कर परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने बुधवार को अपने निवास 201,रघुमार्ग पर जनसुनवाई के दौरान आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में पेयजल, नगर निगम, नगर विकास न्यास, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल आपूर्ति के संबंध में परेशानी का सामना नहीं करने पडे। इसके लिए आमजन के दूरभाष, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त पेयजल समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि नियमित रूप से फील्ड विजिट कर आमजन से पेयजल आपूर्ति का फीडबैक भी लेवे।

उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत सभी बोरिंगों को यथाशीघ्र चालू कर पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर स त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

## क्षेत्र के लोगों मांगों के लिए संघर्ष करना मेरा कर्तव्य : शेखावत
### शासन और प्रशासन से लोगों की मांग पूरी करवाना मेरा अधिकार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** बानसूर विधानसभा के सिंह विधायक देवीसिंह शेखावत ने विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर को नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़गारी और सांसद राव राजेन्द्रसिंह से मिलकर क्षेत्र के लोगों की मांग का मांगपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे से नारायणपुर उपखण्ड को जोड़ा जाए। शेखावत ने दोनों नेताओं से कहा कि नारायणपुर उपखण्ड को नेशनल हाईवे से जोड़ने पर करीब 63गाँवों के नागरिकों को लाभ मिलेगा। वहीं जिला मुख्यालय पहुँचने के लिए मात्र 21किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। उन्होंने ने दोनों नेताओं को बताया कि मात्र 4किलोमीटर के लिए 63गाँवों की जनता को परेशान नहीं किया जाए ।मात्र 17.4किलोमीटर सड़क निर्माण में संशोधन कर यदि उसे 21किलोमीटर बना दिया जाए तो यह जनहित में होगा। शेखावत ने कहा कि आप दोनों नेता यदि जनहित में फैसला करेंगे तो आमजन की समस्याओं का निदान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है आप दोनों नेता उपखण्ड नारायणपुर को नेशनल हाईवे से जोड़कर मुझे कृतार्थ करेंगे।



## बासदयाल थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही
## संगठित अपराध में वांछित चल रहा ईनामी बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** वृत्त क्षेत्र के थाना बासदयाल पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए संगठित अपराध की दुनियां के बड़े बदमाश को गिरफ्तार किया है। वांछित बदमाश राजेश बागड़ी पुत्र रामकिशन गुर्जर जाति गुर्जर आयु 27साल हरसौरा थाना क्षेत्र के गाँव धामला का बास निवासी है जो अब ग्राम कोठीयां नारायणपुर जिला कोटपूतली बहरोड़ में निवास कर रहा था ।जिसके खिलाफ थाना बानसूर में 4मुकदमे दर्ज थे। वृतांधिकारी दशरथ सिंह ने बताया कि बानसूर वृत्त क्षेत्र में वांछित बदमाश के विरुद्ध 4मुकदमे दर्ज हैं और अन्य थानों में दर्ज मुकदमों की पड़ताल की जा रही है कि कहीं बानसूर वृत्त क्षेत्र में इसके खिलाफ अन्य और मुकदमे दर्ज हैं क्या? उन्होंने बताया कि क्षेत्र के खिवाहेड़ी निवासी हीरालाल ने घायल अवस्था में 12फरवरी 2025को बताया कि वह कोर्ट से घर लौट रहा था कि रास्ते में वांछित बदमाशों सडयंत्र पूर्वक संगठित होकर फायरिंग की ।और बाईक लेकर आरोपी बदमाश फरार हो गए ।वृतांधिकारी सिंह ने बताया कि कोटपूतली बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराधियों की धर पकड़ अभियान के तहत एक टीम का गठन किया गया। टीम में बासदयाल थानाधिकारी प्रदीप कुमार,हैडकांस्टेबल देवीसिंह, कांस्टेबल शंकर लाल, सुरेन्द्र पाल,सायरमल सहित गोपेश शामिल रहे। जिसमें कांस्टेबल गोपेश की अहम भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि वांछित बदमाश राजेश बागड़ी के खिलाफ अनेक धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं।

## प्रतिभाओं का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर( धीरज मौर्य )।** डॉ अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी गूंता द्वारा संचालित निःशुल्क लाइब्रेरी में कक्षा 5 में अध्यनरत दो होनहार बालकों अमन पुत्र ताराचंद सिरोहीवाल और ध्रुव पुत्र पवन डुमोलिया का नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। डॉ अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी कोषाध्यक्ष अमित आर्य ने बताया कि सोसायटी के द्वारा छः बच्चों को एक साल से अधिक समय से अपने स्तर पर निःशुल्क तैयारी करवाई गई जिनमें दो बच्चों का चयन है।

## ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )। शिक्षा विभाग की ओर से गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना की अध्यक्षता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढ़िगावड़ा में प्रातः 11 बजे से आयोजित की जाएगी।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय अग्निकर्म विद्धकर्म कार्यशाला बीकानेर में 28 से

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** विश्व आयुर्वेद परिषद राजस्थान द्वारा राष्ट्रीय अग्निकर्म-विद्धकर्म कार्यशाला का बीकानेर में आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ रिडमल सिंह राठौड़ ने बताया कि 28 और 29 मार्च को वेटेरिनरी विश्वविद्यालय बीकानेर के सभागार में यह ऐतिहासिक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में देशभर से सैंकडों चिकित्सक आयुर्वेद की प्राचीन अग्निकर्म और विद्धकर्म विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। आयोजन समिति के संयुक्त सचिव डॉ विनीत बागड़ी ने बताया कि इस क्लिनिकल वर्कशॉप में विभिन्न जटिल बीमारियों से पीड़ित रोगियों का लाइव उपचार किया जाएगा ।तथा कार्यशाला में अग्निकर्म और विद्धकर्म चिकित्सा द्वारा माइग्रेन, साइटिका, सर्वाइकल, स्लिप डिस्क, आर्थराइटिस, फ्रोजन शॉल्डर, रिट्रो केल्केनियल बर्साइटिस, कॉर्न, वार्ट्स, साइनुसाइटिस, अस्थमा इनफर्टिलिटी, पीसीओडी, एलोपेसिया, सेरिब्रल पाल्सी, आइबीएस, अल्सर, रीनल केल्कुलस और पेन मैनेजमेंट का प्रशिक्षण चिकित्सकों को दिया जाएगा।

# बीकानेर में हुआ राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन, जिला स्तरीय कार्यक्रम में कोटा के पांच किसानों को मिली अनुदान राशि

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों को बताया देश-प्रदेश की रीढ़ की हड्डी, सरकार समर्पित होकर कर रही कार्य

बढ़ता राजस्थान






**कोटा ( का.स. )।** राजस्थान दिवस पर आयोजित साप्ताहिक महोत्सव के तहत बुधवार को बीकानेर में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन के मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारण सिआम ऑडिटोरियम में जिला स्तर पर किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी पांच किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से अनुदान राशि ट्रांसफर की गई।बीकानेर में आयोजित इस राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि किसान भाई देश-प्रदेश की रीढ़ की हड्डी हैं। राज्य सरकार प्रदेश के किसानों के हित के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। तारबंदी एवं फार्म पोंड से लेकर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों को अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने लघु एवं सीमांत किसानों का आह्वान किया कि वे किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के माध्यम से बाजार तक अपनी पहुंच बनाएं, ताकि उन्हें अपने उत्पाद बेचने के लिए बाजार मिले और मेहनत का सही मूल्य मिल सके।

**किसान खुशहाल होगा तो प्रदेश खुशहाल होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान खुशहाल होगा तो प्रदेश खुशहाल होगा। किसानों की सुविधा के लिए राज्य सरकार ने इस बार मूंगफली की खरीद 25 क्विंटल से बढ़ाकर 40 क्विंटल कर दी है। साथ ही, खरीद की तिथि भी बढ़ाई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों व पशुपालकों के लिए चलाई गई योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएं।

**30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपए का अनुदान हस्तांतरित :** किसान सम्मेलन में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) मेले का उद्घाटन तथा 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपए का अनुदान हस्तांतरण किया गया। सिआम ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाडपुरा तहसील के भगवानपुरा निवासी गौरीशंकर नागर को तारबंदी योजना में 40 हजार रुपए, लाडपुरा तहसील के बावड़ी खेड़ा कोलाना निवासी नाथूलाल माली को फार्म पोंड योजना में 63 हजार रुपए, रानपुर निवासी देशराज माली को स्थाई वर्मी बेड स्ट्रक्चर तैयार करने के लिए 49 हजार 998 रुपए, सांगोद तहसील के सावन भादौ निवासी महावीर धाकड़ को कृषि यंत्र के लिए 39 हजार 400 रुपए व लाडपुरा तहसील के जालखेड़ा निवासी चौथमल मीणा को गोवर्धन जैविक उर्वरक वर्मी कम्पोस्ट यूनिट के लिए 10 हजार रुपए की अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से खातों में ट्रांसफर की गई।

**27 मार्च को भरतपुर में होगा अन्त्योदय कल्याण समारोह :** राजस्थान दिवस पर आयोजित हो रहे साप्ताहिक महोत्सव की श्रृंखला में 31 मार्च तक विभिन्न आयोजन होंगे। इस क्रम में गुरुवार, 27 मार्च को भरतपुर में अन्त्योदय कल्याण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें पुलिस विभाग के 100 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाई जाएगी। लगभग 91 हजार निर्माण श्रमिकों को 100 करोड़ रुपए का हस्तांतरण, डांग, मगरा, मेवात में 300 करोड़ रुपए की राशि का हस्तांतरण, ई-वर्क पोर्टल एवं ई-वर्क मोबाइल एप लॉन्चिंग, स्वामित्व योजना के तहत 3 हजार पट्टा वितरण किए जाएंगे। 28 मार्च को भीलवाड़ा में विकास एवं सुशासन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। 29 मार्च को कोटा में युवा एवं रोजगार उत्सव का आयोजन होगा।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं अस्वीकृत करने पर किसानों में आक्रोश

## भारतीय किसान संघ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया, समाधान का मिला आश्वासन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भारतीय किसान संघ जिला कोटा की ओर से भामाशाह कृषि उपज मंडी कोटा में स्थित एफसीआई के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद केन्द्र के कर्मचारियों के द्वारा गेहूं को नापास कर देने पर भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर से मिला। इसने समस्या के समाधान की मांग की। जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी से संघ के जिलाध्यक्ष जगदीश कलमंडा के नेतृत्व में संभाग अध्यक्ष गिरिराज चौधरी, प्रांत प्रचार प्रमुख आशीष मेहता, जिला मंत्री रूपनारायण यादव, जिला कोषाध्यक्ष देवीशंकर गोचर, महानगर अध्यक्ष बृजराज नागर व संभाग कार्यालय मंत्री हेमराज नागर ने मिलकर किसानों की पीड़ा व्यक्त करते हुए ज्ञापन दिया और समाधान की मांग की। संभाग अध्यक्ष गिरिराज चौधरी ने कहा कि अभी गेहूं की कटाई प्रारम्भ हुई है। किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं की तुलाई के लिए बहुत कम संख्या में आ रहे हैं, लेकिन भामाशाह कृषि उपज मंडी में स्थित एफसीआई तोल केन्द्र के कर्मचारियों द्वारा किसानों के गेहूं को गुणवत्ता के नाम पर नापास करके उन्हें वापस लौटाया जा रहा है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसे भारतीय किसान संघ बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान जिला कलेक्टर ने एफसीआई के अधिकारियों से बात कर किसानों को नाजायज परेशान नहीं कर गेहूं खरीदने का निर्देश दिया।

### इन किसान नेताओं ने भी जताया आक्रोश

प्रांत प्रचार प्रमुख आशीष मेहता ने कहा कि एक ओर तो भारत सरकार द्वारा व्यापारियों पर स्टॉक सीमा लगाने से गेहूं के भाव नीचे आ गए हैं, दूसरी ओर समर्थन मूल्य खरीद केन्द्रों पर गुणवत्ता के नाम पर नापास करके किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि ऐसा ही रहा तो फिर भारतीय किसान संघ धरना प्रदर्शन करेगा। जिलाध्यक्ष जगदीश कलमंडा ने कहा कि सरकार की नीयत किसानों के प्रति सही नहीं है, क्योंकि जो सरसों, चना फरवरी के माह में पककर किसानों के घर में आ गई, उसकी खरीद 10 अप्रेल से करने के कारण किसानों को प्रति क्विंटल 500 से 700 रुपए का नुक्सान उठाना पड़ रहा है, जबकि यह खरीद मार्च माह में शुरू हो जाती है। दूसरी ओर गेहूं को नापास करके किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जो किसानों के हितों पर कुठाराघात है।

# बिजली व्यवस्था के निजीकरण के विरोध में रैली, 150 वें दिन थर्मल चौराहे पर प्रदर्शन

- वक्ताओं ने सरकार व विद्युत प्रशासन पर लगाया कर्मचारियों के हित की अनदेखी का आरोप
- 2 अप्रेल को कार्य का बहिष्कार कर मुख्यमंत्री व एसीएस के नाम ज्ञापन देंगे विद्युतकर्मी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम अभियंता-कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार को राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के सभी पावर प्लांटों के अभियंता व कर्मचारियों ने एक घंटे तक कार्य का बहिष्कार कर मुख्य द्वार पर आक्रोश प्रदर्शन किया। इसी क्रम में कोटा थर्मल के अभियंता कर्मचारी भी प्रदेश संयोजक राकेश गुप्ता के नेतृत्व में थर्मल गेट से नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में थर्मल नाव चौराहे पर पहुंचे। यहां इन्होंने सरकार व विद्युत प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलनकारियों को सम्बोधित करते हुए संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक राकेश गुप्ता ने कहा कि सरकार व विद्युत प्रशासन की ओर से कर्मचारियों के हित में अभी तक किसी भी प्रकार का सकारात्मक रुख नहीं अपनाया गया है। इसलिए भविष्य में संगठित क्षेत्रों में स्थाई प्रकृति के रोजगार बनाए रखने, कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए तथा विद्युत निगमों में निजीकरण के विरोध में संघर्ष समिति की ओर से सभी पावर प्लांटों में आगामी 2 अप्रेल को कार्य बहिष्कार किया जाएगा। साथ ही अतिरिक्त मुख्य अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री ? व राजस्थान सरकार तथा संयुक्त निदेशक कार्मिक के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, राजस्थान सरकार को ज्ञापन दिए जाएंगे।

**तीन माह बीतने के बावजूद नहीं ली बैठक :** संघर्ष समिति के सह संयोजक रवि गौतम व निशांत शर्मा ने बताया कि विद्युत भवन के घेराव के दौरान निजीकरण के विषय पर संघर्ष समिति के साथ समझौता वार्ता में 20 दिसम्बर 2024 को अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक ने प्रत्येक निगम के साथ अलग-अलग बैठक लेने व कर्मचारियों की सेवा शर्तों पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ने देने का आश्वासन दिया था, किन्तु करीब 3 माह का समय व्यतीत हो जाने के बावजूद भी विद्युत प्रशासन के द्वारा किसी भी निगम की कोई बैठक नहीं ली गई। कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षार्थ एचआर पॉलिसी की स्थिति भी स्पष्ट नहीं की गई। बल्कि इसके विपरीत प्रशासन द्वारा विद्युत क्षेत्र में विभिन्न मॉडल व नामों से किए जा रहे निजीकरण की कार्यवाही को दोगुनी गति से किया जा रहा है। इससे अभियंता व कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

**पांचों निगमों में होगा महा आंदोलन :** प्रदेश प्रवक्ता वीरेन्द्र कश्यप ने बताया कि प्रशासन द्वारा जल्द ही बिजली के निजीकरण को निरस्त करने के लिए कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जाती है तो पांचों निगमों में गठित अभियंता, अधिकारी व कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के निर्देशानुसार प्रदेशभर में विद्युत कर्मियों को महा आंदोलन करना पड़ेगा। इससे उत्पन्न होने वाली औद्योगिक अशांति के लिए विद्युत प्रशासन व राजस्थान सरकार जिम्मेदार होगी।

# विप्र फाउंडेशन महिला कार्यकारिणी झालावाड़ द्वारा फागोत्सव धूमधाम से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** विप्र फाउंडेशन महिला कार्यकारिणी झालावाड़ द्वारा फागोत्सव महिला जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा की अध्यक्षता में गोदाम की तलाई स्थित श्री राम मंदिर पर धूमधाम से मनाया गया।फागोत्सव के चलते आने वाले सभी कार्यकारिणी महिलाओं को गुलाल से तिलक किया व फूलों से होली खेली गई जिसमें राधा कृष्ण बने रियांका भारद्वाज व विजया शर्मा व छोटे बच्चों में भी राधा कृष्णा के बाल रूप में कृष्णा नंदवाना, वैदिका पाण्डेय, राध्या दुबे, गौरी , दुर्विषा ने सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉ अनुश्री शर्मा ओर रजनी मिश्रा ने विप्र फाउंडेशन नगर अध्यक्ष झालावाड़ रजनी शर्मा, पाटन नगर अध्यक्ष हेमलता शर्मा व जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा का माला पहनाकर सम्मान किया। साथ ही सुंदर व मनमोहक भजन की प्रस्तुति के लिए जिला संरक्षक शीतल तिवारी व उपाध्यक्ष ममता मिश्रा का भी माला पहनाकर सम्मान किया । अंत में लड्डू गोपाल की आरती मंजू पांडे, संतोष शर्मा व ज्योति मैडम (लोटी स्कूल) द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंत में आभार प्रदेश उपाध्यक्ष संध्या शर्मा द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी नेहा शर्मा ने बताया कि गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी विप्र फाउंडेशन द्वारा फागोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया और आने वाले वर्षों में भी इस तरह के कई कार्यक्रम समय समय पर आयोजित होते रहेंगे। कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन की संपूर्ण महिला कार्यकारिणी ममता नागर, ज्योति अमित शर्मा,स्वाति तिवारी, मोनिका भारद्वाज,ज्योति पांडे,जलज तिवारी, ममता दुबे,सुमन शर्मा,संध्या शर्मा,सपना शर्मा ,नम्रता गौड़ , पायल दुबे अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहीं।

# रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन ने पूर्व अध्यक्ष विनय भल्ला को सेवानिवृति पर सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन कोटा की ओर से ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष विनय भल्ला का सेवानिवृत्ति के उपरांत कोटा आगमन पर सम्मान किया गया।भल्ला का उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अभिनंदन कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश जैन, महामंत्री आरके जैन, उपाध्यक्ष वीके शर्मा, मुख्य संरक्षक परमानंद गोयल, प्रचार मंत्री आरएस राणा आदि मौजूद रहे। रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक परमानंद गोयल के द्वारा लिखी गई पुस्तक कोटा टूरिज्म-विजिट कोटा, यादगार कोटा भल्ला को भेंट की गई। भल्ला ने संगठन का आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में प्रत्येक बूथ से 20 युवाओं के आने का आह्वान, मंडल स्तरों पर तैयारी बैठकें हुईं

## भाजपा की तैयारी बैठकों का दौर जारी, कार्यकर्ताओं को बांटी जा रही हैं जिम्मेदारियां

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के 29 मार्च के कोटा आगमन को लेकर भाजपा की तैयारी बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य में कोटा उत्तर विधानसभा व लाडपुरा विधानसभा के मंडलों में कार्यकर्ताओं की बैठकें हुईं। इनमें जिलाध्यक्ष जैन ने प्रत्येक बूथ से 20 युवाओं को कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारियां बांटी गईं।

**यहां हुई मंडल बैठकें, ये कार्यकर्ता रहे शामिल :** भाजपा कुन्हाड़ी मंडल की बैठक शिव मन्दिर, बीड़ के बालाजी रोड़ में आयोजित हुई। इसमें मंडल अध्यक्ष ओम शंकर सुमन, प्रतिनिधि चेतन राठौर, पार्षद राकेश पुटरा, बीरबल लोधा, नवल सिंह हाड़ा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश से महावीर सुवालका आदि मौजूद रहे। स्टेशन व रेलवे कॉलोनी मंडल की बैठक हरिओम बेंक्वेट हॉल में हुई। इसमें जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, जिला मंत्री आशा चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष दिनेश सरसिया, महेन्द्र सिंह निर्भय, मंडल प्रतिनिधि सत्यनारायण शर्मा, सीमा मरोठिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश शर्मा आदि पदाधिकारी शामिल रहे। बोरखेडा मंडल की बैठक कंचन मोहन पैलेस, 120 फीट रोड़ में आयोजित हुई। इसमें एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा, मंडल अध्यक्ष मनोज गोस्वामी, मंडल प्रतिनिधि सुरेश सिंह जादौन, पार्षद देवेन्द्र शर्मा, विजय लक्ष्मी प्रजापत, महावीर खटाना, महावीर प्रसाद नायक, महिला मोर्चा से सुनिता सामरिया आदि शामिल रहे। उद्योग नगर मंडल की बैठक हनुमान मंदिर, डीसीएम सर्किल, आरएसएस ग्राउंड में हुई। इसमें जिला मंत्री रेखा खेलवाल, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलाल टटवाडिया, मंडल अध्यक्ष मनोज तलाईचा, मंडल प्रतिनिधि बद्री आर्य, पार्षद फतेह बहादुर सिंह, योगेन्द्र राजावत, गिरिराज महावर, पूर्व मंडल अध्यक्ष रविन्द्र सिंह हाड़ा, विशेष सम्पर्क प्रकोष्ठ से कृष्ण मुरारी सामरिया आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। रामपुरा व नयापुरा मंडल की बैठक भारतेन्दु समिति, रामपुरा में आयोजित हुई। इसमें मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश महावर, संजय समीर सैनी, मंडल प्रतिनिधि महेन्द्र गर्ग, सोनिया सिंह राठौड़, सुनिल जायसवाल, अवधेश अजमेरा, अर्चना शर्मा, सतीश लक्षकार, मनीष योगी, मोंटी सोनी, चंद्रमोहन योगी, प्रदीप बोहरा, दिनेश संगत शामिल रहे। छावनी मंडल की बैठक पूर्व मंडल अध्यक्ष रविकांत शर्मा के निवास पर हुई। इसमें पूर्व उपमहापौर सुनिता व्यास, सहकारिता प्रकोष्ठ से महीप सिंह सोलंकी, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र मेघवाल, पार्षद शानू कश्यप व पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमचंद शाक्यवाल शामिल रहे।

# आगामी त्यौहारों को शांति समिति की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गंगधार पुलिस उपाधीक्षक जय प्रकाश अटल ने की। बैठक में गंगधार एसएचओ अमरनाथ जोगी ने आगामी त्यौहारों को लेकर चर्चा की। जिसमें 27 मार्च को रंग तेरस नहान का पर्व मनाया जाएगा, इसके बाद 30 मार्च को चौमहला कस्बे में हिंदू नव वर्ष का कार्यक्रम आयोजित कर शोभायात्रा निकाली जाएगी, वहीं 31 मार्च को ईद मनाई जाएगी, साथ ही गंगधार कस्बे में पारंपरिक रूप से रामनवमी 6 अप्रैल व 7 अप्रैल को रावण दहन कर दशहरा मनाया जाएगा। वहीं आगामी 12 अप्रैल को चौमहला कस्बे में हनुमान जयंती मनाई जाएगी। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध जनों से चर्चा कर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। साथ ही पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन आपके साथ हैं किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध गतिविधि एवं अनुचित कार्यों की सूचना पुलिस से साझा करें। कार्यक्रमो के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की बात कही। एवं साथ ही सभी से शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान गंगधार सदर सलीम खान, चौमहला सदर अमजद खान, सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप मोरी, कौशल शर्मा, मनीष मिश्रा, भव्य गुप्ता, बृजेश शर्मा, सीताराम वर्मा, विक्रम प्रजापत, रवि मालवीय,अभिषेक सहित विविध संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

# सभी बैक प्रत्येक ग्राम पंचायत में सरकार द्वारा चलाए गए कृषि ऋण योजनाओ के बारे में कैंप लगाकर किसानो एवं ग्रामीणों को जागरुक करे : प्रशांत कुमार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अतिरिक्त जिला कलक्टर राहुल सैनी कि अध्यक्षता में जिला कलक्टर कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय परामर्श समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार द्वारा सर्वप्रथम सभी प्रशासनिक और बैंकिंग क्षेत्र के अधिकारियों का स्वागत किया एवं दिसम्बर तिमाही 2024 मे जिले के बैंकों की उपलब्धि का विस्तृत ब्यौरा सभा पटल पर रखा। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जिले के बैंकों के सीडी रेशियो की बैंकवार विस्तृत समीक्षा करते हुए 60 प्रतिशत से कम सीडी रेश्यो वाले बैंको के जिला समन्वयको पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निदेश दिया कि अपने-अपने बैंकों का सी.डी. रेशियो मे त्वरित गति से 60 प्रतिशत से उपर लाये। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा सभी बैंको को निर्देश दिया गया कि मार्च तिमाही मे कृषि , एमएसएमई एवं रिटेल के सभी लंबित ऋण आवदेनो को त्वरित स्वीकृत कर मार्च तिमाही मे जिला के सीडी रैशियो को राज्य के सीडी रैशियो के बराबर लान सुनिश्चित करे । अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग को निर्देश दिया गया की हर पंचायत में सरकार द्वारा चलाए गए कृषि ऋण योजनाओ के बारे में कैंप लगाकर किसानो एवं ग्रामीणों को जागरुक करना सुनिश्चित करें जिससे कृषि संबंधित ऋण में अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके । अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा राजीविका विभाग के अधिकारियों को



निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द समहू का बचत खाता खुलवा कर उनका ऋण आवदेन जल्द से जल्द बैंको को भेजना सुनिश्चित करे तथा जो समहू जिस ब्लॉक से सबन्धित है उनका ऋण आवदेन उसी ब्लॉक के बैंको को भेजना सुनिश्चित करे । अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा महाप्रबंधक जिला उधोग केंद्र को निर्देश दिया गया कि वितीय वर्ष 2025-26 मे सभी सरकारी एवं गेर सरकारी बैंको को पीएमईजीईपी का टार्गेट दे एवं उन्हे ऋण आवदेन भेजना सुनिश्चित करे । अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा सभी बैंकों को निदेश दिया गया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं अन्य सभी Government Sponsor योजनाओ में सभी बैंको को अधिक से अधिक ऋण वितरण करने का निर्देश दिया गया तथा सभी लम्बित आवेदनों त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया गया साथ ही साथ सम्बन्धित बिभागो को यह निर्देश दिया गया कि बैंकों में गुणबता पूर्ण आवेदनों को ही भेजना सुनिश्चित करे। अग्रणी जिला अधिकारी मंडीप सिंह वालिया द्वारा सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द inoperative accounts को operative accounts मे कन्वर्ट करना सुनिश्चित करे एवं हर 15 दिन पर अपनी प्रगति से अग्रणी जिला प्रबन्धक कार्यालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करे तथा सभी बैंकों के जिला समन्यवक को निर्देश दिया गया कि अपने अपने बीसी सेंटर का ओचिक निरक्षण करना सुनिश्चित करे तथा आरबीआई के दिशा निर्देशो का पालन करना सुनिश्चित करे । डीडीएम नाबार्ड राजेश मीणा द्वारा द्वारा जिले में प्राथमिक क्षेत्र के तहत कृषि क्षेत्र में अधिक से अधिक ऋण वितरण करने का निर्देश दिया तथा वितीय वर्ष 2025-26 के लिए प्राथमिक क्षेत्र मे कुल 5100 करोड़ का लक्ष्य दिया गया तथा जिसे अग्रणी जिला प्रबन्धक द्वारा प्राथमिक क्षेत्र मे कुल 5100 करोड़ के लक्ष्य को ब्लॉक वार एवं बैंक वार बजट को सभा पटल पर रखा गया जिसे अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं सभी बैंको के जिला समन्यवको द्वारा सहमति जताई गयी।

अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा आरसेटी भरतपुर से प्रशिक्षण उपरांत सफल उधमी बने लोगो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । अग्रणी जिला प्रबन्धक एवं निदेशक RSETI द्वारा अतिरिक्त जिला कलक्टर से आग्रह किया गया कि RSETI के भवन निर्माण हेतु जल्द से जल्द जमीन दिलवाने का श्रम करे । अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार द्वारा सभी बैंको को निर्देश दिया गया कि अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा जो भी निर्देश दिया गया है उसे पालन करना सुनिश्चित करे जिससे जिले के विकास में और अधिक गति लाया जा सके।

## स्कूटी पाकर छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** राज्य सरकार की कालीबाई भील मेधावी छात्रवृत्ति योजना सत्र 2023 24 के तहत श्री गांधी ज्योति महिला शिक्षण संस्थान की पांच छात्राओं को राज्य सरकार की ओर से स्कूटी प्रदान की गई स्कूटी लेकर श्री गांधी ज्योति महिला शिक्षण संस्थान पर पहुंची छात्रओ गुंजन शर्मा मुस्कान जाटव इशिका तिवारी तनिष्क हेमलता धाकड़ सहित एक छात्रा को इन्दिरा प्रदर्शनी योजना के तहत मिली स्कूटी पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्यवस्थापक श्री गाँधी ज्योति महिला महाविद्यालय एवं विद्यालय राजेन्द्र पाण्डेय , प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार, राकेश चौधरी, विनोद चौधरी, चन्द्र सिंह, रामले रामनरेश जना, कौशल जांगिड ध्रुव सिंह धाकड (विश्व हिन्दू परिषद प्रखण्ड-भुसावर), कौशल पाण्डेय् उपस्थित रहे।

## श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री का कोटपूतली आगमन पर किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री प्रहलाद राय टांक का बुधवार को जयपुर से दिल्ली जाते समय कोटपूतली आगमन पर उनका शहर के पूतली कट पर उनका माल्यार्पण भव्य स्वागत किया गया।राज्य मंत्री प्रहलाद राय टाक ने मिट्टी कला से जुड़े कामगारों को कामगारों की समस्या सुनी और उन्होंने भरोसा दिया है द्य जल्दी ही कोटपूतली - बहरोड जिले की लॉटरी बोर्ड द्वारा निकाली जाएगी द्य चयनित 20 कामगारों को श्रीयादे माटी कला बोर्ड राजस्थान सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक चाक व मिट्टी घुथने की मशीन प्रशिक्षण के बाद वितरित की जाएगी द्य सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापति पूतली व वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मपाल प्रजापत ने माटी की समस्या व धुंए की समस्या के बारे मे राज्यमंत्री प्रहलाद राय टाक को अवगत करवाया द्य जिससे और उचित हल पर बातचीत हुई। राज्य मंत्री प्रहलाद टाक ने कहा आप कामगारो, आगे बढ़ो । सरकार आपके लिए काम कर रही है। मिट्टी कला से जुड़े कामगारों को इसका लाभ लेने को कहा गया द्य उनका भव्य स्वागत किया द्य इस दोरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मपाल प्रजापत, श्योराम प्रजापत ,कैलाश टेलर, सोणाराम प्रजापत, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापति , हरदान प्रजापत, पूर्ण प्रजापत, फूलचंद कुम्हार, राजू कुम्हार,शीशराम कुमावत, मुकेश सैन, शैतान प्रजापत, राजेंद्र प्रजापत,राजू प्रजापत, आदि मौजूद रहे।

## केला देवी पद यात्रा के दौरान सिकंदरा में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** बयाना-हिंडौन स्टेट हाईवे पर स्थित सिकंदरा गांव में एक संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। यहां बांध की पाल पर एक पेड़ से 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव लटका मिला। स्थानीय लोगों को आशंका है कि यह हत्या का मामला हो सकता है, जिसे सुसाइड का रूप दिया गया है। सुबह गेहूं की फसल काटने गए किसानों ने शव को देखा। भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्य प्रकाश गुर्जर ने पुलिस को सूचना दी। एडिशनल एसपी हरिराम कुमावत, बयाना कोतवाली के एसआई राकेश शर्मा और सदर थाना एसएचओ कृष्णवीर सिंह मौके पर पहुंचे। शव को पेड़ से उतारकर बयाना उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। घटनास्थल से मिले साक्ष्य सुसाइड की संभावना को कमजोर करते हैं। मृतक के पास से एक बैग मिला है। इसमें बिना सिम का कीपैड मोबाइल था। पेड़ के पास चप्पलें भी मिली हैं। फांसी का फंदा कपड़े से बनाया गया था। प्रारंभिक जांच में युवक के कैलादेवी करौली का पदयात्री होने का अनुमान है। कोतवाली थाने के एसआई हंसराज के अनुसार, युवक के परिजनों की तलाश की जा रही है। उनके मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी शव को पेड़ से उतार कर बयाना अस्पताल की मोर्चरी के डी फ्रिज में रखवा दिया गया है। मृत युवक के परिजनों का इंतजार किया जा रहा है।

## नए कार्यालय भवन में आमजन की सुगमता एवं सुविधा का रखा गया है ध्यान : जिला कलक्टर

- कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलक्टर कार्यालय नगर परिषद कार्यालय से पुराने कन्या महाविद्यालय में हुआ शिफ्ट
- जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया कार्यालय का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कोटपूतली-बहरोड़ के नये कार्यालय भवन को बुधवार को पुराने कन्या महाविद्यालय कोटपूतली में शिफ्ट किया गया। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने हवन व विधि विधान से पूजा अर्चना कर नए कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है की नया कलक्ट्रेट कार्यालय अब सराय मोहल्ला, जनाना अस्पताल के पास स्थित पुराने कन्या महाविद्यालय भवन में संचालित होगा। इससे पूर्व कार्यालय नगर परिषद कार्यालय में संचालित किया जा रहा था।जिला कलक्टर ने कहा कि कोटपूतली- बहरोड़ के नए जिले के रूप में स्थापित होने के



साथ ही शुरुआत में जहां सही स्थान मिला वही कलेक्ट्रेट व अन्य विभागीय कार्यालयों का संचालन प्रारंभ किया गया। जिससे कि जिले से संबन्धित कार्य प्रारंभ हो सके। नगर परिषद कार्यालय में स्थान की सीमितता व तीसरी मंजिल पर होने के चलते कई बार आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। आमजन की सहूलियत को देखते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय को यहां से उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक जिले में मिनी सचिवालय नहीं बन जाता तब तक जिला कलेक्टर कार्यालय व अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय यहीं से सुचारू रूप से संचालित होंगे। अब जिलेवासी आसानी से कलक्टर कार्यालय से संबंधित अपने काम करवा सकेंगे। नए भवन में पार्किंग व आमजन के बैठने की उचित व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है।अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि कन्या महाविद्यालय भवन की मरम्मत का कार्य करवाकर आमजन की सुविधा अनुसार व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर जिला कलक्टर एवं एडीएम ने विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण कर समस्त कार्यों का निर्बाध और सुचारू रूप से निर्वहन करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने कहा कि आवश्यक व्यवस्थाएं कर दी गई है, शेष व्यवस्थाएं भी शीघ्र कर दी जाएंगी। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी एवं जिला कलेक्ट्रेट के कार्मिक उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन मे जिला स्तरीय सुरक्षा सखी कि मीटिंग आयोजित

### सुरक्षा सखियों को कानूनी अधिकारों की दी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** पुलिस लाइन में जिला स्तरीय सुरक्षा सखी मीटिंग का आज आयोजन किया गया। एडिशनल एसपी वैभव शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बानसूर, बहरोड, कोटपूतली और विराट नगर क्षेत्र की सुरक्षा सखियां शामिल हुई।एडिशनल एसपी वैभव शर्मा ने कहा कि सुरक्षा सखियां पुलिस और महिलाओं के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा सखियों का मुख्य कार्य जमीनी स्तर पर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। साथ ही महिलाओं से जुड़े अपराधों में कमी लाना भी उनका लक्ष्य है। बैठक में सुरक्षा सखियों ने अपने क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि वे फील्ड में रहकर एक जिम्मेदार नागरिक की तरह काम कर रही हैं। वे महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही हैं और उन्हें कानूनी जानकारी दे रही हैं।एडिशनल एसपी ने कहा कि समाज में महिलाओं के प्रति होने वाले किसी भी अपराध की सूचना पुलिस को देना और पीड़िता को न्याय दिलाना सुरक्षा सखियों का प्रथम कर्तव्य है।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविश्वविद्यालय, जोबनेर अन्तर्गत पाथरेड़ी में स्थित कृषि महाविधालय द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन किया गया। सात दिवसीय कैम्प का आयोजन दिनांक 20 मार्च से 26 मार्च तक किया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आशिष सिंह शेखावत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्यअधिकारी, कोटपूतली - बहरोड़ थें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. के.सी. शर्मा, निदेशक छात्र कल्याण, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के डीन डॉ. सुरेन्द्र सिंह मनोहर ने की। मुख्य अतिथि डॉ. शेखावत ने छात्र छात्राओं को स्वस्थ जीवन के गुर प्रदान किये तथा स्वस्थ रहने के लिये स्वस्थ आहार लेने के लिये कहाँ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. शर्मा ने कॉलेज में खेलकुद सुविधाओं के विकास हेतु मदद का आश्वासन दिया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना में सेवा, सर्मपण व सामाजिक समरसता के महत्व कोसमझाया। कालेज के डीन डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने बताया कॉलेज की गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा कॉलेज को ग्रीन व जीरो एर्नजी केम्पस बनाने की बात कही। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. प्रवीण पिलानिया ने सात दिवसीय केम्प में आयोजित की गई गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान, योगा शिविर, खेलकुद प्रतियोगिता, महिला सशक्तिकरण, रोड़ सुरक्षा, वृक्षारोपण व सामाजिक कुरितियों पर नुक्क्ड नाटक आयोजित किये गये व जल दिवस पर पाथरेडी गाँव में रेली निकाल कर जल बचाने का संदेश दिया गया।डॉ. शिवांगी भटट, सहायक आचार्य ने छात्रों को भाषा के सम्पूर्ण व्यावाहरिक ज्ञान पर व्याख्यान दिया। वेदिता तंवर, डिप्टी मैनेजर, कृषि बीमा, कोटपूतली ने महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशिला ऐचरा व हेमलता पचार, द्वितीय वर्ष छात्रा ने किया। डॉ.डी. के. बैरवा ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर, डॉ. पार्वती दीवान, डॉ. विष्णु मीना, डॉ. नीरज मीना, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. ओमेश कुमार, डॉ. प्रवीण हटवाल, दीपक सैनी, दूल्लाराम, कुन्दन मीना, सुमन, सचिन कुमार, सुनील, रविन्द्र इत्यादि उपस्थित थे।

## 200 जरूरतमंदों को बांटी खाद्य सामग्री

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** लाईफ प्रोग्रेसिव सोसायटी उदयपुर और सहार चेरिटेबल फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में 200 जरूरतमंदो परिवारों,विकलांग बेवा,बेसहारा,और बीमार को जमात खाना रंगरेजान, दरखान वाडी मस्जिद उदयपुर में खाद्य सामग्री इफ्तियारी के बाद बांटी गई। जिसमें 350 लोगो से ज्यादा रोजदार थे,मौलाना आस मोहम्मद ने फातिहा लगा कर सबके के लिए दुआ और हमारे वतन भारत की खुशहाली अमन चौन की दुआ की। अध्यक्ष डॉ खलील अगवानी ने बताया कि इस बार सभी की आयु 60वर्ष के ऊपर वालो की खाद्य सामग्री वितरण की गई। उदयपुर के आलावा महुवाड़ा,नाथद्वारा,राजनगर,गोगुंदा,फतेहनगर आस पास गांवो के जरूरतमंदो को भी खाद्य सामग्री बांटी गया। डॉ.खलील अगवानी ने बताया कि माह अप्रेल और मई में जिन लोगो की सामूहिक विवाह सम्मेलन जिनके प्लॉट है, उनको दिए जाऐंगे।

## भगतराज स्थितपार्क में लगेगा104 फुट ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज

### उपखंड मुख्यालय के कार्यालय में लगेंगे वाटर कूलर एवं सोलर सिस्टम- विधायक कोली

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजकीय कार्यालयों में निर्वाध रूप से विद्युत व्यवस्था का संचरण हो इसके लिए उपखंड अधिकारी कार्यालय सहित तहसील प्रसार पंचायत समिति परिसर सहित न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय में सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे आम जन के उपखंड स्तरीय कार्यालय में आगमन पर होने वाली परेशानी को देखते हुए 150 लीटर क्षमता वाले सौर ऊर्जा से संचालित आरो प्लांट लगाए जाएंगे। वर्तमान में मुन्सिफ़ एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस में संचाभगतराज स्थित इसके लिए भूमि निर्धारित हो चुकी है निर्माण बजट की स्वीकृति के लिए जल्द ही राज्य सरकार से मिलकर राशि स्वीकृत कराई जाएगी यह कहना



है स्थानीय विधायक बहादुर सिंह कोली का। विधायक कोली कस्बे के पारवाले हनुमान मंदिर पर दर्शन लाभ के साथ आमजन की खुशीयाली की कामना के लिए पहुंचे। जहां अधिवक्ताओं ने पहुंचकर अपनी समस्या राखी इस पर विधायक ने सकारात्मक प्रति उत्तर में क्षेत्र की समस्याओं का जल्द समाधान कराए जाने की बात कही।

**104 फुट ऊँचा लगेगा राष्ट्रीय ध्वज :** विधायक कोली ने बताया कि भगतराज स्थित नवनिर्मित पार्क में 104 फुट ऊँचाई का सौलर लाइट युक्त राष्ट्रीय ध्वज लगाया जायेगा, । अधिवक्ताओं को एक पेड माँ के नाम लगाने का दिया संदेश। इस अवसर पर सत्येंद्र पथैना, भाष्कर डम्पी पाण्डेय्, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्कर पाण्डेय्,पूर्व शहर अध्यक्ष खैम पाण्डेय्, एडवोकेट रमेश चन्द पाण्डेय्, ओमप्रकाश सिघल, रामेश्वर दयाल शर्मा, हेमसिंह पाण्डेय्, सुरेन्द्र चौधरी, धनेन्द पाण्डेय्, छोटेलाल मीणा, राजू सैनी, पवन तिवारी,सुशील पाण्डेय्, इन्द्रदत्त पाण्डेय्, महेश मीणा, विनोद शर्मा,राजेश पाण्डेय्, धर्मेन्द्र शर्मा सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में भरतपुर चलो का किया आव्हान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** 26/03/2025 को उपाध्याय पाड़ा स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई।

समस्त कार्यकर्ताओं को संबोधित कर बताया कि दिनांक 27/3/2025/ को राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के आगमन पर समस्त कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर यशस्वी मुख्यमंत्री जी के विकसित राजस्थान में सहभागी बनें एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें । मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में



दिनांक 25.03.2025 से 31.03.2025 तक विभिन्न समारोहों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 27.03.2025 को प्रात 11:00 बजे माननीय मुख्यमंत्री महोदय की गरिमामयी उपस्थिति में भव्य पुलिस परेड ग्राउंड भरतपुर में अंत्योदय एवं लाभार्थियों के साथ संवाद किया जाएगा।जिसमें सभी कार्यकर्ता एवं आमजन सादर आमंत्रित हैं। सभी के लिए नदबई शहर के प्रमुख- प्रमुख स्थानों पर बसों के माध्यम से सुविधाएं प्रदान की गई हैं। अशोक उपाध्याय, विजय शर्मा, धर्मेन्द्र भातरा,ओम प्रकाश सिनसिनवार, मुकेश अग्रवाल, दामोदर लाल शर्मा,प्रीतम सहगल, पप्पू चौधरी,विष्णुदत शर्मा, राजवीर सिंह, रोहित पिप्पल, नंदकिशोर खटीक, सुरेश जौहरी, विशम्बर शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## अन्त्योदय कल्याण समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अन्तर्गत अन्त्योदय कल्याण-समृद्ध राजस्थान की थीम पर अन्त्योदय कल्याण समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्यमंत्री, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक के मुख्य आतिथ्य में 27 मार्च को दोपहर 12 बजे रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में पुलिस परेड ग्राउंड भरतपुर में आयोजित होगा जिसका सभी जिलों में विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सजीव प्रसारण किया जाएगा।

## कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय सवाई माधोपुर द्वारा 27 मार्च को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय परिसर में कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की कम्पनी द्वारा मौके पर ही बेरोजगार युवकों का साक्षात्कार लेकर प्राथमिक चयन किया जाएगा।

## जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन

# जिले के किसानों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन का होगा आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( अमित शर्मा )।** राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन मेले का आयोजन नगर निगम स्थित महाराणा प्रताप सभागार में किया गया। इस मौके पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के किसानों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया गया।

**राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण :** कार्यक्रम के दौरान बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये अनुदान की स्वीकृति राशि का डीबीटी हस्तांतरण एवं किसान उत्पादक संगठन



(एफपीओ) के मेले का शुभारंभ किया। साथ ही, पॉली हाउस, सौर पंप, कृषि उपकरण, प्याज भंडारण, मधुमक्खी पालन इत्यादि हेतु 12 योजनाएं, बैल से खेती प्रोत्साहित करने हेतु योजना, किसान सम्मान निधि की राशि में 1000 रुपए की वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं की संख्या दोगुनी, पशुधन स्वास्थ्य हेतु निः शुल्क औषधियों व टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200 तथा मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा निर्देश भी जारी किए।

**जिले के किसानों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ :** इस दौरान जिले के 50 किसानों को वर्मी कंपोस्ट इकाई , तारबंदी योजना खेततलाई ,कृषि यंत्रों, पॉलीहाउस आदि के लिए 200 लाख की राशि का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम जिले के किसानों को किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सीईओ एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी , इंद्र सिंह संचेती अतरिक्त निदेशक कृषि, विनोद कुमार जैन संयुक्त निदेशक कृषि, महेश चेजारा संयुक्त निदेशक उद्यान, शंकर सिंह राठौड़ उपनिदेशक उद्यान सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन का होगा आयोजन :** राजस्थान दिवस समारोह की कड़ी में जिला स्तरीय गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन का आयोजन गुरुवार को दोपहर 12.00 बजे से किया जाएगा।

## क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाते तीन आरोपी गिरफ्तार

### 15 मोबाइल, 16 एटीएम कार्ड, 2.42 लाख रुपये नकद और एक दोपहिया वाहन बरामद



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा के भीमगंज थाना पुलिस ने क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 15 एंड्रॉयड मोबाइल, 16 एटीएम कार्ड, एक पीठू बैग, 2 लाख 42 हजार रुपये नकद और एक स्कूटी बरामद की गई। विशेष पुलिस टीम द्वारा जुआ-सट्टे पर अंकुश लगाने के लिए मुखबिर तैनात कर पूर्व में चालानशुदा व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। इसी दौरान 25 मार्च 2025 को रात 12.30 बजे सूचना मिली कि पोलिटेक्निक कॉलेज के पास, तिलकनगर में कुछ लोग ऑनलाइन सट्टा खेल रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि एक सुनसान स्थान पर एक स्कूटी के पास तीन लोग अंधेरे में मोबाइल पर व्यस्त नजर आए। घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी क्रिकेट मैच में सट्टे की खाईवाली और संभावनाओं पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग कर धोखाधड़ी कर रहे थे। वे अन्य लोगों के मोबाइल नंबर और एटीएम कार्ड का उपयोग कर अनुचित लाभ कमा रहे थे। सट्टे के भाव बताकर लोगों को दांव लगाने के लिए प्रेरित किया जाता था। सूचना और प्रौद्योगिकी के इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यमों का दुरुपयोग कर वे अपराध को अंजाम दे रहे थे। आरोपियों की तलाशी लेने पर 15 एंड्रॉयड मोबाइल, 16 एटीएम कार्ड, 2.42 लाख रुपये नकद और सट्टे में इस्तेमाल की जा रही एक स्कूटी बरामद की गई। इस मामले में प्रकरण संख्या 83/2025 धारा 112 (2), 318 (4) बीएनएस, 13 आरपीजीओ एवं 66ग, 66 (घ) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी :** योगेश धौबी पुत्र देबी लाल (25) निवासी आरसी व्यास कॉलोनी, थाना सुभाषनगर, भीलवाड़ा। तरुण समदानी पुत्र बाबू लाल समदानी (35) निवासी भवानीनगर, थाना भीमगंज, जिला भीलवाड़ा। वीरेन्द्र सिंह पुत्र भूपेन्द्र सिंह राठौड़ (30) निवासी विजय सिंह पथिकनगर, थाना सुभाषनगर, जिला भीलवाड़ा।

## जिला अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों का जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच)। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को बूंदी शहर का दौरा किया। उन्होंने जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति देखी और खेल संकुल में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर परिषद के नव निर्मित भवन का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली एवं जिला अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों के साथ ही नवल सागर झील का भी निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने मीरां गेट व महावीर कॉलोनी क्षेत्र में हो रहे जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति देखी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में लगी टीमों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य में गति लाएं। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले नाले के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी ना हो। साथ ही कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने खेल संकुल परिसर में संचालित तरणताल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि तरणताल का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जावें ताकि आमजन को गर्मियों में इसकी सुविधा का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निर्माणाधीन मल्टीपरपज हॉल के कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए गति बढ़ाई जावें एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जावें। उन्होंने कुंभा स्टेडियम के पास नगर परिषद के नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया और वर्तमान में पूर्ण हो चुके कार्यों के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा टाउन हॉल के निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने चित्तौड़ रोड़ पर चल रहे सीवरेज कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सीवरेज कनेक्शनों की संख्या बढ़ाई जावें साथ ही सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूर्ण कर लिए जावें। जिला कलक्टर ने पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिगत नवल सागर झील पर कराए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया।

## अवैध शराब भंडारण और बिक्री मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा के सुभाषनगर थाना पुलिस ने अवैध शराब के भंडारण और बिक्री के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 50 हजार रुपये कीमत की अवैध शराब बरामद की। सुभाषनगर थाना पुलिस की टीम और डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि छापरी चौराहे के पास एक लोहे की केबिन में अवैध रूप से शराब का भंडारण और बिक्री की जा रही है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर जमनालाल पुत्र रतनलाल सुवालका (27) निवासी कोदूकोटा, थाना सदर, जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया। पुलिस को मौके से बीयर किंगफिशर स्ट्रॉन्ग प्रीमियम 650 एमएल की 11 पेटियां मिलीं, जिनमें कुल 132 कांच की बोतलें थीं। इसके अलावा, अंग्रेजी शराब मैकडॉवेल नंबर 1 डिलक्स व्हिस्की 750 एमएल की तीन पेटियां और एक अतिरिक्त बोतल बरामद हुई। इन तीन पेटियों में कुल 37 बोतलें थीं। इसके अलावा, देशी शराब की अलग-अलग ब्रांड की चार पेटियां भी बरामद हुईं, जिनमें बीन्नी स्ट्रॉन्ग, बीन्नी सौफी, चिरमी सौफ और कच्चा नींबूड़ा स्ट्रॉन्ग ब्रांड शामिल थे। प्रत्येक पेटी में 48 पव्वे कांच के थे। जब आरोपी से शराब रखने का लाइसेंस और परमिट मांगा गया तो वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 140/2025 धारा 19/54 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## महावीर नवयुवक मंडल कपासन के अध्यक्ष पद पर राहुल जैन एवं मंत्री डॉ. अनिल बापना निर्विरोध निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** महावीर नवयुवक मंडल के चुनाव 2025 रविवार सांय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से संपन्न हुवे ।जिसमे अध्यक्ष पद पर राहुल जैन एवं मंत्री डॉ. अनिल बापना को निर्विरोध नियुक्त किया गया। जानकारी अनुसार जैन समाज के महावीर नवयुवक मंडल कपासन के चुनाव 2025 नगर के राजमार्ग स्थित दुर्गामाता मंदिर परिसर में निर्विरोध संपन्न हुवे ।जिसमें श्रवण संघ कपासन के पदाधिकारीयो द्वारा महावीर नवयुवक मंडल कपासन के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से राहुल जैन तथा मंत्री पद पर डॉ.अनिल बापना को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान मंत्री प्रकाश आंचलिया,कोषाध्यक्ष रूपलाल डांगी, शंकरलाल लोढ़ा,छीतरमल खाब्या,अनिल बाघमार,प्रदीप चंडालिया,हेमंत सिरोया,अनिल दूगड़, अविनाश दुग्गड़,अर्पित सांवला,कपिल बापना,सुनील लोढ़ा,रतन चंडालिया,आशीष आंचलिया,गजेंद्र ढीलीवाल,कैलाश चंडालिया सहित स्थानीय जैन समाज के गणमान्यजन एवं युवा वर्ग सहित महावीर नवयुवक मंडल नवयुवक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे ।इस मौके पर श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष एसपी सिरोया द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला एवं उपरना ओढ़ाकर अभिनंदन कर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी ।साथ ही आगामी चातुर्मास ऐतिहासिक व आध्यात्मिक बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## तीन संतान नियम संशोधन में विरोधाभास, कर्मचारी संगठन लामबंद

### राजस्थान मोटरवाहन दुर्घटना दावा प्राधिकरण कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन प्रस्तुत कर मांग की

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राजस्थान में राज्य कर्मचारियों पर 1जून 2002 के पश्चात दो से अधिक संतान अर्थात् तीसरी संतान होने पर पदोन्नति एवं चयनित वेतनमान का लाभ तीन वर्ष पश्चात स्वीकृत होता है यह नियम सिर्फ राजस्थान में ही कर्मचारियों पर लागू है जबकि अन्य किसी भी राज्य में लागू नहीं है। इस नियम को हटाकर जिन कर्मचारियों की पदोन्नति एवं चयनित वेतनमान (एसीपी) तीन साल देरी से स्वीकृत हुई है उन्हें पुनः समस्त आर्थिक लाभ निर्धारित तिथि से ही स्वीकृत करने बाबत नियमों में संशोधन बाबत कर्मचारी संगठन लंबे समय से मांग कर रहे हैं। हाल ही में इस नियम में संशोधन होकर राजपत्र में प्रकाशित हुआ है परन्तु इसका लाभ सिर्फ पदोन्नति में ही दिया गया है चयनित वेतनमान (एसीपी) में नहीं दिया गया है



जबकि पदोन्नति एवं चयनित वेतनमान एक दुसरे के पूरक हैं अर्थात समकक्ष है इससे जिन कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं होकर सिर्फ चयनित वेतनमान पर ही निर्भर रहना पड़ता है उनके लिए विरोधाभास उत्पन्न हो गया है सरकार का यह रवैया कर्मचारियों में विसंगति पैदा करना है जबकि पुर्व में ही कई वेतन विसंगतियां विद्यमान है इस बाबत राजस्थान मोटरवाहन दुर्घटना दावा प्राधिकरण कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष महबूब खान ने मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन प्रस्तुत कर मांग की है कि जिस प्रकार हाल ही में संशोधित तीन संतान नियम लाभ पदोन्नति में पुर्व में प्रभावित कर्मचारियों को दिया गया है उसी प्रकार चयनित वेतनमान पर दिया जावे। प्रदेशाध्यक्ष खान ने कहा कि पदोन्नति में तो इस नियम से वरियता प्रभावित हो रही है जिससे किसी भी तरह का वाद विवाद उत्पन्न होता है तथा माननीय उच्च न्यायालय अथवा सक्षम न्यायालय का दखल हो सकता है परन्तु चयनित वेतनमान में ऐसा नहीं है और ना ही किसी की वरियता प्रभावित होती है अर्थात् जिस मामले में कोई अड़चन नहीं हो उस पर सरकार द्वारा कर्मचारी हित में तुरंत सकारात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए। इस तरह के दमनात्मक नियमों को कर्मचारी हित में हटाना चाहिए तथा जिन कर्मचारियों को इस नियम से चयनित वेतनमान में पुर्व में आर्थिक नुकसान हुआ है।

## डमी फर्मों के माध्यम से पुरानी कारों की खरीद-बिक्री का छद्‌म कार बाजार बनाकर जाली बिलों से कर चोरी के आरोप में राजेश अग्रवाल गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राजेश अग्रवाल पुत्र केशर देव अग्रवाल निवासी जयपुर को डमी फर्म खोलकर मिथ्या आगत कर का लाभ लिये जाने एवं फेक इनवॉइस के माध्यम से मिथ्या आगत कर पास ऑन करवाने के आरोप में वाणिज्य कर विभाग के वृत-सी, प्रवर्तन शाखा-तृतीय, जयपुर ने गिरफ्तार किया है। राजेश अग्रवाल ने स्वयं के नाम पर पंजीकृत फर्म ऑटो जंक्शन के अतिरिक्त परिवारजनों के नाम पर संचालित फर्मों में एक लिमिटेड कम्पनी के ऐप पर ओएलएक्स, कार देखो आदि वेबसाइट पर बिक्री हेतु डाली गयी कारों, आरटीओ एजेंटों के माध्यम से बिकी हुई कारों अथवा रास्ते में चलती हुई कारों की डिटेल विभिन्न बिजनेस लॉगिन आई .डी बनाकर अपलोड़ कर दी जाती थी जिसके एवज में कमीशन प्राप्त किया जाकर मिथ्या आगत कर का लाभ पहुंचाया एवं कमीशन प्राप्त किया जाकर करापवंचन किया। इसके अतिरिक्त उसने उसकी फर्म में कार्यरत जरूरतमंद व्यक्तियों/कार्मिकों को लोन इत्यादि दिलवाने का लालच देकर उनके आधार कार्ड एवं पैन कार्ड का दुरूपयोग कर वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत डमी फर्म बना कर मिथ्या आगत कर का लाभ पहुंचाया जाकर कमीशन प्राप्त किया। राजेश अग्रवाल इन डमी फर्मों के खातों का संचालन भी खुद ही करता था। इन डमी फर्मों के खातों में प्राप्त कमीशन की राशि को राजेश अग्रवाल स्वयं अथवा परिवारजनों के खातों में स्थानान्तरित कर देता था। अद्यतन जांच के अनुसार श्री राजेश अग्रवाल ने परिवारजनों एवं अन्य डमी फर्मों के माध्यम से लगभग 86 करोड़ रूपये से अधिक के फेक इनवॉइस प्राप्त किये एवं 15 .54 करोड़ रूपये का मिथ्या आगत कर क्लेम किया तथा बाद में लगभग 92 करोड़ से अधिक के फेक इनवॉइस के माध्यम से 16 .65 करोड़ रूपये कर राशि को पास ऑन भी किया।

## संगम विश्वविद्यालय का ग्यारवाह दीक्षांत समारोह संपन्न, गोल्ड मेडल पाकर आनंदित हुए विधार्थी, लड़कियों ने मारी बाजी

### अविस्वरणीय पल में 661 विद्यार्थियों ने प्राप्त की डिग्री

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** स्थानीय संगम विश्वविद्यालय में 25 मार्च को ग्यारवाह दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता श्री रामपाल सोनी,चेयरमैन,संगम समूह, मुख्य अतिथि प्रो. शैलेंद्र सराफ - निदेशक राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान अहमदाबाद,विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर प्रदीप कुमार जोशी,पूर्व चेयरमैन यूपीएससी एवं चेयरमैन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नई दिल्ली,प्रो पी के सिंह,डायरेक्टर आईआईएम त्रिचि रहे ।विश्वविध्यालय के कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ने बताया की ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में कुल 41 पीएचडी की डिग्री,27 टॉपर्स को गोल्ड मैडल, यू जी, पीजी डिग्री सहित कुल 661 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई ।रजिस्ट्रार प्रोफेसर राजीव मेहता ने सर्वप्रथम सभी छात्र छात्राओं को सत्य,निष्ठा,ईमानदारी की शपथ दिलाई। कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ने विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा उन्होंने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक,शोध ,खेलकूद ,एनसीसी एनएसएस आदि उपलब्धियां के बारे में सभा को अवगत कराया। मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि प्रो. शैलेंद्र सराफ -



निदेशक राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान अहमदाबाद,मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रदीप कुमार जोशी,पूर्व चेयरमैन यूपीएससी ने सभी डिग्री लेने आए छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। दीक्षांत भाषण में अतिथि प्रोफेसर प्रदीप कुमार जोशी,पूर्व चेयरमैन यूपीएससी एवं चेयरमैन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बदलते हुए युग में युवाओं को तैयार रहने के लिए कहा ।नवीन आईटी तकनीक,राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर अपने विचार रखे ।अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री रामपाल सोनी ने सभी विद्यार्थियों को कहा कि विद्यार्थियों को तकनीक तथा समय के अनुसार अपने आप को परिवर्तित करना चाहिए तथा अपने मूल सिद्धांतों को हमेशा याद रखना चाहिए, उन्होंने सफल आयोजन के लिए संगम विश्वविद्यालय परिवार का सक्सेना का धन्यवाद ज्ञापित किया ।इस अवसर पर आईडीपी, कॉम्पेंडियम,संगम उत्कर्ष,प्रतिबिंब, एलोक्वेंट आदि का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। प्रो वीसी प्रोफेसर मानस रंजन पाणिग्रही ने सभी अतिथियों,विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।इस अवसर पर संगम ग्रुप के वाइस चेयरमैन डॉ एसएन मोदानी,मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग सोनी,एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर वीके सोडाणी, आदि उपस्तीथ थे। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर जग भूषण शर्मा ने परीक्षा एवं डिग्री के बारे में बताया कि इस बार डिग्री में विभिन्न सिक्योरिटी डिजिटल फीचर उपलब्ध कराए गए है ।संचालन डा सीमा काबरा, डा अनुराग शर्मा द्वारा किया गया ।जनसंपर्क अधिकारी डा राजकुमार जैन ने बताया की दीक्षांत कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों को एनसीसी गार्ड दिया गया तथा प्रोसेशन के साथ कार्यक्रम स्थल तक लाया गया ।समारोह के संयोजक प्रो विनेश अग्रवाल ने सफल आयोजन केलिए टीम सदस्यों का आभार जताया ।गोल्ड मेडल में इस बार लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी है।

## तस्करी में जब्त वाहनों का नीलामी द्वारा किया निस्तारण

### 30 वाहनों का खुली बोली द्वारा किया विक्रय

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन व पुलिस मुख्यालय के निर्देशों की पालना में जिले के विभिन्न पुलिस थानों में मादक पदार्थों की तस्करी में जब्त किए गए वाहनों का बुधवार को निम्बाहेड़ा के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति द्वारा नीलामी कर निस्तारण किया गया। मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तस्करों से जब्त किए गए 30 वाहनों को पुलिस द्वारा खुली बोली लगा नीलाम किया गया। 09 दोपहिया, 19 चौपहिया व 2 भारी वाहन की नीलामी हुई, इस नीलामी प्रक्रिया में सरकार को करीब 41 लाख रुपये का राजस्व हुआ ।पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिला अफीम का बृहद उत्पादन क्षेत्र होने व राज्य की सीमा से लगा होने के कारण मादक पदार्थों की तस्करी इसी रूट से होकर निकलने की वजह से जिले के कई थानों में मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल वाहनों को माल के साथ जब्त किया गया है। उक्त जब्त वाहनों से जिले के थाने के माल खाना भरे पड़े हुए हैं, थानों में अन्य वाहनों के रखने की व्यवस्था नहीं होने की वजह से उन्हें नियमानुसार निस्तारण किया जाना हैं। भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन की अनुपालना व पुलिस मुख्यालय राजस्थान के निर्देशों पर जिला चित्तौड़गढ़ में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में जब्त ऐसे वाहन जिनका न्यायालय द्वारा निर्णय हो चुका हो अथवा भौतिक सत्यापन किया गया हो, ऐसे वाहनों के प्रस्ताव पुलिस थानों से मंगवा कर कार्यालय की एमओबी शाखा के प्रभारी गोविंद कुमार, एएसआई मनोज कुमार व स्टाफ एवं लेखा शाखा के सहायक लेखाधिकारी सागर गिरी गोस्वामी व कर्मचारियों द्वारा वाहनों को खुली बोली लगाकर नीलाम किया गया। वाहनों की नीलामी के लिए पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की अध्यक्षता में पाँच सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई, जिसमें एएसपी सरिता सिंह, अपराध सहायक जोधाराम गुर्जर, सहायक लेखा अधिकारी कैलाश भराडिया व परिवहन निरीक्षक सतीश मीणा आदि उपस्थित थे। जिन्होंने खुली बोली लगवा कर वाहनों की नीलामी करवाई।

उक्त नीलामी में जिला चित्तौड़गढ़ के अलावा जिला उदयपुर, भीलवाड़ा, जोधपुर, केकड़ी व मध्यप्रदेश तक के बोलीदाता शामिल हुए। एनडीपीएस एक्ट में जब्त 30 वाहनों को बुधवार को खुली बोली द्वारा नीलामी की गई। जिनमे सभी 30 वाहनों को उच्चतम बोली द्वारा स्वीकार किया जाकर बोली दाता को अग्रिम कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। 03 वाहनों की बोली नहीं लग पाने की वजह से उन्हें लंबित रखा गया।

# शैक्षणिक संस्था ट्राईओम परिवार की ओर से शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा

## ट्राईओम शैक्षणिक संस्था अपने सफलता पूर्वक 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष पर करवा रही है यह कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान




**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** स्थानीय शैक्षणिक संस्था ट्राईओम इंस्टीट्यूट देवली ने अपने गौरवशाली 10 वर्ष पूरे करने के इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन रखा है। इंस्टिट्यूट के निर्देशक राहुल ने जानकारी में बताएं कि ट्राई ओम शैक्षणिक संस्था अपने सफलता पूर्वक 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष पर स्थानीय केशव ब्लड बैंक के सहयोग से 28 मार्च शुक्रवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन करवा रही है। यह रक्तदान शिविर शहर के गौरव पथ स्थित ट्राईओम इंस्टिट्यूट संस्थान की मुख्य बिल्डिंग में प्रात: 10 बजे से 4 बजे तक जारी रहेगा । संस्थान के निर्देशक राहुल ने यह भी बताया कि । इस शिविर का उद्देश्य केवल जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और रक्तदान के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। तो वहीं रक्तदान महादान के इस अवसर हेतु शिविर के आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील की है। साथ ही शिविर में आयोजन द्वारा रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान भी किया जाएगा। और उचित स्वास्थ्य कैसे बना रहे चिकित्सकों द्वारा यह परीक्षण भी दिया जाएगा। ट्राईओम के निदेशक ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। यह एक ऐसा कार्य है जिससे किसी भी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति की जिंदगी बचाई जा सकती है। इस पर ट्राई ओम परिवार ने रक्तदान दाताओं से अपील की है कि। इस पुनीत कार्य में रक्तदान दाता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर हिस्सा लेते हुए जरूरतमंद पीड़ितों को राहत पहुंचने जैसा पुनीत कार्य कर मानवता का कर्तव्य निभाएं सकते हैं।

# किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम में अन्नदाताओं को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ, खिले चेहरे

## अन्नदाता किसान विकसित तो देश-प्रदेश विकसित और खुशहाल - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान देश एवं प्रदेश की आत्मा है। अगर किसान विकसित होगा तो देश-प्रदेश विकसित एवं खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का सपना सिर्फ 'कृषि विकास' ही नहीं 'कृषि गौरव' है। हम चाहते हैं कि राजस्थान का किसान देश में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में आदर्श बने। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़ें जिससे वे लाभ की खेती कर खुद को सशक्त बना सकें।

शर्मा बुधवार को बीकानेर में राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत आयोजित किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को राजस्थान दिवस तथा भारतीय नववर्ष 2082 की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है तथा प्रदेशवासी धूमधाम से राजस्थान दिवस मनाएं।




**जिला स्तरीय समारोह में लाभान्वित हुए किसान :** राजसमंद का जिला स्तरीय समारोह अणुव्रत विश्व भारती सभागार में आयोजित हुआ जहां बड़ी संख्या में जिलेभर से किसान पहुंचे। इस दौरान बीकानेर में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने किसानों को लाभार्थी पत्र वितरित किए। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**तपती धूप, कड़ाके की सर्दी, बारिश की बौछार में भी किसान खड़ा :** मुख्यमंत्री ने वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम किसानों के सम्मान को समर्पित है।

किसान सिर्फ खेती नहीं करते, वे जीवन की नींव रखते हैं। किसानों की मेहनत से ही भारत ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है तथा विश्व में हम एक अग्रणी कृषि शक्ति के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि किसान सूरज की तपती धूप, कड़ाके की सर्दी तथा बारिश की बौछार में भी खेतों में खड़े रहकर सिंचाई और रखवाली करते हैं। किसानों का यह त्याग और समर्पण अप्रतिम है।

**अन्नदाता किसान को मिली अनेक सौगातें :** किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम में राज्यभर के 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान हस्तान्तरण किया गया।

साथ ही, इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि में वृद्धि एवं मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके अलावा मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा भी बढ़ाया गया है।

# केशोरायपाटन क्षेत्र के किसानों ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर संभागीय आयुक्त से भेंट की

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन (नि.स.)।** शुगर मिल संयुक्त किसान समन्वय समिति के दर्जनों गांव के किसान प्रतिनिधियों ने युवा किसान नेता गिरिराज गौतम के नेतृत्व में संभागीय आयुक्त कार्यालय कोटा पहुंचकर संभागीय आयुक्त से भेंट की साथ ही किसानों की ओर से गेहूं की बालियां भेंट कर उनका स्वागत किया । क्षेत्र की सबसे प्रमुख मांग 22 वर्षों से बंद केशोरायपाटन शुगर मिल को पुनर संचालन एवं धान की फसल के लिए 1 जुलाई से नेहरू में पानी छोड़ने की मांग प्रमुख थी साथ ही क्षेत्र के किसानों की अन्य मांगे भी उसमें शामिल थी जिसमें बिजली के निजीकरण का विरोध जंगली एवं आवारा जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए ठोस नीति समय पर खाद एवं बीज की उपलब्धता चने की समर्थन मूल्य पर संपूर्ण खरीद सहित अन्य मांगे शामिल थी इस मौके पर किसान नेता पुष्प चंद गुर्जर, हरिशंकर नागर, शंकर नगर, जसविंदर सिंह जस्सा, निर्मल सिंह, जसपाल बल, सुखविंदर सिंह, लक्ष्मीनारायण मीणा, प्रेमराज गुर्जर, महावीर सुमन, नवदीप गुर्जर, गजानंद मीणा, बृजभान सिंह, पवन आर्य, धीरज शाक्यवाल, शुभम सैनी साथ रहे ।

# उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा गुरुवार को राजसमंद में

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा)।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा गुरुवार 26 मार्च को उदयपुर से प्रस्थान कर सुबह 11 बजे सर्किट हाउस राजसमंद पहुंचेंगे। तत्पश्चात वे 11:40 पर अणुव्रत विश्व भारती सभागार में गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन में शिरकत करेंगे। यहाँ से वे भीलवाडा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# कल होगी तराबीह मुकम्मल इस अवसर पर कुरआन के पाठ होंगे सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** शहर की अंसारी कॉलोनी स्थित अल अंसार मस्जिद के इमाम मुफ्ती फारूक लोहार नदवी ने कहा कि माहे मुबारक रमज़ान बड़ी रहमत और बरकत वाला महीना है। समाज के प्रवक्ता मोहम्मद इदरीस हारुण बताया कि जिसका आखिरी अशरा ( पूर्ण आहुति की और ) चल रहा है। जो कि जहन्नुम ( नर्क) से निजात की अशरा है। मुफ्ती नदवी अल फज्र रोजेदारों से मुखातिब थे।उन्होंने शबे क़दर की फजीलत बयां करते हुए कहा कि अल्लाह बेशुमार बंदों को नर्क के और आज़ाब से निजात फरमाता है। 27वीं 29वीं बरकत और अजमत वाली रातें हैं। जो हजार महीनों सेअफज़ल हैं। इस रात में आफताब तक खैरों बरकत नाज़िल होती हैं।और यह राते सलामती वाली रातें हैं। 27 को शब को सभी मस्जिदों में कुरआन के पाठ तराबीह के मुकम्मल होंगे।

# भेजी गई सामग्री की जांच करवाने व खेल सामग्री की जांच करवाने की मांग को लेकर शारीरिक शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ब्लॉक निवाई के अध्यक्ष संजयकुमार शर्मा के नेतृत्व में शारीरिक शिक्षकों ने उप जिला कलेक्टर सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपकर श्रेष्ठ मानकों पर आधारित खेल सामग्री उपलब्ध करवाने एवं भेजी गई सामग्री की जांच करवाने की मांग की है। अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा जारी टेंडर प्रक्रिया के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्पोर्ट्स किट हंसराज साइंटिफिक मेटल वर्क फर्म के द्वारा विद्यालयों में खेल सामग्री भेजी जा रही है। उक्त खेल सामग्री खिलाडियों के लिए किसी भी मानक पर उचित नहीं है। इसलिए इसकी जांच करवाने व श्रेष्ठ मानकों पर वर्णित खेल सामग्री खिलाडियों एवं विद्यालय को प्रदान करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष संजयकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष ललितकुमार बैरवा, कौशलकुमार चौधरी, सुभाष चौधरी, जगदीश चौधरी, सत्यनारायण खंगार, जंसीलाल गुर्जर, विनोद वर्मा व प्रेम चौधरी सहित कई शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।

# अनावश्यक गाँवो को नगरपालिका क्षेत्र में जोड़ना गाँवो और झालरापाटन दोनों के विकास को बाधित करेगा

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ (नि.स.)।** नगर कांग्रेस झालरापाटन एवं नगर पालिका कांग्रेस पार्षदों के द्वारा जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर झालरापाटन नगरपालिका क्षेत्र में परिसिमन प्रक्रिया में अनावश्यक जोड़े जा रहे माली पुरा,रिको आवसीय कॉलोनी, माधोपुर गाँवो को हटाने की माँग की गई पार्षद नदीम मंसूरी नें बताया की राज्य सरकार द्वारा नगरपालिका क्षेत्र में व्यवस्थित वार्डों के सीमांकन हेतु परिसिमन का अवसर दिया गया है जिसमे सभी वार्डों में एक निश्चित मतदाता संख्या निर्धारण के आधार पर वार्डों का सीमांकन करना है । परन्तु नगरपालिका झालरापाटन की जनसंख्या पहले ही पालिका क्षेत्र के मापदंडों के अनुरूप है तो इसमें मतदाता संख्या अनुसार सीमांकन में तो फेरबदल किया जा सकता है परन्तु क्षेत्रफल बढ़ाने की कहीं कोई आवश्यकता प्रतित नहीं होती है ऐसे में यह दुर्भावनावश लिया गया निर्णय साबित होता है जिससे झालरापाटन वासियों एवं ग्राम वासियों को नुकसान होगा मंसूरी नें बताया की नगरपालिका एक स्वायत्त संस्था है जिसको अपना बजट खुद एकत्रित करना होता है जिसकी वजह से इसमें बजट का आभाव बना रहता है ऐसी स्थिति में तीन अतिरिक्त अनावश्यक ग्रामीण क्षेत्रों के जनसुविधा कार्यों की जिम्मेदारी नगरपालिका को सम्भलाना झालरापाटन वासियों के साथ अन्याय होगा नगर कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रप्रकाश लाला राठौर नें बताया की रिको आवसीय कॉलोनी रिको द्वारा बनाई गई है जिसका पूर्ण राजस्व रिको विभाग द्वारा वसूला जा चूका है इस कॉलोनी की जनसुविधाओं की जिम्मेदारी भी रिको विभाग की ही बनती है इसको नगरपालिका क्षेत्र में शामिल कर इसकी जनसुविधाओं की जिम्मेदारी नगरपालिका पर डालना गैर लोकतान्त्रिक एवं गलत होगा क्योंकि नगरपालिका में मौजूद पैसा झालरापाटन वासियों की गाड़ी कमाई का पैसा है इसको अतिरिक्त जगह ख़र्च करना समस्त झालरापाटन वासिओं के हक के साथ अन्याय करना होगा ।

वरिष्ठ कांग्रेसी रुपसिंह राठौड़ नें आरोप लगाया की यह कार्य केवल थोड़ा सा राजनैतिक लाभ लेने के लालच में कुछ षड्यँत्रकारी राजनैतिक व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है जबकि इस निर्णय की वजह से झालरापाटन वासियों एवं ग्रामीणों दोनों को ही हमेशा परेशानी का सामना करना पड़ेगा इस पहलू पर विचार नहीं किया जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में नगर कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रप्रकाश लाला राठौर वरिष्ठ कांग्रेसी रुपसिंग राठौड़ युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विलसन सुमन पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुरेन्द्र हाड़ा पार्षद अशोक पुष्पद मंगल गुर्जर शकील नागौरी गीता कुमारी कमलेश कँवर कविता त्रिवेदी नदीम मंसूरी शंकर रेगर राजेश बैरवा मुकेश खामोरा नितिन सेठी योगेश रेगर आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे ।

# विज्ञप्ति विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** अखिल भारतीय छात्र निबंध प्रतियोगिता दिनांक 14 सितंबर 2024 को अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस के उपलक्ष पर रामलाल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विषय पर निबंध प्रतियोगिता में आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मऊ पूरा रावतभाटा की बहन गौरवी मीणा कक्षा सप्तम ब ने विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत में बाल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार ने खुशी व्यक्त कर बहिन के उज्जवल भविष्य की कामना की है । प्रधानाचार्य मुकेश कुमार वैष्णव ने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष हिंदी दिवस के उपलक्ष में पूरे देश भर में आयोजित की जाती है ।

# खरेटा रोड़ स्थित कंजोली का पुरा गांव में ने पति ने गृह क्लेश में आकर पत्नी की हत्या

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** खरेटा रोड़ स्थित कंजोली का पुरा गांव में मंगलवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। नशे की लत और घरेलू विवाद के चलते एक पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने डंडे से पीट-पीटकर पत्नी की जान ले ली और वारदात के बाद मौके से फरार हो गया।रात 2 बजे हत्या, सुबह पहुंची पुलिसमृतका की पहचान नरसो जाटव (32) के रूप में हुई है। वह हरि प्रसाद जाटव की पत्नी थी। घटना की सूचना पर बुधवार सुबह कोतवाली पुलिस, डीएसपी गिरधर सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी सुनीलाल और एएसआई दिनेश चंद मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।नशे की लत में की हत्यामृतका के ससुर सूरज मल ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा नशे का आदी है। रात को किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। गुस्से में आकर आरोपी ने डंडे से पत्नी के सिर पर वार कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।दो मासूम बच्चों की मां थी नरसोपुलिस ने शव को मॉर्च्युरी में रखवाया और एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं, जो अब बेसहारा हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही करौली के कोंडर से मायके वाले भी गांव पहुंच गए आरोपी फरार, पुलिस तलाश में जुटीहत्या के बाद से ही आरोपी पति फरार है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है और जल्द गिरफ्तारी की बात कह रही है। मामले की जांच जारी है। मेडिकल बोर्ड डॉ रामनरेश कुंभकार , डॉ राजपाल डॉ एसपी सोलंकी ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# सपा सांसद रामजीलाल के खिलाफ सांगोद में हुआ विरोध प्रदर्शन, संसद सदस्यता रद्द करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** सांगोद में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान के खिलाफ हिन्दू जागरण मंच व अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ता चैतन्य हनुमान जी के मंदिर परिसर पर एकत्रित हुए। यहां से कार्यकर्ता वाहनों से नारेबाजी करते हुए गांधी चौराहा होकर उपखंड कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाराज रामदास जी लटूरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे महापुरुषों का अपमान भारत का कोई भी नागरिक बर्दाश्त नहीं किया करेगा, इसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी, सांगोद को ज्ञापन देकर रामजीलाल सुमन के खिलाफ राष्ट्रदोह का मुकदमा दर्ज कर सांसद सदस्यता निरस्त करने की मांग की।

## महर्षि गौतम सेवा समिति जयपुर के चुनावः पंडित ताराचंद शास्त्री उपाध्यक्ष निर्वाचित

# सवाई माधोपुर के नागरिकों का आशीर्वाद सदैव बना रहे : शास्त्री

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** सवाई माधोपुर, हाउसिंग बोर्ड स्थित श्री महर्षि गौतम संस्थान द्वारा विगत दिवस महर्षि गौतम सेवा समिति जयपुर में नव निर्वाचित उपाध्यक्ष पंडित ताराचंद शास्त्री का अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर पंडित ताराचंद शास्त्री ने कहा कि उनका यह निर्वाचन सवाई माधोपुर के नागरिकों के आशीर्वाद एवं उनके स्नेह एवं प्यार में मिले मार्गदर्शन एवं राह की बदौलत प्राप्त हुआ है। आज जिन ऊंचाइयों की ओर मुझे आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है वह सवाई माधोपुर के नागरिकों का भरपूर आशीर्वाद ही है! साथ ही स्थानीय सर्व ब्राह्मण समाज एवं भगवान गौतम जी का भी इसमें प्रमुख आशीर्वाद शामिल है। वे चाहते हैं कि इस प्रकार का आशीर्वाद सदैव बना रहे। इस मौके पर पंडित ताराचंद शास्त्री का कोषाध्यक्ष डॉ विजय शंकर गौतम, संस्थान के अध्यक्ष पंडित संजय कुमार गौतम, मंत्री भवानी शंकर, कोषाध्यक्ष विक्रम, संयोजक पुरुषोत्तम, नरोत्तम, ओम प्रकाश, इंद्रजीत, प्रहलाद, जगदीश, सुनील कुमार , लक्ष्मी नारायण, हेमराज, द्वारा साफा एवं माला पहना कर सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि जोधपुर में हाल ही गुर्जर गौड ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय प्रधानमंत्री प्रद्युमन जोशी एवं समस्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा भी जयपुर टोंक रोड गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज समिति के उपाध्यक्ष पद पर पंडित ताराचंद शास्त्री विजय होने पर सम्मानित किया गया है।

# कन्या महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ छात्राओं ने जमकर किया विरोध प्रदर्शन

## आक्रोशित छात्राओं ने महाविद्यालय प्रशासन पर कार्रवाई करने का सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर आक्रोशित छात्राओं ने महाविद्यालय में महाविद्यालय प्रशासन व प्राचार्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी करके विरोध प्रदर्शन किया। छात्रा प्रियांशी, प्रिती, उर्मिला, रचना, टीना, मनीषा, पायल, एबीवीपी जिला संयोजक अजय डोई, अभिषेक चौधरी सहित कई छात्राओं ने बताया कि महाविद्यालय में कई विषयों के संकाय नहीं है। प्राचार्य समय पर नहीं आते है व कन्या महाविद्यालय में संचालित शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक ओर तो सरकार बालिका शिक्षा को लेकर गंभीर है जबकि कन्या महाविद्यालय में बालिका शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे कन्या महाविद्यालय में पढ रही छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड हो रहा है। उक्त मामले को लेकर छात्राओं ने उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय प्रशासन पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# नयी एंट्री!! हार्दिक पांड्या से तलाक के बाद अब आगे बढ़ी नताशा स्टेनकोविक

## जिंदगी में फिर से प्यार करने के लिए तैयार है एक्ट्रेस



शादी के चार साल बाद भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और अभिनेत्री-मॉडल नताशा स्टेनकोविक जुलाई 2024 में अलग हो गए। दोनों का एक चार साल का बेटा अगस्त्य है। काफी समय से खबरें आ रही है कि हार्दिक पांड्या किसी और को डेट करने लगे हैं। आरोप ऐसे भी लगे थे कि हार्दिक पांड्या ने अपनी पत्नी के साथ बेवफाई की थी लेकिन उन आरोपों की अभी तक पुष्टि नहीं हो सकी। लेकिन तलाक के बाद उनका एक ब्रिटिश सिंगर जैस्मीन वालिया के साथ नाम जुड़ा था। अब लगता है एक्स पत्नी नताशा स्टेनकोविक को भी किसी से और से प्यार हो गया है।

### नताशा स्टेनकोविक फिर से प्यार पाने के लिए तैयार

माना जा रहा है कि दोनों अपनी लाइफ में आगे बढ़ गये है। ऑलराउंडर के ब्रिटिश सिंगर जैस्मीन वालिया को डेट करने की अफवाह है, उनकी पूर्व पत्नी ने अब व्यक्त किया है कि वह फिर से प्यार में पड़ने के लिए तैयार हैं। बॉम्बे टाइम्स के साथ एक साक्षात्कार में, अभिनेत्री ने अपने चुनौतीपूर्ण वर्ष के बारे में खुलकर बात की और साझा किया कि वह इस अनुभव के माध्यम से समझदार हो गई हैं। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अच्छे और बुरे दोनों पलों ने उन्हें परिपक्व होने में मदद की है। उन्होंने कहा कि वह इस साल पेशेवर और अपने प्रेम जीवन में नए अनुभवों के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मैं इसके (प्यार में पड़ने के) खिलाफ नहीं हूँ। मैं जीवन में जो भी आता है, उसे स्वीकार करना चाहता हूँ। मेरा मानना है कि सही समय आने पर सही संबंध स्वाभाविक रूप से बनते हैं। मैं सार्थक रिश्तों को महत्व देती हूँ, जो विश्वास और समझ पर आधारित होते हैं। मुझे लगता है कि प्यार को मेरी यात्रा की प्रशंसा करनी चाहिए न कि उसे परिभाषित करना चाहिए।

### नताशा स्टेनकोविक ने कहा माफ करो, आगे बढ़ो

सर्बियाई अभिनेत्री ने असफलताओं से आगे बढ़ने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि जीवन हमेशा उम्मीद के मुताबिक नहीं होता है, लेकिन व्यक्तिगत विकास इस बात से आकार लेता है कि कोई ऐसी चुनौतियों का कैसे जवाब देता है। उनके अनुसार, असफलताओं को असफलताओं के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि ऐसे अनुभवों के रूप में देखा जाना चाहिए जो कुछ बेहतर करने की ओर ले जाते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दूसरों को गलत साबित करने की कोशिश करने से केवल व्यक्ति की शांति भंग होती है और यह इसके लायक नहीं है, उन्होंने कहा कि सबसे अच्छा तरीका है बस माफ कर दो और आगे बढ़ो।

### नताशा और हार्दिक ने साल 2020 में रचाई थी शादी

नताशा और हार्दिक, जिन्होंने 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान शादी की थी, ने महीनों की अटकलों के बाद पिछले साल जुलाई में अपने अलग होने की पुष्टि की। क्रिकेटर ने एक बयान में कहा, चार साल साथ रहने के बाद, नताशा और मैंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। हमने साथ मिलकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, और हमारा मानना है कि यह हम दोनों के लिए सबसे अच्छा है।

यह हमारे लिए एक कठिन निर्णय था, क्योंकि हमने साथ मिलकर आनंद, आपसी सम्मान और साथ का आनंद लिया और जैसे-जैसे हमारा परिवार बढ़ता गया। वे बेटे अगस्त्य के सह-पालन-पोषण के लिए भी काम कर रहे हैं।

# बड़े पर्दे पर दिखेगी सीएम योगी आदित्यनाथ की कहानी

## अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी का फर्स्ट लुक जारी, दमदार डायलॉग ने खींचा ध्यान







उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बायोपिक का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। 26 मार्च को सम्राट सिनेमैटिक्स ने अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी का पहला लुक जारी किया। यह मोशन पोस्टर योगी आदित्यनाथ की बदलती जिंदगी की एक झलक पेश करती है, जो उनके आध्यात्मिक और राजनीतिक मार्ग को आकार देने वाले फैसलों को दर्शाता है। इस फिल्म में योगी आदित्यनाथ के शुरुआती साल, नाथपंथी योगी बनने का उनका फैसला और उत्तर प्रदेश के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को बदलने वाले नेता के रूप में उनका विकास दिखाया जाएगा। यह फिल्म सम्राट सिनेमैटिक्स के बैनर तले ऋतु मेंगी ने प्रोड्यूस की है, जबकि इसका निर्देशन रवींद्र गौतम ने किया है। यह फिल्म शांतनु गुप्ता की बेस्टसेलिंग किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' से प्रेरित है। फिल्म में ड्रामा, इमोशन, एक्शन और बलिदान का शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा।

**अनंत जोशी ने निभाया योगी आदित्यनाथ की भूमिका :** फिल्म में अनंत जोशी ने योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाई है, जबकि परेश रावल, दिनेश लाल यादव निरहुआ, अजय मेंगी, पवन मल्होत्रा, राजेश खट्टर और गरिमा सिंह भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

**इसी साल रिलीज होगी फिल्म :** यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में इसी साल रिलीज की जाएगी, हालांकि अब तक इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

**इन राजनेताओं की जिंदगी पर भी बन चुकी हैं फिल्में :** यह पहली बार नहीं है कि किसी राजनेता की जिंदगी पर बायोपिक बनाई जा रही है। इससे पहले कई नेताओं की जिंदगी की कहानी को पर्दे पर दर्शाया गया है, जिनमें इंदिरा गांधी से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक का नाम शामिल है।

**इमरजेंसी :** हाल ही में फिल्म इमरजेंसी रिलीज हुई थी। इसमें कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी। खास बात यह है कि कंगना ने इस फिल्म के जरिए बतौर निर्देशक भी अपने करियर की शुरुआत की। कंगना के अलावा फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, विशाल नायर, मिलिंद सोमन और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी नजर आए।

**द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर :** 2019 में आई द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में अनुपम खेर ने मनमोहन सिंह का किरदार निभाया था तो वहीं सोनिया गांधी का रोल सुजैन बर्नर्ट ने निभाया। फिल्म में राहुल गांधी की भूमिका में अर्जुन माथुर और प्रियंका गांधी के रोल में अहाना कुमरा थे। यह फिल्म संजय बारू की किताब पर बनी थी।

**पीएम नरेंद्र मोदी :** पीएम मोदी की जिंदगी पर बनी फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। इसमें पीएम मोदी के चाय बेचने से लेकर प्रधानमंत्री बने तक के सफर को दिखाया गया है। विवेक ओबेरॉय ने इसमें नरेंद्र मोदी की भूमिका निभाई। इसका निर्देशन ओमंग कुमार ने किया था।

**थलाइवी :** थलाइवी साउथ की एक्ट्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के जीवन पर बनी है। इस फिल्म में कंगना रनोट उनके किरदार में नजर आई थीं।

**मैं अटल हूं :** फिल्म मैं अटल हूं देश के बड़े नेता अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर बनी है। इसमें उनके राजनीतिक सफर को दिखाया गया है। फिल्म में पंकज त्रिपाठी ने अटल का किरदार निभाया है।

# स्वरा भास्कर के नाम से किए गए फर्जी पोस्ट

## एक्ट्रेस ने खुद बताया सच, कहा- दक्षिणपंथी की तरफ से फैलाए जा रहे दोनों ट्वीट फेक

स्वरा भास्कर अक्सर अपने बयानों के कारण विवादों में फंस जाती हैं। यही वजह है कि उन्हें सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जाता है। हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक्ट्रेस के नाम से दो पोस्ट वायरल हो रहे थे। जिस पर अब स्वरा का रिएक्शन सामने आया है। एक्ट्रेस का कहना है कि यह दोनों पोस्ट उन्होंने शेयर नहीं किए हैं।



**स्वरा भास्कर के नाम से किए गए फर्जी पोस्ट :** स्वरा भास्कर के नाम से किए गए एक पोस्ट में विक्की कौशल और फिल्म छावा के मेकर्स पर नागपुर दंगे भड़काने का आरोप लगाया गया। तो वहीं दूसरी पोस्ट में कुणाल कामरा की तारीफ की और एकनाथ शिंदे के कार्यकर्ताओं की फटकार लगाई। वायरल पोस्ट में लिखा था, छावा फिल्म उकसावे वाली थी। विक्की कौशल और मेकर्स नागपुर दंगे के लिए जिम्मेदार हैं। फिल्म को बैन होना चाहिए। वहीं, दूसरे में लिखा था, कामरा का कॉमेडी शो एक आर्ट है।

**स्वरा ने फर्जी पोस्ट पर किया रिएक्ट :** स्वरा भास्कर ने वायरल पोस्ट का सच बताते हुए कहा कि यह पोस्ट उन्होंने शेयर नहीं किए हैं, ये फर्जी हैं। स्वरा ने एक्स पर लिखा, दक्षिणपंथी की तरफ से फैलाए जा रहे ये दोनों ट्वीट फर्जी हैं। इनमें से कोई भी ट्वीट मैंने नहीं किए हैं। प्लीज आप लोग अपने फैक्ट्स चेक कर लें। एक्ट्रेस ने फर्जी पोस्ट के कई स्क्रीनशॉट शेयर कर लिखा, बेवकूफ दक्षिणपंथी फिर से वही काम करने लगे हैं जो वो सबसे अच्छे से करते हैं- फर्जी फोटो और मीम्स फैलाना।

**विक्की कौशल की छावा की आलोचना की थी :** इससे पहले स्वरा भास्कर ने विक्की कौशल की फिल्म छावा को लेकर बात की थी। स्वरा ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर लिखा था, एक ऐसा समाज जो भगदड़ और मिस मैनेजमेंट, भयानक मौतों के बाद लाशों को बुलडोजर से उठाए जाने की बजाय एक फिक्शनल फिल्म में हिंदुओं के साथ 500 साल पहले हुई यातनाओं से ज्यादा क्रोधित है, ऐसी सोसाइटी दिमाग और आत्मा से मरी हुई है। स्वरा का यह ट्वीट सामने आते ही सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना की गई थी।

**फिल्म मिसेज फलानी में नजर आएंगी एक्ट्रेस :** वर्कफ्रंट की बात करें तो स्वरा भास्कर काफी समय से किसी फिल्म या शो में नजर नहीं आई हैं। शादी के बाद से ही वह फिल्मों में एक्टिव नहीं हैं। शादी से पहले साल 2022 में एक्ट्रेस फिल्म जहां चार यार और मीमांसा में नजर आई थीं। स्वरा अपकमिंग फिल्म मिसेज फलानी में नजर आएंगी। एक्ट्रेस को लोग तनु वेड्स मनु और वीरे दी वेडिंग जैसी फिल्मों से जानते हैं।

# हिना खान को सताता है कैंसर से मौत का डर? बोलीं- सब कुछ कर रही हूं लेकिन








हिना खान को लेकर अक्सर उनके फैंस चिंता में रहते हैं। वहीं, हिना खान भी उनके साथ अपनी कैंसर की जर्नी शेयर करती रहती है। हिना खान को खोने से जितना डर उनके परिवार को लगता है उतना ही डर उनके फैंस में भी देखा जाता रहा है। ये सब हम नहीं हिना ने खुद बताया है वहीं उन्होंने कैंसर से लगने वाले डर को भी जाहिर किया है। उन्होंने कहा है कि भगवान जो चाहता है वही होगा। हिना अक्सर वह अपने पोस्ट में अपना दर्द बयां भी करती रहती हैं। वह कैंसर को हराने के लिए एक फाइटर की तरह जंग लड रही हैं, लेकिन कभी-कभी वह हार मानती भी नजर आती हैं। इस बार भी उन्होंने कुछ ऐसा ही किया है जहां एक तरफ उन्होंने अपने फैंस की तारीफ की हैं वहीं वह कुछ ऐसा बोल गईं जिसकी शायद किसी ने उम्मीद नहीं की होगी।

**हिना खान ने कैंसर पर दी प्रतिक्रिया :** हिना खान ने पिंकविला से बातचीत की और साथ ही कई बातें भी बताई। उन्होंने कहा कि कैंसर होने के बाद मुझे पता चला कि लोग मुझसे कितना प्यार करते हैं। मेरे लिए व्रत रख रहे हैं, रोजे रख रहे हैं, हवन कर रहे हैं। हिना बोलीं, मैं ये सब बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बोल रही हूं। मेरे पास इन लोगों के वीडियोज आते हैं। वह मेरे लिए दुआएं कर रहे हैं। यहां तक कि कुछ लोगों ने मेरे नाम का हैंडपंप तक लगवा दिया है ताकि जितने लोग इससे पानी पिएं मुझे दुआ दें।

**हिना खान से फैंस करते हैं बेहद प्यार :** हिना ने आगे कहा, कई लोग ऐसे भी है जिन्हें मैं नहीं जानती। वह मेरे लिए साईं बाबा की विभूति भेज रहे हैं। मैं प्रतीक सहजपाल से कभी नहीं मिली। उसकी मां मेरी बेस्ट फ्रेंड बन गई हैं। पता नहीं कितने एक्टर्स के मां-बाप मुझसे बात करते हैं दुआएं देते हैं। मेरे लिए यही बहुत है। आगे हिना ने कहा, मैं अपने कैंसर से निजात पाने के लिए डॉक्टर्स की सलाह पर सब कुछ कर रही हूं, लेकिन अब भी अगर मुझे कुछ होता है तो ऊपरवाले की मर्जी होगी।

# मनोज भारतीराजा का 48 साल की उम्र में निधन

## हार्ट अटैक के कारण हुई मौत, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन समेत कई सेलेब्स ने शोक जताया



तमिल एक्टर और फेमस फिल्म डायरेक्टर भारतीराजा के बेटे और एक्टर-डायरेक्टर मनोज भारतीराजा का 48 साल की उम्र में निधन हो गया। एक्टर का निधन चेन्नई में मंगलवार शाम को कार्डियक अरेस्ट से हुआ।

**मनोज भारतीराजा का 48 साल की उम्र में निधन :** मनोज भारतीराजा के निधन की जानकारी साउथ एक्टर्स एसोसिएशन नादिगर संगम ने सोशल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। जानकारी के मुताबिक, 'डायरेक्टर भारतीराजा के बेटे मनोज भारतीराजा का हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया। कुछ दिन पहले उनकी बाईपास सर्जरी भी हुई थी।'

**तमिलनाडु के सीएम समेत कई नेताओं ने जताया शोक :** एक्टर मनोज भारतीराजा के निधन पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन समेत इंडस्ट्री के कई सेलेब्स ने भी शोक जताया है। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा- मनोज भारतीराजा ने अपने पिता के निर्देशन में बनी फिल्म ताज महल से पहचान बनाई। इसके बाद उन्होंने समुथिरम, एली अर्जुन, वरुशामेलम वसंतम जैसी फिल्मों में भी एक्टिंग की। इसके अलावा उन्होंने कई फिल्मों का डायरेक्शन भी किया। 'मैं भारतीराजा और उनके परिवार के सदस्यों और फिल्म इंडस्ट्री के उनके दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।' तमिल मनीला कांग्रेस के अध्यक्ष जी.के. वासन और तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने भी एक्टर के निधन पर शोक जताया है।

**सेलेब्स ने भी जताया दुख :** वहीं, एक्ट्रेस खुशबू सुंदर ने कहा, 'यह सुनकर शोक लगा कि मनोज अब हमारे बीच नहीं रहे। इतनी कम उम्र में उनका दुनिया से चले जाना दुखद है। भगवान उनके पिता थिरु भारतीराजा और उनके परिवार को शक्ति दे।

# पैरोडी सॉन्ग विवाद-कुणाल कामरा को दोबारा समन, पहले समन पर पेश नहीं हुए थे, 7 दिन का वक्त मांगा था



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग बनाने पर कॉमेडियन कुणाल कामरा को मुंबई की खार पुलिस ने बुधवार को दूसरा समन जारी किया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक ये समन क्ष्हस सेक्शन 35 के तहत भेजा गया है। पुलिस ने मंगलवार को भी कामरा को समन जारी किया था। उन्हें पूछताछ के लिए सुबह 11 बजे खार पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। हालांकि, कामरा के वकील ने 7 दिन का समय मांगा। लेकिन पुलिस ने मना कर दिया। इधर, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग बनाने पर कॉमेडियन कुणाल कामरा को अब जान से मारने की धमकी मिल रही है। सूत्रों के मुताबिक, कामरा को कम से कम 500 धमकी भरे कॉल आए हैं।

जिसमें लोगों ने उन्हें जान से मारने और टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी दी है। 36 वर्षीय स्टैंड-अप कॉमेडियन ने अपने शो में शिंदे के राजनीतिक करियर पर कटाक्ष किया था। कामरा ने फिल्म दिल तो पागल है के एक गाने की पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया। इस बीच कुणाल कामरा ने 25 मार्च को एक और नया पैरोडी सॉन्ग सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। हम होंगे कामयाब की लाइन को बदलकर उन्होंने हम होंगे कंगाल एक दिन कर दिया।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



जिस चीज को आप चाहते हैं, उसमें असफल होना, जिस चीज को आप नहीं चाहते उसमें सफल होने से बेहतर है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# विधानसभा में युवासंसद,राणा सांगा को गद्दार कहने का मुद्दा गूंजा

## छात्रों ने कहा- पुरुष पुजारी हो सकते हैं तो महिला क्यों नहीं?; आरक्षण जरूरतमंद को मिले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में बुधवार को राज्यस्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया गया। युवा संसद में 140 युवा अपनी बात रखेंगे। तीन युवाओं का राष्ट्रीय युवा संसद के लिए चयन किया जाएगा। देश के विकास में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए खेल मंत्रालय देशभर में इसका आयोजन कर रहा है।

युवा संसद में राणा सांगा को सपा सांसद रामजीलाल सुमन के गद्दार कहने का मामला गूंजा। झुंझुनू के कुलदीप सिंह ने कहा- हमारे देश की संसद में संविधान की रक्षा के 11 संकल्प लिए गए। उसी संसद में जब एक सांसद की तरफ से राणा सांगा को गद्दार कहा गया तो बड़ा दुख होता है। यह सुनकर हताशा होती है। हमारे संविधान के 11 संकल्प लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करेंगे। बांसवाड़ा की कनक उपाध्याय ने कहा- राजस्थान में पुजारियों के पद पर महिला पुजारी की नियुक्ति हुई तो उसका विरोध किया गया। महिला पुजारी परीक्षा पास करके आई थीं, सारी योग्यताएं पूरी कर रही थीं। पुरुष प्रधान समाज ने महिला पुजारी को निष्कासित किया, यह कहा गया कि पुजारी केवल पुरुष ही हो सकता है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को युवा संसद की शुरुआत की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा-इस सदन में आने के लिए पता नहीं कितनी मेहनत करनी होती है। कितने षड्यंत्र चलते हैं, तब जाकर मौका मिलता है।

### युवा संसद में विधानसभा स्पीकर की 3 बड़ी बातें...

- युवा राजनीति में भाग लें, लेकिन राजनीति मत करो। दोनों में अंतर हैं। सामने वाले को गिराकर आगे बढ़ूं, यह राजनीति अविश्वास ही पैदा करती है।
- नेहरू जब थे, तब श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मधु लिमये जैसे विपक्षी नेताओं को सुनते थे, उनके विचारों को सुनकर अच्छी चीजों को लागू करते थे। आज समय बदल गया है। अविश्वास हावी हो रहा है।
- आज संसद या देशभर की विधानसभा देखता हूं तो पीड़ा होती है। भ्रम फैलाना, जनता को प्रलोभन देकर किसी भी तरह सत्ता हासिल करने का वातावरण चिंता पैदा करता है।

### जूली बोले-कांग्रेस-बीजेपी वाले अपनी बात कहेंगे

जूली ने कहा- हमारे अलवर के सांसद रहे भंवर जितेंद्र सिंह जब केंद्रीय युवा मंत्री थे, तब भारत से चीन में युवाओं का डेलिगेशन गया था, उसमें मुझे जाने का मौका मिला। देश में भी कई जगह युवा संसद में जाने का मौका मिला। जूली ने कहा कि युवाओं को ज्यादातर घर के लोग राजनीति से दूर ही रखना चाहते हैं। युवा जब तक राजनीति में भागीदार नहीं होगा, राजनीति में नहीं आएगा, तब तक नए विचार राजनीति में कैसे आएंगे। कांग्रेस और बीजेपी अपनी बात कहेंगे, सुनने पर सब सही लगता है। ऐसा लगता है सब सही कह रहे हैं लेकिन आप रिसर्च करेंगे तब पता लगेगा कि सही रास्ता कौन सा है।



### टोंक के ऋषभ ने कहा- भ्रष्टाचार उजागर करने वाले पत्रकार की हत्या, क्या यही जीवन की कीमत?

युवा संसद में टोंक के ऋषभ ने मौजूदा हालात पर तीखे तंज कसे। ऋषभ ने कहा- हम धार्मिक स्वतंत्रता की बात करते हैं लेकिन आए दिन देश में धार्मिक दंगे हो रहे हैं। हम जीवन जीने के अधिकार की बात करते हैं लेकिन आए दिन युवा देशवासियों को कुचल रहे हैं और सजा के नाम पर हम उन्हें निबंध लिखने को दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा- हम बोलने की आजादी की बात करते हैं लेकिन कोई पत्रकार अगर भ्रष्टाचार को उजागर करता है तो उसे मौत के घाट उतार दिया जाता है।

### युवा संसद में गूंजा राणा सांगा को गद्दार कहने का मुद्दा

युवा संसद में राणा सांगा को सपा सांसद रामजीलाल सुमन के गद्दार कहने का मामला गूंजा। झुंझुनू के कुलदीप सिंह ने राणा सांगा के अपमान का मुद्दा उठाया।

कुलदीप सिंह ने कहा- हमारे देश की संसद में संविधान की रक्षा के 11 संकल्प लिए गए। उसी संसद में जब एक सांसद की तरफ से राणा सांगा को गद्दार कहा गया तो बड़ा दुख होता है।

यह सुनकर हताशा होती है। हमारे संविधान के 11 संकल्प लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करेंगे।

## सरकारी टीचर ने पेपर लीक कर बेटे-बहू को पढ़ाए थे

### जेईएन, कॉन्स्टेबल और एसआई भर्ती में मिलीभगत आई थी सामने; शिक्षा विभाग ने किया बर्खास्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पेपर लीक मामले में गिरफ्तार ग्रेड थर्ड टीचर राजेंद्र कुमार यादव को बुधवार को राजकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। राजेंद्र कुमार यादव की जेईएन भर्ती परीक्षा-2020 में मिलीभगत सामने आने के बाद एसओजी ने 20 फरवरी 2024 को गिरफ्तार किया था। शिक्षा विभाग ने यादव को उसी दिन सस्पेंड कर दिया था। इसके बाद राजेंद्र कुमार यादव की एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में भी मिलीभगत भई सामने आई थी। एसओजी की जांच में सामने आया कि जयपुर के झोटवाड़ा में कुमावत कॉलोनी में रहने वाले राजेंद्र कुमार यादव ने अपने बेटे और बहू को भी जेईएन और शिक्षक भर्ती का पेपर पढ़ाया था। अब जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) सुनिल कुमार सिंघल ने आदेश जारी कर उसे बर्खास्त कर दिया है। सिंघल ने आदेश में लिखा- जयपुर के खातीपुरा स्थित शहीद मेजर दिग्विजय सिंह सुमाल राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में पोस्टेड राजेंद्र कुमार यादव हाल निलंबित ने पेपर लीक करने जैसे अवैध और अनैतिक काम किया जो घोर अपराध की श्रेणी में आता है।

इनको अब आगे राजकीय सेवा में रखना अवांछनीय होगा। ऐसे में राजेंद्र कुमार यादव को राजस्थान सिविल सेवाएं नियम 1958 के नियम 19 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से राज्य सेवा से बर्खास्त किया जाता है।

## सस्ते कपड़े खरीदने के नाम लोगों से करते साइबर ठगी

### जयपुर में युवती से ठगे 6 लाख रुपए; इंस्टाग्राम-यूट्यूब से सीखा था तरीका

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** देशभर में 12 से ज्यादा साइबर ठगी करने वाले दो ठगों को जयपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये दोनों ठग पिछले 9 महीने से एक युवती के साथ साइबर ठगी कर 6 लाख रुपए ले चुके थे। मामला शहर के विद्याधर नगर थाना पुलिस का है। दोनों से पूछताछ में सामने आया कि इंस्टाग्राम औ यूट्यूब से ठगी का तरीका सिखा था। पुलिस ने सौरभ कासोटिया (22) और नेमीचंद (25) को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि इनके खिलाफ देशभर में 12 से ज्यादा मामले दर्ज है। ये आरोपी फर्जी सिम से ठगी कर उसे तोड़ दिया करते थे। दोनों ने ठगी के लिए इंस्टाग्राम पर जेजे कलेक्शन और कुर्ती हब के नाम से पेज बना रखा था। जहां कम रुपए में अच्छा मेटेरियल देने का लालच देकर ये पूरा स्कैम करते थे। एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि 24 मार्च को दया शंकर गुप्ता ने विद्याधर नगर थाने में उनकी बेटी के साथ हुए साइबर फ्रॉड की रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि 1 जुलाई 2024 को उनकी बेटी ने इंस्टाग्राम के एक पेज से 700 रुपए का कुर्ता ऑर्डर किया था।

इसके बाद धोखाधड़ी करने वाले बदमाशों ने जीएसटी चार्ज के नाम 1700 रुपए की मांग की। इसके बाद इन्होंने जुर्माना, कानूनी नोटिस और झूठे आरोप लगाकर धमकाना शुरू किया। झूठा दावा किया गया कि इन सब की वजह से उनके बेटे की मौत हो गई है।

## बालमुकुंद आचार्य ने निगम अधिकारियों को लगाई फटकार

### बोले- जमकर कर रहे भ्रष्टाचार, कमिश्नर ने कहा- दोषियों के खिलाफ लेंगे एक्शन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य बुधवार को क्षेत्र के दौरे पर निकले। इस दौरान पौंड्रिक उद्यान और जय निवास उद्यान के साथ ही स्मार्ट सिटी के कामकाज में मिली अनियमितताओं को लेकर नगर निगम अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। इसके बाद निगम कमिश्नर ने दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। दरअसल, बुधवार को हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट सिटी और नगर निगम हेरिटेज द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। जहां अनियमित देख उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

# राजस्थान में आज बारिश और आंधी का अलर्ट

## दिन की तेज गर्मी से मिल सकती है राहत, मार्च में ही 40 डिग्री पर पारा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में एक बार फिर मौसम परिवर्तन का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रदेश में सक्रिय हुए नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई है। वहीं, बुधवार (26 मार्च) जोधपुर और बीकानेर संभाग के कई जिलों में आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है। उधर, मौसम विभाग ने बुधवार से 28 मार्च तक प्रदेश के मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे कुछ इलाकों में मामूली बारिश के साथ तेज हवाओं का दौर देखने को मिल सकता है। इससे तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है।

### बाड़मेर सबसे गर्म रहा

मंगलवार को (25 मार्च) को प्रदेश के अधिकतम तापमान में 1 से 3.1 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। बाड़मेर जिला प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों में प्रदेश का मौसम साफ रहने के साथ ही सीमावर्ती जिलों में बादलों की आवाजाही देखने को मिल सकती है।

### जयपुर में साफ रहा मौसम

प्रदेश में पिछले 24 घंटे में अधिकांश शहरों में तेज धूप रही। जयपुर में मंगलवार को तेज धूप के साथ दिनभर आसमान साफ रहा। इससे दिन में अधिकतम तापमान बढ़कर 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसके साथ ही पिलानी में भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। चित्तौड़गढ़ में तापमान 40, डूंगरपुर में 39.6, जैसलमेर 38.6, बीकानेर में 39.2, जोधपुर में 38.4, और कोटा में 38.3 डिग्री सेल्सियस रहा।



### अगले 48 घंटों में एक बार फिर मौसम बदल सकता है

जयपुर मौसम के अनुसार राजस्थान की सीमावर्ती जिलों में आज से मौसम परिवर्तन का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रदेश में बीती रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। जिससे प्रदेश के जोधपुर और बीकानेर संभाग में 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा के साथ बादलों की आवाजाही देखने को मिल सकती है। इस दौरान कुछ स्थानों पर संभावना है जिससे अगले 48 घंटे में प्रदेश के तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। हालांकि जोधपुर और बीकानेर संभाग को छोड़ प्रदेश के अन्य संभागों में मौसम साफ रहेगा। जहां तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है।

## आरसीए में भाजपा नेताओं वाली कमेटी को नोटिस

### खिलाड़ियों के पैसों से महंगे फोन खरीदने और सूट सिलवाने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी पर शिकंजा कसता जा रहा है। एडहॉक कमेटी को अब राज्य सरकार ने नोटिस जारी कर पिछले एक साल में हुए खर्चों का ब्योरा मांगा है। आरोप है कि कमेटी पदाधिकारी अपने निजी खर्चों के लिए पैसों का इस्तेमाल कर रहे हैं। खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन ने बताया कि वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत मिली थी। इसलिए पूरे मामले की जांच करने का फैसला किया गया है।

उन्होंने कहा कि खर्चों की पूरी जानकारी मांगी गई है। वहीं नई कमेटी के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। वर्तमान की एडहॉक कमेटी का गठन एक साल पहले किया गया था। नीरज कुमार पवन ने कहा- हम यही कोशिश करेंगे कि जो भी सदस्य अब एडहॉक कमेटी में आए। वह अगले तीन महीने में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के लंबित चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करे, ताकि क्रिकेट की गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित की जा सकें।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- पेड़ काटना इंसान की हत्या से बदतर

## ताज महल के आस-पास 454 पेड़ काटे थे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना किसी इंसान की हत्या से भी बदतर है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर कोई दया नहीं दिखाई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आगरा के ताज महल के आस-पास अवैध रूप से काटे गए प्रत्येक पेड़ के लिए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाने को मंजूरी दी है। साथ ही जुर्माने के खिलाफ लगाई गई याचिका को खारिज कर दिया।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति संबंधित अधिकारी या संस्थान से अनुमति लिए बिना पेड़ नहीं काट सकता।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट एक याचिका की सुनवाई कर रहा था, जिसमें एक व्यक्ति ने पेड़ काटने पर जुर्माना लगाने पर जुर्माना और कार्रवाई न करने की मांग की थी।

### कानून और पेड़ों को हल्के में नहीं लिया जा सकता

बेंच ने सीनियर एडवोकेट एडीएन राव के सुझाव को स्वीकारा कि अपराधियों को यह स्पष्ट संदेश दिया जाना चाहिए कि कानून और पेड़ों को हल्के में नहीं लिया जा सकता और न ही लिया जाना चाहिए। कोर्ट ने अपने आदेश में इस बात का बेंचमार्क भी तय किया है कि ऐसे मामलों में कितना जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

### 454 पेड़ काटने पर प्रति पेड़ 1 लाख रुपए जुर्माना

न्यायालय ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट स्वीकार कर ली है, जिसमें शिव शंकर अग्रवाल ने पिछले साल काटे गए 454 पेड़ों के लिए प्रति पेड़ 1 लाख रुपए (कुल 4.54 करोड़) का जुर्माना लगाया



गया था। अग्रवाल का केस लड़ रहे सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने पीठ को बताया कि उनके मुवक्किल ने गलती स्वीकार कर ली है और माफी मांगी है।

साथ ही कोर्ट से जुर्माना राशि कम करने का आग्रह किया है, जिसे उन्होंने बहुत ज्यादा बताया है। मुकुल रोहतगी ने कहा कि अग्रवाल को उस जमीन पर नहीं, बल्कि पास के किसी स्थान पर भी पौधरोपण करने की अनुमति दी जानी चाहिए। कोर्ट ने जुर्माना राशि कम करने से इनकार कर दिया। पास के क्षेत्रों में पौधरोपण करने की अनुमति दे दी।

### क्या है ताज ट्रेपेजियम जोन?

ताज ट्रेपेजियम जोन उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल और अन्य विरासत स्मारकों के आसपास 10,400 वर्ग किलोमीटर का संरक्षित क्षेत्र है। इन ऐतिहासिक स्थलों को खतरे में डालने वाले प्रदूषण और पर्यावरणीय गिरावट को रोकने के लिए इसकी स्थापना की गई थी। अदालत ने 1996 में ज्ञर्ज़ में बड़े पैमाने पर पौधरोपण का निर्देश दिया था।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com